www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, शनिवार, 11 नवंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –207 । पृष्ठ –12 मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



कांग्रेस बताए, देश-प्रदेश के लिए क्या किया: तोमर — पृष्ठ 2
अभिमत ■ उत्पादकता बढ़ाने के लिए मूर्ति का गैर-उत्पादक सुझाव — पृष्ठ 6
■ जयशंकर ने ब्लिंकन से इजरायल-हमास युद्ध व हिंद-प्रशांत मुद्दों पर की चर्चा — पृष्ठ 7
मैक्सवेल के लिए पिछले कुछ दिन काफी व्यस्त रहे : विटोरी — पृष्ठ 8




## सुप्रीम कोर्ट की पंजाब के राज्यपाल को खरी-खरी

# आग से खेल रहे हैं आप, यह गंभीर मामला

**अमृतसर**, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब के राज्यपाल की तरफ से विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा हमारा देश तय परंपराओं पर चलता है और उनका पालन किया जाना जरूरी है। राज्यपाल की आलोचना करते हुए पीठ ने कहा विधेयकों को मंजूरी नहीं देकर आप आग से खेल रहे हैं और विधानसभा सत्र बुलाने को असंवैधानिक करार दिया। लोकतंत्र के तहत मुख्यमंत्री और राज्यपाल को मिलकर काम करना चाहिए। पीठ ने कहा अगर राज्यपाल को लगता है कि कोई विधेयक गलत तरीके से पास हुआ है तो उन्हें विधेयक को विधानसभा अध्यक्ष को वापस भेजना चाहिए। पीठ ने राज्यपाल के वकील से पूछा अगर विधानसभा का कोई सत्र अवैध घोषित हो भी जाता है तो सदन द्वारा पास किया गया विधेयक कैसे गैरकानूनी हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की तरफ से पास बिल को इस तरह नहीं अटकाया जा सकता। आप यह नहीं कह सकते कि विधानसभा का सत्र ही गलत था। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब सरकार से पूछा कि विधानसभा के बजट सत्र की बैठक को स्थगित क्यों किया गया, अनिश्चितकाल के लिए सत्रावसान क्यों नहीं किया गया। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा कि हमारा देश



■ राज्यपाल की तरफ से विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी न देने पर जताई नाराजगी

स्थापित परंपराओं पर चल रहा है और उनका पालन किया जाना चाहिए। पंजाब में जो हो रहा है हम उससे खुश नहीं हैं, यह गंभीर चिंता का विषय है।

**क्या है विवाद**

पंजाब सरकार ने 19 और 20 जून को विधानसभा का सत्र बुलाया था। इस सत्र में एसजीपीसी संशोधन बिल, आरडीएफ फंड पेंडिंग, यूनिवर्सिटी चांसलर संबंधी विधेयक और पंजाब पुलिस एक्ट बिल पास हुए। हालांकि पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का कहना है कि पंजाब सरकार द्वारा जून में बुलाया गया विधानसभा सत्र असंवैधानिक है, इसलिए इस सत्र में किए गए काम भी असंवैधानिक हैं। इसके खिलाफ पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। सरकार का कहना है कि अभी सत्र का सत्रावसान नहीं हुआ है तो सरकार जब चाहे ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### लोगों को प्रदूषण से पीड़ित नहीं होने दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र और राज्यों से शुक्रवार को कहा कि इसके लिए वे दीर्घकालिक उपाय करें। दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि हम नतीजे देखना चाहते हैं। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने सरकार से पूछा कि पिछले 6 साल से आप क्या कर रहे थे। पीठ ने कहा कि वह लोगों को प्रदूषण से पीड़ित नहीं होने दे सकती। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि वह चाहती है कि खेतों में आग लगाने (पराली जलाने) से रोका जाए और पंजाब में चावल को प्रमुख फसल के रूप में प्रतिस्थापित करने के लिए उपाय किए जाएं। चावल के बदले को और फसल लगाने का विकल्प तलाशा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए तुरंत कई फैसले लेने होंगे। शुक्रवार को बारिश होने पर न्यायाधीश कौल ने कहा कि लोगों को सिर्फ प्रार्थना करना चाहिए कि बारिश होते रहे। कभी हवा चलने तो कभी बारिश होने से राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शायद भगवान ने लोगों की प्रार्थनाओं को सुना होगा इसलिए बारिश हो गई। इसमें सरकार का कोई योगदान नहीं है।

# कांग्रेस जो कहती है वह करती भी है : भूपेश



### कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश के लिए मुख्यमंत्री ने मांगा वोट

**बलौदाबाजार/बिलाईगढ़**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के तहत बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के पक्ष में प्रचार करने एवं मतदाताओं से कांग्रेस पार्टी के लिये वोटों की अपील करने गुरूवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुहेला के 21 दुर्गा मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करती है। सुहेला में तहसील कार्यालय हमने खोला, कुम्हारी बांध में पानी लाने का काम शुरू हो चुका है। सरकार बनने पर फ़िर से न केवल किसानों का कर्ज माफ करेंगे बल्कि महिला स्वयं सहायता समूहों और ट्रांसपोर्टरों का भी कर्ज माफकरेंगे। 3200 रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी भी करेंगे।

हजारों की भीड़ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा के मुख्यमंत्री रमन सिंह की 2100 रूपये प्रति च्ंटिल में धान खरीदने की गारंटी नहीं चली अब सभी के खातों में 15 लाख रुपया डालने वाले नरेंद्र मोदी 3100 रूपये प्रति क्विंटल में धान खरीदने और प्रत्येक महिला को 1000 रूपये देने की गारंटी दे रहे हैं जो चलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जब हमने किसानों का 20 क्विंटल धान खरीदी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### किसानों का कर्जा व 200 यूनिट तक बिजली बिल होगा माफ़ : बघेल



**बागबाहरा।** स्थानीय रावणभांठा मैदान में आयोजित कांग्रेस पार्टी के चुनावी जनसभा को ठेठ छत्तीसगढ़ी भाषा में मज़किया करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कका अभी जिंदा हे, का बात के चिंता हे। इस बोली को सुनकर जनसभा में उपस्थित लोगों ने जमकर ठहाके लगाया। उन्होंने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव के पक्ष में कांग्रेस पार्टी को पंजा छाप में वोट देने हेतु प्रचार करने बागबाहरा पहुंचे थे। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग जनसभा में उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ में इस बार फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर पिछले साल की तरह इस साल भी किसानों का कर्जा माफ़ होगा। 200 यूनिट तक जलाने पर सभी लोगों के बिजली बिल माफ़ होंगे। महिला स्वसहायता समूह द्वारा लिए गए कर्ज भी माफ़ होंगे। प्रदेश के लोगों का सर्वांगीण एवं चहुमुखी विकास करने नए-नए योजनाएं लागू की जाएगी। ताकि लोगों को योजनाओं का भरपुर लाभ मिल सके। जनसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा, पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। तथा उन्होंने कहा कि रमन की गारंटी नहीं चली तो भाजपा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### 824 किमी की ऊंचाई से रोशन दिखा भारत

**नई दिल्ली।** प्रकाश के एक सूत्र में बंधी यह तस्वीर हमारे एकता के संदेश को और ताकत देती है, और यह कहती है कि हमारा रंग-रूप, धर्म-संप्रदाय और भौगोलिक स्थितियां भले अलग-अलग हों, पर हम एक हैं। 5 दिन चलने वाले दीपोत्सव से ठीक पहले इसरो ने रात की यह विशेष तस्वीर जारी की। दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई कोलकाता, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, जयपुर सहित देश के प्रमुख शहर राष्ट्रीय और कई छोटे कर और ग्रामीण इलाके नी से चमक रहे हैं। यह इन इलाकों के ज्यादा जनसंख्या पनत्व और प्रमुख गलियारों को सटीक तरीके से दर्शा रहा है।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 24 नवम्बर तक बढ़ गई है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को उन्हें पेश किया गया था। साथ ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक मानहानि केस में संजय सिंह को पंजाब के अमृतसर कोर्ट में पेश करने की इजाजत भी दी है।

### निष्कासन की सिफारिश पर महुआ हुईं खफा

**नई दिल्ली।** टीएमसी की फायरब्रांड नेता व लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में अब सीधे तौर पर संसद की आचार समिति पर हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मामले की जांच करने वाली लोकसभा की आचार समिति किसी कगारू कोर्ट से कम नहीं है।

### भारत को जल्द मिलेगा एमक्यू-9बी ड्रोन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ कई मुद्दों पर बात की। ऑस्टिन ने कहा, भारत को ड्रोन क्षमता जल्द से जल्द मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही

# अनुशासनहीनता के आरोप में बिलासपुर महापौर रामशरण पार्टी से निलंबित

**बिलासपुर**, 10 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बिलासपुर नगर निगम के महापौर रामशरण यादव को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैंदू के हस्ताक्षर से जारी पत्र में पार्टी संगठन के खिलाफ अनर्गल बात करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण कार्रवाई की गई है। 10 नवंबर को उनकी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता निलंबित की गई है।



गुरुवार को पूर्व विधायक अरुण तिवारी ने प्रेस कांफ्रेंस में अपने और महापौर रामशरण यादव के बीच हुई 19 मिनट की बातचीत का आडियो प्रसारित करते हुए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं पर टिकट वितरण में बड़े पैमाने पर पैसे के लेन-देन का आरोप लगाया था। आडियो प्रसारित करते हुए अरुण तिवारी ने यह भी दावा किया था कि आडियो में किसी तरह की कोई टैंपरिंग नहीं की गई है और इसकी पूरी जिम्मेदारी उन्होंने खुद ही ली थी। महापौर और उनके बीच प्रसारित आडियो में महापौर रामशरण यादव ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा पर टिकट वितरण में बड़ी राशि की डील का आरोप लगाते हुए यह भी कहते सुनाई दे रहे हैं कि प्रदेश प्रभारी बनने के लिए ऊपर पैसे देते हैं और छत्तीसगढ़ आने के बाद अपनी जेब भरते हैं। आडियो प्रसारित होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे गंभीरता से लेते हुए रामशरण ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# बेमचा भाठा मैदान में पीएम मोदी की चुनावी सभा 13 को



**महासमुंद**, 10 नवंबर (देशबंधु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्ष्मी पूजन के दूसरे दिन 13 नवंबर को बेमचा मैदान में चुनाव आमसभा को संबोधित करेंगे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वे सुबह 11 बजे के आसपास पहुंचेंगे। अधिकृत प्रोटोकाल 12 नवंबर को जारी होगा। पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधारी, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, शंकर अग्रवाल, चंद्रहास चंद्राकर ने बताया कि पीएम मोदी के आमसभा को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह तो है जनता में भी आपार उत्साह है और वे आमसभा की जानकारी ले रहे है। शंकर अग्रवाल ने बताया कि मोदी की जनसभा में 8 विधानसभा के करीब 75 हजार जनता शामिल होंगे। आमसभा को भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में आपार उत्साह है। अब नइ सहिबो बदल के रहिबो का परिवर्तन का नारा बेमचा मैदान से लहर के रूप में पूरे क्षेत्र में फैलेगा। सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि बालोद की जनसभा में मोदी जी ने घोषणा किया था कि तीन जिले के पीछे मेडिकल कालेज देंगे। उनका कहा महासमुंद जिले में सकार हुआ है और यहां मेडिकल कालेज में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक, पायलट ने सभा स्थल पर उतारा हेलीकॉप्टर, मचा हड़कंप

**रायपुर**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सभा में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में हुई चूक की वजह से हड़कंप मच गया। मुख्यमंत्री यहां कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में आमसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। लेकिन इस दौरान पायलेट ने निर्धारित जगह की बजाय सभास्थल के बिल्कुल करीब ही हेलीकॉप्टर को उतार दिया। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने आनन-फानन में व्यवस्था कर सुरक्षित मुख्यमंत्री को सभा स्थल तक पहुंचाया। गनीमत रही की लैंडिंग के दौरान कोई चूक नहीं हुई वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के मुताबिक, बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पवनी स्कूल मैदान में सभा स्थल पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा के नजरिये से मोर्चा संभाला। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए हेलीपैड तैयार किया गया था। ये हेलीपैड सभास्थल से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर बनाया गया था। हेलीपेड पर हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के लिए इंडिकेटर के तौर पर स्मोक भी जलाया गया था, लेकिन पायलट की चूक की वजह से हेलीकाप्टर की लैंडिंग वहां नहीं हो सकी। बिलाईगढ़ के एसपी आशुतोष सिंह के मुताबिक पायलट को अक्षांश और देशांतर की वजह से कुछ गफलत हुई, जिसकी वजह से लैंडिंग वहां नहीं करायी जा सकी, जहां होनी चाहिये थी। हेलीकाप्टर की लैंडिंग नहीं होने की वजह से दुर्घटना के नजरिये से भी मामला तो संवेदनशील था ही, सुरक्षा के नजरिये से भी था। क्योंकि पुलिस बल हैलीपेट पर लगाया गया था, लेकिन वहां हेलीकाप्टर ने लैंड ही नहीं किया। जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस टीम ने उस स्थल को अपने घेरे में लिया, जहां मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर लैंड किया। कार्यकर्ताओं के बीच ही हेलीकॉप्टर की लैंडिंग करायी गयी।

## जशपुर के भाजपा प्रत्याशी रायमुनी भगत को आचार संहिता के उल्लंघन पर नोटिस



**रायपुर**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में 17 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होना है। चुनाव के मद्देनजर प्रदेश में राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने प्रचार में जुटी हुई है. । इसी बीच रिटर्निंग आफिसर ने जशपुर से भाजपा प्रत्याशी रायमुनी भगत को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में जवाब तत्काल प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए भाजपा प्रत्याशी रायमुनी भगत ने चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए वाहन और ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किय था। जिसके बाद उन्हें प्रशासन ने इसकी अनुमति दी थी। लेकिन रायमुनी ने इसके अलावा नुक्कड़ नाटक (सांस्कृतिक कार्यक्रम) आयोजित किया। जिसके लिए उन्होंने अनुमति नहीं ली थी। इसके बाद आयोग ने आदर्श आचार संहिता के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# जनगणना के मुद्दे पर नहीं बोलते मोदी : राहुल

**सतना/बड़वानी**, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग जारी है। कभी भाजपा की तरफ से नरेंद्र मोदी कांग्रेस पर हमला बोलते हैं, तो जवाब में कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी उन्हें अडानी के मामले में घेरते नजर आते हैं।

शुक्रवार को सतना में एक जनसभा में बोलते हुए उन्होंने भाजपा की केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि देश और राज्य की सरकार को अफसर चलाते हैं। जिस राज्य में भाजपा की सरकार है, उस राज्य में युवा बेरोजगार है। मध्य प्रदेश में ओबीसी की सरकार नहीं है, इस राज्य में ओबीसी की कोई भागीदारी नहीं है। मोदी जी हजारों करोड़ रुपए के हवाई जहाज में जाते हैं, करोड़ों रुपए का सूट पहनते हैं और कहते हैं कि



हम ओबीसी हैं। राहुल गांधी ने जातीय जनगणना पर भी भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जैसे हमने जातीय जनगणना की बात की है मोदी जी खुद को ओबीसी बोलने लगे पर जनगणना के मुद्दे पर वह बोलते हैं कि हिन्दुस्तान में कोई जाति नहीं है। नरेंद्र मोदी हर रोज कोई न कोई नया कपड़ा पहनते हैं और कहते हैं कि हम ओबीसी हैं।

**तोमर के बेटे पर ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं : राहुल**

राहुल गांधी ने जबलपुर में एक चुनावी सभा में कहा कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे का पैसे लेने का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें करोड़ों-अरबों की डील हो रही है, लेकिन ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स किसी ने भी कार्रवाई नहीं की। मोदी और सीएम शिवराज ने क्यों चुप्पी साध रखी है। राहुल गांधी ने मोदी पर आरोप लगाया कि मोदी चुनाव जीतने के लिए खुद को ओबीसी बताते रहते हैं, लेकिन जब पिछड़ों के अधिकार की बात होती है, तो वह साफ मुकर जाते हैं।

# नक्सलियों ने एनएमडीसी में डंपर में लगाई आग

**किरंदुल**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। दिन शुक्रवार शाम 4 बजे के आसपास एक बार फीर नक्सलियो ने बैलाडीला की पहाड़ियों मे अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए किरंदुल के डीपॉजिट 14 के वेस्ट डंपिंग एरिया मे नक्सलियो ने नये डंपर मे आग लगा दी जिससे डंपर का केबिन पूरी तरह नष्ट हो शुक्रवार सुबह ही नये डंपर का उद्घघाटन किया गया था जिसके बाद वेस्ट डंपिंग एरिया मे डंप करने के लिए ट्रायल चल रहा था तभी शाम को कुछ हथियार बंद नक्सली वहा पहुंचकर डंपर आपरेटर को उतार कर दुबारा इस क्षेत्र मे ना आने की चेतावनी देते हुए डंपर मे आग लगा दी जिसके बाद घटना की जानकारी मिलते ही सीआईएसएफ के जवान घटना स्थल पहुंच ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



**बदलाव** — गृह मामलों की स्थायी समिति ने धनखड़ को सौंपी रिपोर्ट

# आईपीसी, सीआरपी व साक्ष्य कानून में होंगे बदलाव

■ शीतकालीन सत्र में तीनों कानूनों को बदलने की है तैयारी

**नई दिल्ली, 10 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार आपराधिक और प्रक्रियात्मक कानूनों को बदलने की तैयारी कर रही है। शीतकालीन सत्र चार दिसम्बर से शुरू होने वाला है। इससे पहले तीन विधेयकों पर संसदीय समिति की रिपोर्ट राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपी गई।**

*शुक्रवार को गृह मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष बृज लाल ने संसद में धनखड़ से मुलाकात की। उन्होंने उपराष्ट्रपति सचिवालय में धनखड़ को तीनों विधेयकों पर रिपोर्ट सौंपी। बता दें कि सरकार ने ब्रिटिश हुकूमत के दौर में बने कानून- भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य कानून में बदलाव की पहल की है। बीते अगस्त में संसद के मॉनसून सत्र के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक पेश किया था। उन्होंने सभापति से विधेयकों में बदलाव की विस्तृत जांच के लिए इसे स्थायी समिति के पास भेजने का आग्रह किया था।*

***प्रस्तावित कानूनों से न्याय को प्रधानता***

*शाह ने आपराधिक न्यायशास्त्र को निर्देशित करने वाले वर्तमान कानूनों को औपनिवेशिक विरासत करार दिया था। ब्रिटिश राज का संदर्भ देते हुए उन्होंने जोर देकर कहा था कि फिलहाल जो कानून लागू हैं, ये सजा पर ध्यान केंद्रित करते हैं जबकि प्रस्तावित कानून न्याय को प्रधानता देते हैं।*

***समिति राज्यसभा सचिवालय के अंतर्गत***

*गृह मामलों से संबंधित स्थायी संसदीय समिति ने तीनों कानूनों में प्रस्तावित बदलाव की जांच के बाद तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट जमा कर दी। समिति राज्यसभा सचिवालय के अंतर्गत आती है। भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम को बदलने वाले विधेयकों में बदलाव इसलिए भी चर्चा में हैं, क्योंकि तीनों कानूनों को भारतीय आपराधिक न्यायशास्त्र की रीढ़ माना जाता है। इस महीने की शुरुआत में, संसदीय पैनल ने कई संशोधनों की पेशकश की। तीन रिपोर्टों को अपनाया था, लेकिन उनके हिंदी नामों पर कायम रहे, लगभग 10 विपक्षी सदस्यों ने असहमति नोट प्रस्तुत किए।*

## अरशद वारसी ने 'झलक दिखला जा 11' में जज बनने की बताई वजह

**मुंबई।** 'जॉली एलएलबी', 'मुन्ना भाई' फ्रेंचाइजी, 'सहर', 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा 11' में जज की कुर्सी पर बैठ गए हैं। अभिनेता ने अब शो में जज के रूप में काम करने के पीछे का कारण साझा किया है। अरशद ने अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत एक सेल्समैन के रूप में की और बाद में कुछ अन्य नौकरियां कीं। नृत्य में गहरी रुचि होने के कारण, अभिनेता के लिए जीवन में अन्य योजनाएं थी, मुंबई में अकबर सामी के डांस ग्रुप में शामिल होने से लेकर भरत दाभोलकर, अलीक पदमसी और फिरोज खान के नाटकों में नृत्य और कोरियोग्राफी तक, यह सब एक अभिव्यक्ति की तरह लग रहा था।

### दीपावली पर दीयों का महत्व


# दीया नए जीवनशैली की शुरुआत करने की प्रेरणा



**प्रयागराज,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। रोशनी के पर्व दीपावली पर दीयों का विशेष महत्व होता है। कुम्हार के चाक पर बनकर दीपावली के दिन यह दीये घर घर को रोशन करते हैं। यह दीये न केवल अंधकार पर उजाले की विजय मात्र का प्रतीक हैं बल्कि यह मानव की सुषुप्त चेतना को जगाने का भी प्रतीक हैं।

दीपावली पर दीयो के विशेष महत्व पर चर्चा करते हुए ज्योतिर्विद विकास त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि जिस प्रकार दीया के बुझने पर उसे फिर से ज्योति के लिए प्रकाशित किया जाता है उसी प्रकार जीवन में भूल को सुधारकर नए सिरे से उसे प्रगति का संकल्प लेकर आगे बढ़ना चाहिए। दीये का स्वभाव स्वत: जलकर दूसरों को प्रकाश देना है। भारतीय परंपरा हमारे वेद ज्ञान का स्रोतपूंज हैं। वेदों में अग्नि को देव रूप में माना गया है। अग्नि के तेज में देवताओं का निवास होता है। दीपक एकता का प्रतीक भी माना जाता है। यह किसी में भेद न कर समता को प्रदर्शित करता है।

त्रिपाठी ने बताया कि तन रूपी दीपक में मन रूपी बाती को स्थापित करके प्रेम रूपी घी से मानव जीवन और समाज को प्रकाशित करना यही दीपक का अर्थ है। अहंकार का त्याग कर हम जीवन की सत् मार्ग पर हो यही दीपक का सही मायने में अर्थ है।



**दीया मानव की सुषुप्त चेतना को जगाने का भी प्रतीक**

दीपक का प्रकाश नकारात्मक ऊर्जाओं को भी समाप्त करता है।

दीपावली पर्व की सार्थकता के लिए जरूरी है कि दीये बाहर के ही नहीं, दीये मन के भीतर भी जलने चाहिए। दीया कहीं भी जले, उजाला ही देता है। दीये का संदेश है- हम जीवन से कभी पलायन न करें, जीवन को परिवर्तन दें, और परिवर्तन जीवन के सार्थक विकास की मार्ग खोज लेती हैं।

त्रिपाठी ने बताया कि यह त्योहार अवगुणों और बुराई के प्रतीक राक्षस 'रावण' पर, पुरुषों की मर्यादा का सूत्रपात करने वाले प्रभु 'श्री राम' के द्वारा सत्य की विजय के रूप में लोकमानस का अंग बन चुका है। 'दीपावली' संस्कृत शब्द से व्युत्पन्न है, जिसका अर्थ है रोशनी की एक पंक्ति है। जब रावण पर विजय प्राप्त करके प्रभु श्री राम गृहनगर अयोध्या लौटे, तो पुरवासियों ने दीपकों से पूरे नगर को सजाया था, जो कालजयी परिघटना बन गई और उसी चिर स्मरण पर्व को अब तक भी परंपरा के रूप में मनाया जाता है।

दीपक का प्रकाश ज्ञान की तरह ही अपरिमित होता है और दीपावली पर दीया जलाना एक कालजयी परंपरा है, जिसमें रुई की बाती गूंथकर दीप प्रकाश से की जाने वाली वंदना, आह्वान और पूजन को धार्मिक एवं सांस्कृतिक दोनों रूप से महत्व दिया गया है। मिट्टी का दीपक पर्यावरण को भी सुरक्षित रखता है। यह मूलत: भारतीय उपमहाद्वीप का सर्वोच्च त्योहार है, जो अब समूचे विश्व की संस्कृति का अंग बन चुका है। भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक के रूप में भारतवंशी विश्व के कोने-कोने में फैल चुके हैं।

उन्होंने बताया कि दीपक अंधकार पर रोशनी का, अज्ञान पर ज्ञान और असत्य पर सत्य का प्रतीक है। अंधकार से घिरा हुआ आदमी दिशाहीन होकर चाहे जितनी गति करे, सार्थक नहीं हुआ करती। आचरण से पहले ज्ञान को, चारित्र-पालन से पूर्व सम्यक्त्व को आवश्यक माना गया है। ज्ञान जीवन में प्रकाश करने वाला होता है। शास्त्र में भी कहा गया- 'नाणं पयासयरं' अर्थात ज्ञान प्रकाशकर है। अंधकार हमारे अज्ञान का, दुराचरण का, दुष्ट प्रवृत्तियों का, आलस्य और प्रमाद का, बैर और विनाश का, क्रोध और कुंठा का, राग और द्वेष का, हिंसा और कदाग्रह का प्रतीक है।

# मानसिक रूप से कमजोर बच्चे बना रहे पर्यावरणमित्र मूर्तियां



**महोबा,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में दर्जनों की संख्या में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे इस दीपावली आम जनमानस को सुख, समृद्धि और यश-कीर्ति का उपहार दे रहे हैं। प्लास्टर आफ पेरिस और अन्य हानिकारक तत्वों से इतर यह लोग गाय के गोबर और मिट्टी से निर्मित दीये, गणेश-लक्ष्मी व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं को मूर्त रूप प्रदान कर लोगो को प्रदूषण रहित त्योहार मनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं।

बुंदेलखंड के महोबा में सामाजिक संस्था बुंदेलखंड सोसाइटी फार रूरल डेवलपमेंट का मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को हुनरबाज बनाने का प्रयास रंग ला रहा है। पर्यावरण प्रदूषण के खतरे के मद्देनजर लोगों को पारंपरिक संसाधनों व अपनी मिट्टी से जोड़ने के संस्था के प्रयास सार्थक हो रहे हैं। यही वजह है कि सोसाइटी द्वारा इन बालक.बालिकाओं को आवश्यक प्रशिक्षण देकर जिस प्रकार से हुनरबाज बनाया जा रहा है उसकी लोग तारीफ कर रहे है। इस दीपावली के त्योहार में बाजार में इन बच्चों द्वारा गाय के गोबर व मिट्टी से निर्मित दीपक, गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाओं और अन्य कलाकृतियों की धूम मची है। पर्यावरण को लेकर थोड़े से भी जागरूक लोग बच्चों की पहल को न सिर्फ सराह रहे है बल्कि उनके द्वारा तैयार सामग्री को बगैर कोई मोलतोल के खरीद कर उनका उत्साहवर्धन कर रहे है।

सोसाइटी फार रूरल डेवलपमेंट के निदेशक आकाश राय कहते है कि छोटे बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते है। उन्हें शुरुआत से ही उचित दिशा देकर समर्थवान बनाया जा सकता है। यद्यपि मानसिक रूप से कमजोर इन बच्चों के साथ मेहनत कुछ अधिक करना पड़ती है किंतु खेल-खेल में किसी भी कार्य के लिए उनमें उत्सुकता जगाई जा सकती है। महोबा में स्थित सोसाइटी की शाखा में मौजूद कोई दो दर्जन ऐसे बालक एवम बालिकाओं ने इस दीपावली पर दीपक, देव प्रतिमाओं और कलाकृतियों के निर्माण में खास रुचि दिखाते हुए भारी मात्रा में सामग्री तैयार की है, जिसे बाजार में बिक्री के लिए एक स्थान पर सजा कर लगाया गया है।



नई दिल्ली में धनतेरस के अवसर पर दुकान से सोने के आभूषण खरीदती महिलाएं। छाया : इम्तियाज खान

# कोविड से लड़ने में मदद कर सकते हैं नमक के पानी से गरारे

**न्यूयॉर्क,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि नमक के पानी से गरारे करने से श्वसन संबंधी लक्षणों में सुधार और कोविड से लड़ने में सहायता मिल सकती है। जिससे अस्पताल में भर्ती होने से बचा जा सकता है। इस साल कैलिफोर्निया में आयोजित अमेरिकन कॉलेज ऑफ एलर्जी अस्थमा एंड इम्यूनोलॉजी की वार्षिक वैज्ञानिक बैठक में प्रस्तुत किए जा रहे अध्ययन से पता चला कि गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोना वायरस 2 संक्रमणों में नियंत्रण की तुलना में कम और उच्च खुराक वाले सलाइन आहार दोनों ही अस्पताल में भर्ती होने की दर में कमी के साथ जुड़े हुए प्रतीत होते हैं।

टेक्सास विश्वविद्यालय की टीम ने 2020 और 2022 के बीच गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोना वायरस 2 संक्रमण के लिए सकारात्मक पीसीआर परीक्षण वाले 18-65 वर्ष की आयु के 58 व्यक्तियों को 14 दिनों के लिए कम या उच्च खुराक वाले सेलाइन आहार से गुजरने के लिए यादृच्छिक रूप से चुना।

उनकी तुलना 9,398 लोगों के एक संदर्भ समूह से की गई, जिन्हें कोविड था, लेकिन उन्हें गरारे करने या कुल्ला करने का निर्देश नहीं दिया गया था।

निम्न- (18.5 प्रतिशत) और उच्च- (21.4 प्रतिशत) सलाइन आहार में अस्पताल में भर्ती होने की दर संदर्भ जनसंख्या (58.8 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम थी। निम्न और उच्च-सलाइन आहार में अस्पताल में भर्ती होने की दरों में कोई अंतर नहीं था। विश्वविद्यालय से जिमी एस्पिनोजा ने कहा कि हमारा लक्ष्य कोरोनो वायरस संक्रमण से जुड़े श्वसन लक्षणों में सुधार के संभावित संबंध के लिए नमक के गरारे की जांच करना था। हमने पाया कि गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोना वायरस 2 संक्रमणों में नियंत्रण की तुलना में दोनों सलाइन आहार अस्पताल में भर्ती होने की दर को कम करते हैं। हमें उम्मीद है कि एसोसिएशन की आगे की जांच के लिए और अधिक अध्ययन किए जा सकते हैं।

नया अध्ययन पिछले छोटे अध्ययनों के सबूतों का समर्थन करता है जो बताते हैं कि नमक के गरारे से कोविड वायरल लोड को कम किया जा सकता है। जबकि, संक्रामक-रोग विशेषज्ञों ने निष्कर्षों की सराहना की है, उन्होंने कहा कि इसके लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है और इस बात पर जोर दिया कि गरारे करना कभी भी टीकाकरण या दवाओं के साथ उपचार के विकल्प के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।



# अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन का किरदार निभाएंगे बाल कलाकार व्योम ठक्कर



**मुंबई,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। बाल कलाकार व्योम ठक्कर आगामी शो 'अटल' में बाल अटल की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए साझा किया कि वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शुरुआती वर्षों को चित्रित करने के लिए रोमांचित हैं।

विभिन्न बाल कलाकारों के 300 से अधिक ऑडिशन से गुजरने के बाद, प्रोडक्शन टीम ने व्योम को यंग अटल के लिए चुना। जो देश के सबसे प्रमुख प्रधानमंत्रियों में से एक, दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के प्रारंभिक वर्षों को दर्शाता है। उसी के बारे में बात करते हुए व्योम ने कहा कि मैं हमारे दिवंगत प्रधानमंत्री के शुरुआती वर्षों को चित्रित करने के लिए रोमांचित हूं। मैंने केवल हमारे इतिहास की किताबों में और अपने माता-पिता से उनके बारे में सुना था, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि किसी दिन मैं उनके बचपन की भूमिका निभाऊंगा। मैं बहुत उत्साहित हूं और उतना ही आभारी भी हूं। भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन की जटिलताओं को उजागर करेगा, उन घटनाओं, विश्वासों और चुनौतियों पर प्रकाश डालेगा जिन्होंने उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में ढाला। सात साल की छोटी उम्र में, अटल तीन बड़े भाइयों, एक विवाहित बहन और दो छोटी बहनों से घिरे हुए, वाजपेयी परिवार में पांचवें बच्चे हैं। वह एक अद्वितीय विचारक रहे। यूफोरिया प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, यह शो एक ऐसे नेता के प्रारंभिक वर्षों पर गहराई से प्रकाश डालेगा जिसने भारत की नियति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 'अटल' का प्रीमियर 5 दिसम्बर को एंड टीवी पर होगा।

# अभिनेत्री नेहा बग्गा और रेस्टी कंबोज ने शिमला में रचाई शादी

**मुंबई,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। 'मेरा दिल की लाइफलाइन' और 'बानी-इश्क दा कलमा' जैसे धारावाहिकों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री नेहा बग्गा ने अपने मंगेतर रेस्टी कंबोज से शिमला में एक भव्य शादी समारोह में शादी रचाई। नेहा ने इंस्टाग्राम पर अपने जीवनसाथी के साथ अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं।



शादी में करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल हुए। अपनी जिंदगी के सबसे खास दिन पर नेहा वाकई बेहद प्यार में डूबी हुई थीं और उन्होंने पेस्टल रंग के लहंगे के साथ ज्वैलरी पहनी थी।एक-दूसरे की प्यार भरी निगाहों में खोए दोनों लवबर्ड्स फोटो खिंचवाते हुए एक-दूसरे को देख रहे थे। रेस्टी ने एक भव्य सफेद शेरवानी पहनी थी, जबकि उनके हाथ में उनकी पत्नी का दुपट्टा था, जो बंधा हुआ था, जो यह दर्शाता है कि वह शादी के बंधन में बंध गए हैं। रेस्टी ने भी एक शानदार सफेद पगड़ी पहनी हुई थी। जोड़े को प्रशंसकों और मशहूर हस्तियों से बहुत सारे बधाई संदेश मिले, जिनमें से सभी ने उन्हें खुशहाल शादी की शुभकामनाएं दीं।

# रेलवे करेगी रेल पटरियों के आसपास रहने वाले बच्चों की देखभाल



**प्रयागराज,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) के अधिकारियों की एक पहल की बदौलत वर्षों से रेलवे पटरियों के आसपास रहने वाले गरीबों की जीवनशैली में अब बदलाव आएगा। इस कार्य की शुरुआत में रेलवे ट्रैक के अलावा अस्थायी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को शिक्षित करने की तैयारी की जा रही है।

इन निवासियों के बच्चों को शिक्षा और अच्छा जीवन प्रदान करने के लिए एनसीआर ने भारत रेल विद्या फेलोशिप के तहत एक योजना तैयार की है। इसके लिए उत्तर प्रदेश में एनसीआर के प्रयागराज डिवीजन, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स और ड्रीम्स वीवर्स एसोसिएशन (आरडीडब्ल्यूए) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

अधिकांश शहरों में हजारों लोग रेल पटरियों के आसपास झोपड़ियां बनाकर खानाबदोश तरीके से रहते हैं। यहां रहने वाले बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। रेलवे ट्रैक के पास रहने वाले बच्चों की जिंदगी में बदलाव लाने के लिए एनसीआर ने पहल की है।

एनसीआर के प्रयागराज मंडल ने पहले चरण में पांच प्रमुख शहरों का चयन किया है। चयनित शहर हैं-प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, कानपुर, टुंडला (आगरा) और अलीगढ़। प्रयागराज मंडल के रेल कर्मियों के नेतृत्व में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स और ड्रीम्स वीवर्स एसोसिएशन की संयुक्त टीम सबसे पहले रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों की सूची तैयार करेगी।

इसके बाद बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से स्कूलों में दाखिला दिया जाएगा। छोटे बच्चों के लिए कक्षाएं उनके घर के पास ही लगेंगी। पारिवारिक आय का ब्योरा भी जुटाया जाएगा। उन्हें रोजगार के अवसर और जानकारी दी जायेगी।

इसी तरह इन परिवारों के बीमार सदस्यों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया जाएगा। उन्हें स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाएगा और दैनिक उपयोग की वस्तुएं दी जाएंगी।

# बर्फ की चादर से सफेद हुआ जम्मू कश्मीर, चले आईए

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। बर्फ की चादर से जम्मू कश्मीर के पहाड़ और पर्यटनस्थल सफेदी में लिपट गए हैं। हालांकि बर्फबारी के कारण स्थानीय लोगों की समस्याएं बढ़ जाती हैं पर उन्हें खुशी इस बात की है कि ये पर्यटकों को कश्मीर की ओर खींचेगी। ऐसे में कश्मीर समेत जम्मू संभाग के पर्यटनस्थल भी टूरिस्टों को पुकारने लगे हैं। जम्मू कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के कारण शुक्रवार को पहाड़ी दर्रे बंद हो गए और दिन के तापमान में गिरावट आई। ज़ोजिला दर्रे में बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद हो गया है। वहीं मुगल रोड, राजदान दर्रा, सिंथन टॉप और अन्य पहाड़ी दर्रे भी बंद हो गए हैं। वहीं मौसम विभाग ने अभी 24 घंटे तक कोई राहत के आसार नहीं जताए हैं। ऐसे में आम लोगों को बाहर निकलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**गुलमर्ग समेत जम्मू कश्मीर के कई ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी**

पर्यटन स्थल गुलमर्ग समेत जम्मू कश्मीर के कई ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है। वहीं, जम्मू, सांबा, कठुआ, उधमपुर, में रात से ही तेज बारिश का दौर जारी है। बर्फबारी और बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है, जिसके चलते सर्दी का अहसास बढ़ गया है। अफरवट और तोसा मैदान में भी हलकी बर्फबारी दर्ज की गई।

गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट और सोनमर्ग हिल स्टेशन पर शुक्रवार को ताजा बर्फबारी हुई। घाटी और जम्मू संभाग के अधिकांश हिस्सों में बारिश हुई। वहीं मौसम विज्ञान कार्यालय ने शुक्रवार देर शाम से मौसम में सुधार का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 से 17 नवम्बर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा। इसके साथ ही बना रहेगा। उन्होंने बताया कि मैदानी इलाकों में हल्की बारिश जबकि पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी रहेगी। पहाड़ी इलाकों में 5 इंच से अधिक बर्फबारी की संभावना है।





हालांकि शनिवार को मौसम में हल्का सुधार आने की संभावना है जोकि 16 नवम्बर तक रहेगा। कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में बीती रात से बर्फबारी शुरू हो गई है। इस बर्फबारी से कश्मीर में मौसम का मिजाज फिर से बदल गया है। वहीं पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में तेज बारिश से तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले 24 घंटे तक मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। वहीं पीर की गली, जोजिला और गुलमर्ग सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में ताजा बर्फबारी, जबकि कश्मीर में बारिश हो रही है। एहतियात के तौर पर किश्तवाड़-अनंतनाग और मुगल रोड सभी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

# फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अमेजन से प्रोडक्ट्स की खरीदारी कर सकेंगे मेटा यूजर्स

**सैन फ्रांसिस्को,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। मेटा ने यूजर्स के लिए सीधे फेसबुक और इंस्टाग्राम से अमेजन प्रोडक्ट्स की खरीदारी को आसान बनाने के लिए अमेजन के साथ मिलकर काम किया है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, मेटा ने एक नया फीचर शुरू किया है जो यूजर्स को अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट को अमेजन से लिंक करने की अनुमति देगा, जिससे उन्हें अपने फीड में प्रमोशन पर क्लिक करके प्रोडक्ट खरीदने की सुविधा मिलेगी।

अमेजन के प्रवक्ता कैली जर्निगन के हवाले से कहा गया कि पहली बार, कस्टमर सोशल मीडिया ऐप्स को छोड़े बिना अमेजन के फेसबुक और इंस्टाग्राम विज्ञापनों से खरीदारी कर सकेंगे और अमेजन से चेक आउट कर सकेंगे।


उन्होंने कहा कि अमेरिका में कस्टमर नए एक्सपीरियंस के हिस्से के रूप में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर चुनिंदा अमेजन प्रोडक्ट विज्ञापनों पर रियल-टाइम प्राइसिंग, प्राइम एलिजिबिलिटी, डिलीवरी एस्टीमेट और प्रोडक्ट डिटेल्स देखेंगे। अमेजन के अनुसार, नई इन-ऐप शॉपिंग फीचर फेसबुक या इंस्टाग्राम पर प्रचारित और अमेजन या अमेजन के स्टोरफ्रंट पर इंडिपेंडेंट सेलर्स द्वारा बेचे जाने वाले चुनिंदा प्रोडक्ट्स के लिए पहुंच योग्य होगी। इस हफ्ते की शुरुआत में, मेटा ने 'परचेस विद अमेजन विदआउट लिविंग फेसबुक और इंस्टाग्राम' टाइटल वाले सपोर्ट पेज पर नए फीचर के बारे में कुछ डिटेल्स दिए। पेज पर लिखा, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर किसी विज्ञापन से ज्यादा शॉपिंग एक्सपीरियंस के लिए, आप अपने मेटा और अमेजन अकाउंट को लिंक करना चुन सकते हैं। इसमें कहा गया है, आप फेसबुक या इंस्टाग्राम को छोड़े बिना अमेजन पर चेकआउट कर सकते हैं और अधिक प्रासंगिक विज्ञापनों का अनुभव कर सकते हैं।

# अभिमत

*आईटी की दुनिया आज बहुत अलग है जिसमें मूर्ति और उनके द्वारा सह-स्थापित कंपनी इंफोसिस का काम और उनकी बात बहुत महत्व रखती है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए मूर्ति की टिप्पणी आईटी सेवा क्षेत्र पर तुरंत लागू होगी जो वैश्विक बाजारों में भारत की भागीदारी में क्रांति लाते हुए अनिवार्य रूप से श्रम अदला बदली पर निर्मित मजदूरों का अड्डा रहा है। कुछ लोग तर्क देंगे कि यही कारण है कि कंपनी और इस क्षेत्र में कई लोग आईटी कर्मियों का श्रम निर्यात करने वाले पेशेवर बने रहे और बड़े पैमाने पर मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने में विफल रहे।*

## उत्पादकता बढ़ाने के लिए मूर्ति का गैर-उत्पादक सुझाव

एन



जगदीश रत्तनानी

**भारत में कई लोग कम मजदूरी, शून्य लाभ और लंबे समय तक काम के घंटों के चक्र में फंसे हैं। मूर्ति की टिप्पणी का इस्तेमाल इन कदाचारों को वैध बनाने के लिए किया जाएगा। कम शब्दों में कहें तो यह इस घातक तर्क को आगे बढ़ाता है कि गरीब आलसी हैं, कि अमीर इसलिए अमीर हैं क्योंकि वे कड़ी मेहनत करने वाले नागरिक हैं जो राष्ट्र को आगे ले जाते हैं और इस गलत तर्क के लिए मंच तैयार करते हैं।**

आर नारायण मूर्ति ने कहा है कि राष्ट्रीय उत्पादकता बढ़ाने में मदद के लिए युवाओं को 70 घंटे काम करना चाहिए। यह बहुत कुछ 19वीं शताब्दी जैसा ही है। 18 के दशक के अंत और 19 के दशक की शुरुआत में मिल मजदूरों ने कड़ी मेहनत की और उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित किया गया। काम करने के आदर्श घंटे सूर्योदय से सूर्यास्त तक थे जो बिजली के बल्ब की तकनीक के आने के बाद और अधिक बढ़ गये। अब काम को सूर्यास्त के समय रोकना और खींचना नहीं पड़ता था। यह तब तक चलता रहा जब तक कि श्रमिकों ने प्रौद्योगिकी द्वारा लाए गए अमानवीय शोषण का विरोध करने के लिए फिलामेंट बल्बों को तोड़ नहीं दिया।

आईटी की दुनिया आज बहुत अलग है जिसमें मूर्ति और उनके द्वारा सह-स्थापित कंपनी इंफोसिस का काम और उनकी बात बहुत महत्व रखती है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए मूर्ति की टिप्पणी आईटी सेवा क्षेत्र पर तुरंत लागू होगी जो वैश्विक बाजारों में भारत की भागीदारी में क्रांति लाते हुए अनिवार्य रूप से श्रम अदला बदली पर निर्मित मजदूरों का अड्डा रहा है। कुछ लोग तर्क देंगे कि यही कारण है कि कंपनी और इस क्षेत्र में कई लोग आईटी कर्मियों का श्रम निर्यात करने वाले पेशेवर बने रहे और बड़े पैमाने पर मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने में विफल रहे। अन्य बाजारों से नवाचार आना जारी है, एआई ( आर्टिफिशिअल इंटलिजेंस) की पेशकश केवल एक पारिस्थितिकी प्रणाली से आ रही है जो नाटकीय रूप से यहां प्राप्त की गई चीजों से अलग है। गैर वर्गीकृत, प्रयोग की भावना, जोखिम लेने और विफलता की स्वीकार्यता इसके कुछ हाईलाइट्स हैं। इनमें से कोई भी अनिवार्य, विनियमित, निगरानी की गई कड़ी मेहनत के साथ अच्छी तरह से मेल नहीं खाता है जिस अर्थ में इसे भारत में समझा जाता है जो बड़े पैमाने पर एक ही समय में नीरस, रोमांचक और शोषक कार्य दर्शन तथा 'जितना बताया गया है, उतना करो' की नीति पर चलता है।

यह मालूम होना चाहिए कि कड़ी मेहनत से आवश्यक रूप से उच्च श्रम उत्पादकता नहीं होती है। यदि ऐसा हुआ भी तो तब मिलों में और अब सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में यह देश को कहीं नहीं ले जाएगा। इससे तब मिल मालिकों को फायदा हुआ था और अब आईटी दिग्गजों को लाभ होगा। वास्तव में यह मानव पूंजी में निवेश किए बिना एक कार्य बल के शोषण की संस्कृति को मजबूत करता है ताकि अधिकांश लोगों का उनकी क्षमता के निर्माण में उचित निवेश के बिना 'उपयोग' किया जा सके और उन्हें बढ़ने के लिए अपेक्षित सहायता प्रदान की जा सके।

यह अल्पकालिकता व्यवसायी को तात्कालिक रूप से लाभ पहुंचाती है लेकिन दीर्घकाल में प्रणाली और उत्पादकता को नुकसान पहुंचाती है। यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो अब तक भारत की विकास कहानी के कई पहलुओं की विशेषता रही है। कमजोर श्रम कानून, श्रम बल की बढ़ती ठेकेदारी, ट्रेड यूनियनों की घटती शक्ति, शोषण का लंबा इतिहास और नौकरी, मतलब किसी भी प्रकार की नौकरी की सख्त जरूरत जैसे कारकों के संयोजन से यह स्थिति और भी बदतर हो जाती है। इस वजह से कार्य बल के प्रणालीगत दुरुपयोग के लिए स्थितियां अनुकूल हो जाती हैं।

आईटी क्षेत्र में, यह बहुत कम उम्र में श्रमिकों को थोक में जिन्दा प्रेत 'जाम्बीज़' बना देता है। किसी और चीज के बारे में कम जागरूकता के साथ उन्हें स्क्रीन पर काम करने के लिए धकेल दिया जाता है। उन्हें उद्यमी या अभिनव किसी भी चीज़ से बहुत दूर ले जाया जाता है। काम के दबाव का मतलब है कि भारत के शिक्षित युवा, विशेष रूप से आईटी-सक्षम सेवा क्षेत्र में कार्यरत अनुमानित 54 लाख युवा कम कौशल, कम वेतन और लंबे समय तक काम के घंटों के साथ मूल्य श्रृंखला के निचले छोर पर हैं। हफ्ते के अंत में वे आराम करने के लिए बार और क्लबों में जाते हैं। वे एक ऐसी दिनचर्या से अपना समय निकालते हैं जो कमर तोड़ने वाली और आत्म-पराजित होती है, जिसमें समग्र विकास के लिए बहुत कम विकल्प होते हैं और सामान्य तौर पर उनमें मानसिक बीमारी की संभावना अधिक होती है।

मूर्ति ने यह टिप्पणी इंफोसिस के पूर्व सीएफओ टीवी मोहनदास पई के साथ एक साक्षात्कार की है। मूर्ति इस बात से अनजान नहीं हो सकते कि पई वह व्यक्ति हैं जिसने जेएनयू में छात्रों के राजनीतिक रुख अपनाने पर आपत्ति जताई थी और इसे 'करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग' कहा था। उनका (पई का) मतलब है कि शिक्षा राजनीतिक समझ या राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेने से रहित होनी चाहिए। अर्थात संदेश यह है कि आप 'कठिन अध्ययन' करें लेकिन आप किसी विषय पर एक स्टैंड नहीं ले सकते, खासकर अगर वह स्टैंड मेरी पसंद का नहीं है। यह सुविधा हार्वर्ड के उन लोगों को दी जानी है जहां मूर्ति के बेटे ने पीएचडी की है न कि जेएनयू में, जहां कन्हैया कुमार ने पीएचडी की है। जब कन्हैया कुमार को विपक्ष ने लोकसभा सीट के लिए साझा उम्मीदवार बनाया था तब पई ने पूछा था कि कन्हैया कुमार की पीएचडी का क्या हुआ? 70 घंटे के कार्य सप्ताह पर मौजूदा विवाद में जब सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में इंफोसिस को आईटी 'कुली' प्रदाता के रूप में रखने वाली मानसिकता की व्याख्या करते हुए आलोचना की तो पई ने लेखक को जवाब दिया कि जब तक वह इंफोसिस जैसी कंपनी नहीं बनाते तब तक चुप रहें- अगर आपके पास पैसा नहीं है, तो बात न करें!

यह विचार इंफोसिस को 'जाम्बीज़' रखने की सुविधा दे सकता है लेकिन यह कभी भी राष्ट्र की सेवा नहीं कर सकता है और न इसे राष्ट्रीय पुनरुद्धार के मार्ग के रूप में पेश कर सकता है। भारत में कई लोग कम मजदूरी, शून्य लाभ और लंबे समय तक काम के घंटों के चक्र में फंसे हैं। मूर्ति की टिप्पणी का इस्तेमाल इन कदाचारों को वैध बनाने के लिए किया जाएगा। कम शब्दों में कहें तो यह इस घातक तर्क को आगे बढ़ाता है कि गरीब आलसी हैं, कि अमीर इसलिए अमीर हैं क्योंकि वे कड़ी मेहनत करने वाले नागरिक हैं जो राष्ट्र को आगे ले जाते हैं और इस गलत तर्क के लिए मंच तैयार करते हैं कि टैक्स देने वाले 'दाता' हैं और बाकी लोग 'लेने' वाले हैं; और यह कि वंचितों को दी जाने वाली सब्सिडी कड़ी मेहनत करने वालों पर अनुचित बोझ है।

भारतीय शिक्षा और कार्य प्रणाली की समस्याओं में से एक समस्या यह है कि हम जिज्ञासा की कीमत पर तत्काल काम पर ध्यान केंद्रित करना या दीर्घकालिक मनोरम दृश्य या भविष्य के साथ जुड़ाव चाहते हैं। यह अंत:विषय ज्ञान को सीमित करता है, रिक्त स्थानों को जोड़ने की क्षमता को बाधित करता है तथा छात्रों और श्रमिकों को तेजी से परिवर्तन व उच्च जटिलता द्वारा चिह्नित दुनिया की व्यापक तस्वीर देखने के लिए सशक्त नहीं बनाता।

यह खतरा बिना किसी उद्देश्य के श्रमिकों और नेताओं के साथ समाप्त हो रहा है जो यूनिडायरेक्शनल फोकस के साथ टारगेट पर अपना दिमाग, अपने समय के महत्वहीन कार्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और नैतिक रूप से उन महत्वपूर्ण मुद्दों से अनजान हैं जो आज उनके संगठन और वास्तव में राष्ट्र का सामना करते हैं। ये लोग 'गति' के बारे में चिंतित हैं न कि उस 'दिशा' के बारे में, जिस दिशा में हम जा रहे हैं। इस तरह के नजरिये के साथ पहले से कहीं अधिक तेजी से पहुंचने और समय से पहले गलत जगह पर उतरने का खतरा बना हुआ है। भारत के लिए इससे ज्यादा विनाशकारी कुछ नहीं हो सकता।

मूर्ति अपनी वरिष्ठता और सम्मान के साथ एक बहुत अलग संदेश दे सकते थे- हमारे युवाओं को तत्काल से परे एक बड़े उद्देश्य से प्रेरित होना चाहिए। हमें दूसरों की देखभाल, उनका दर्द समझने तथा साझा करने के विचार का निर्माण करने की आवश्यकता है और यह महसूस करने की आवश्यकता है कि भारत केवल तभी विकसित हो सकता है जब हम सभी- सभी क्षेत्र, धर्म, जातियां, समूह, स्तर और समुदाय, एक साथ बढ़ते हैं। यह एक ऐसा भारत है जहां मजदूरी असमानताएं पहले से कहीं कम हैं, जहां सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं और हमारे कार्य बल को मेहनती, भ्रष्टाचार मुक्त और आम नागरिक की सेवा में तैयार होने के लिए जाना जाता है। मूर्ति का ऐसा संदेश, जश्न मनाने वाला एक संदेश होता।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस )**

## बीता सप्ताह

**4 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी नाम से घोषणा पत्र जारी किया।
- मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि तारीख पर तारीख वाला अदालत नहीं बनेगा कोर्ट।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु प्रदूषण से हेल्थ इमरजेंसी लागू किया गया।
- छपरा बिहार में गायत्री महायज्ञ हवन के समय भगदड़ मच जाने से दो लोगों की जानें चली गई।

**5 नवंबर**

- चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विधायिका कोर्ट के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती।
- भदोही उत्तरप्रदेश के पूर्व विधायक विजय मिश्र को एक गायिका के साथ दुष्कर्म मामले में 15 साल की सजा सुनाई।
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री एली कोहेन से मौजूदा स्थिति के बारे में बातचीत की।
- नेपाल में भूकंप आने से मरने वालों की संख्या 157 तक पहुंची।

**6 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ के विधानसधा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने घोषणा पत्र जारी किया।
- विराट कोहली ने वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे कॅरियर का 49वां शतक लगाया।
- रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना में कार्यरत महिला सैनिकों, सेलर्स और एयर वॉरियर्स को भी मातृत्व और चाइल्ड केयर लीव देने का ऐलान किया।
- भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमेन ने बताया कि वेतन एवं पेंशन में बढ़ोतरी के लिए 8900 करोड़ राशि अलग रखे गए।

**7 नवंबर**

- मिजोरम के 40 व छत्तीसगढ़ के 20 सीटों के आज मतदान हुआ।
- महंगाई से राहत देने सरकार ने पूरे देश में 27.50 किलो पर भारत आटा उपभोक्ताओं को देगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों व राज्य सरकारों के बीच हो रहे टकरावों पर चिंता जताई।
- रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी सम्राट अलेक्जेंडर-3 ने बुलवा बैलेस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक नई परमाणु पनडुब्बी का परीक्षण किया।

**08 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव पहले चरण में 20 सीटों के लिए बस्तर व राजनांदगांव में वोट डाले गए।
- सुकमा छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट होने से एक जवान की मौत हो गई।
- श्रीलंका के खेलमंत्री रोशन रणसिंघे द्वारा बर्खास्त किए गए देश के क्रिकेट बोर्ड को वहां की अदालत ने बहाल कर दिया।
- पोलैंड इगा स्वीयाटेक ने लंयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल का खिताब दूसरे साल भी जीतकर विश्व का नंबर वन बनीं।

**9 नवंबर**

- छत्तीसगढ़ कांग्रेस ईडी की मनमानी को लक्ष्य कर चुनाव आयोग को शिकायत की। ईडी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर 508 करोड़ रिश्वत लेने का आरोप लगाया है।
- दक्षिमी म्यांमार के बागी क्षेत्र में बम विस्फोट से चार लोगों की मौत हो चुकी।
- चीन के थेंगश्यांग शहर में दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर विज्ञान संग्रहालय खुला।
- बांग्लादेश में डेंगू से 1400 लोगों से अधिक की मौत हो गई।

**10 नवम्बर**

- बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।
- सुप्रीम कोर्ट ने वर्तमान, पूर्व सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की प्रभावी निगरानी तथा शीघ्र निपटाने का निर्देश दिया।
- पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस ने उतारे महज 12 फीसदी महिला उम्मीदवार।
- मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 53 प्रतिशत दागी, भाजपा ने घटाई दागी उम्मीदवार।

## चुनाव सरकार नहीं, देश को गढ़ने का होना चाहिए

■ अमन नम्र

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम जैसे पांच राज्यों में चुनाव प्रचार जोरों पर है। सत्ता, विपक्ष और सत्ता में आने को लालायित नाना प्रकार की पार्टियां अपने लोकलुभावन वादों से जनता को बहलाने में जुटी हैं। जनता को विकल्प भी इन्हीं में से चुनना है। जल्द ही नई सरकारें चुनी जाएंगी जो अगले पांच सालों तक इनके विकास की बागडोर थामेंगी। इसके तीन-चार महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे और देश की सरकार बनेगी जो भविष्य की दशा और दिशा तय करेगी। सवाल यह है कि क्या यह दशा और दिशा बीते सात दशकों से जारी विकास की मौजूदा अवधारणा से अलग या बेहतर होगी? विषय थोड़ा गंभीर है, पर मौजूं है और हमारे, आपके ही नहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इस पर विचार करना जरूरी है।

पहले हाल की दो खबरों की सुर्खियां पढ़िए। पहली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले पांच साल तक देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन की योजना जारी रहेगी और दूसरी, दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। अगर पहली सुर्खी की बात करें तो यह तथ्य हमें चुल्लू भर पानी में डूबने पर मजबूर कर देगा कि 76 साल पहले जब देश को आजादी मिली थी, उस समय की आबादी (34 करोड़) की तुलना में आज मुफ्त राशन पाने वाले गरीबों की संख्या दोगुना से ज्यादा है। यह तमाम 'पंचवर्षीय,' '7 वर्षीय,' 'योजना आयोग,' 'नीति आयोग' या कांग्रेस, भाजपा, जनता पार्टी या यूपीए, एनडीए शासित सरकारों के विकास का नतीजा है।

> **कुछ देर ठहरकर अगर हम दो-चार बुनियादी सवालों के जवाब खोजें तो शायद आगे के सफर की दिशा तय करने में आसानी होगी। यह पूछें कि क्या आज देश में गरीबी खत्म हो चुकी है। अगर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण का नेहरू का आइडिया सही था तो सात दशक में हर व्यक्ति को संपन्न नहीं, तो कम-से-कम गरीबी की जिल्लत से तो बाहर आ ही जाना था।**

इसी विकास का एक नतीजा दूसरी सुर्खी भी है कि हमारे देश की राजधानी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में टॉप पर है। क्या ऐसा नहीं लग रहा कि हम विकास के नाम पर 76 साल पहले जिस गलत दिशा में मुड़ गए थे, उसी दिशा में अब इतने आगे पहुंच चुके हैं कि विनाश को ही अब हमने विकास समझ लिया है।

इस बात को हम तीन तरह से देख, समझ सकते हैं। आजादी से पहले और आजादी की लड़ाई के दौरान भविष्य के किस भारत की कल्पना की गई थी, मजबूरी में हमने किस तरह का भारत बनाना शुरू किया और जो भारत आज बना उसका भविष्य क्या है। यह कम-से-कम उस भारत की दिशा में जा रहा देश तो कतई नहीं है जिसकी कल्पना और सोच महात्मा गांधी ने की थी। 'हिंद स्वराज' का सपना देखने वाले गांधी कहते थे कि हमारी पहली प्राथमिकता विदेशी राज्य को हटाना है और 'हिंद स्वराज' के लिए अभी जनता तैयार नहीं हो पाई है इसलिए सारी ताकत 'संसदीय स्वराज' दिलाने में लगा देनी है। हमारे हुक्मरानों ने 'संसदीय स्वराज' वाले गांधी को तो याद रखा, पर यह भूल गए कि यह केवल तात्कालिक व्यवस्था थी। गांधी का असली सपना 'संसदीय स्वराज' नहीं, 'हिंद स्वराज' का था। आज हम गांवों को खत्म कर शहरों के दायरे बढ़ाते जा रहे हैं, पर गांधी इसके पूरी तरह खिलाफ थे। शहरों के बढ़ते प्रभुत्व के खिलाफ आवाज उठाने वाले गांधी ने गांवों के संरक्षण की बात कही थी।

यहां यह सवाल पूछा जा सकता है कि अब गांधी कितने प्रासंगिक हैं? जवाब है कि अगर गांधी और उनके विचार प्रासंगिक नहीं हैं तो सरकार आधिकारिक तौर पर उन्हें हटा क्यों नहीं देती। दरअसल गांधी कभी किसी व्यक्ति का नाम नहीं रहा। वह तो आजादी के लिए देश के कोने-कोने में घूमकर लोगों को जागृत करने वाली ऐसी विचारधारा थी जो उस वक्त मिट्टी में ही घुलमिल गई थी और आज भी देश की मिट्टी, हवा, पानी और इसकी आत्मा का अहम हिस्सा है। कम-से-कम आज सात दशक बाद हम थोड़ा सा ठहर कर यह विचार तो कर ही सकते हैं कि अगर देश बनाने का गांधी का ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विचार सही नहीं था तो क्या बड़े बांध और बड़े उद्योगों को 'आधुनिक भारत के मंदिर' कहने वाले नेहरू का मॉडल सही था?

इसे जानने का सबसे आसान तरीका यह है कि हम देखें कि आजादी के समय किस तरह के भारत को बनाने के विकल्प पर विचार किया गया था। गांधी की सोच थी कि भविष्य के समाज का धारण और पोषण यानी समाज का विकास धर्म, बंधुत्व और परिवार भावना से होना चाहिए, नहीं तो देश चलाने के लिए 'शैतानी ताकतों' का सहारा लेना पड़ेगा। उसमें जबरदस्ती होगी, आतंक होगा और उसके समर्थन के लिए आपको राज्य, लोकतंत्र, चुनाव, समाजवाद जैसी कोई-न-कोई प्रतिमा खड़ी करनी होगी।

गांधी ने करीब सौ साल पहले ही आज की हालत की कल्पना कर ली थी। तब उन्होंने समाज गढ़ने के दो विकल्प सुझाए थे, एक - सभ्य समाज, जो स्वतंत्र व्यक्तियों का बना हुआ हो और जिसके धारण, पोषण के लिए कानून, व्यवस्था, राजतंत्र का ढांचा, संविधान आदि हो जिसका दिन-प्रतिदिन विस्तार होता जाए। दूसरा -पारिवारिक समाज, जिसका धारण पोषण पारिवारिक भावना से हो। उसमें संविधान आदि औपचारिक ढांचे की जरूरत दिन-प्रतिदिन कम होती जाए।

आजादी की लड़ाई और आजादी के बाद के शुरुआती वर्षों के दौरान जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के पास भारत के विकास और आर्थिक मॉडल के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण थे। ये मतभेद उनके विशिष्ट वैचारिक और दार्शनिक दृष्टिकोण में निहित थे। नेहरू ने पारिवारिक समाज के बजाय गांधी के पहले मॉडल को चुना, जिसके लिए कानून, राज्य, चुनाव जैसी व्यवस्था और तंत्र खड़ा किया गया। पंडित नेहरू विकास के लिए अधिक औद्योगिकीकृत और आधुनिक दृष्टिकोण में विश्वास करते थे। उन्होंने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए भारी औद्योगीकरण, वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी प्रगति पर जोर दिया। उनका दृष्टिकोण भारत का तेजी से औद्योगीकरण करने और एक मजबूत, केंद्रीकृत और आधुनिक राष्ट्र बनाने की इच्छा से प्रभावित था।

दूसरी ओर, गांधी ने विकास के लिए विकेंद्रीकृत, ग्रामीण-केंद्रित दृष्टिकोण की वकालत की थी। गांधीजी का दृष्टिकोण स्वराज या जमीनी स्तर पर स्व-शासन के विचार में निहित था, जहां गांव आत्मनिर्भर और स्वशासित होंगे। नेहरू का विकास मॉडल पूंजी-प्रधान था, जिसमें बड़े पैमाने पर औद्योगिक परियोजनाओं, भारी मशीनरी और बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दिया गया था। वहीं, गांधीजी का मॉडल श्रम प्रधान था, जिसमें छोटे पैमाने पर उत्पादन और कृषि गतिविधियों में मानव श्रम के उपयोग पर जोर दिया गया था। वह गरीबी को कम करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को रोजगार के अवसर प्रदान करने में विश्वास करते थे।

आज सात दशक बाद हम इस पर पुनर्विचार तो कर ही सकते हैं कि आखिर नेहरू के आर्थिक विकास का मॉडल कितना सफल रहा। अगर आर्थिक और ढांचागत विकास के तौर पर देखें तो निश्चित ही देश ने अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। देश की जीडीपी 3 लाख करोड़ से बढ़कर 275 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। 1950-51 में आम आदमी की औसत कमाई 274 रुपए सालाना थी, यह अब बढ़कर करीब डेढ़ लाख रुपए सालाना पर पहुंच चुकी है। शिक्षा, तकनीक, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्रों में हमने काफी तरक्की की है। हम चांद पर पहुंच चुके हैं, खुद को विश्वगुरु बताते हैं और अब विकास के कुछ नए प्रतिमान गढ़ने के लिए भी तैयारी जारी है।

यहां कुछ देर ठहरकर अगर हम दो-चार बुनियादी सवालों के जवाब खोजें तो शायद आगे के सफर की दिशा तय करने में आसानी होगी। यह पूछें कि क्या आज देश में गरीबी खत्म हो चुकी है। अगर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण का नेहरू का आइडिया सही था तो सात दशक में हर व्यक्ति को संपन्न नहीं, तो कम-से-कम गरीबी की जिल्लत से तो बाहर आ ही जाना था। प्रधानमंत्री का यह कहना कि अगले पांच साल तक 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त का राशन दिया जाएगा, हमारी विकास की मौजूदा अवधारणा को धराशायी कर देता है।

आज सत्ता और विपक्ष दोनों को ही सत्ता की राजनीति से ऊपर उठकर देश के बारे में सोचना चाहिए। अगर गांधी नहीं चाहिए तो कोई बात नहीं, लेकिन यह भी देखना होगा कि उससे बेहतर हम क्या कर सकते हैं। आज अगर हम देश के हर गरीब को मुफ्त राशन के बजाय आत्मसम्मान से जीने लायक माहौल बना पाएं, महिलाओं को हर महीने मुफ्त की राशि देने के बजाय उनकी मेहनत को सम्मान दे पाएं, बच्चों को अच्छी और सच्ची शिक्षा दे पाएं, हर व्यक्ति को स्वच्छ पानी, साफ हवा और पौष्टिक भोजन मुहैया करा पाएं तो शायद देश के विकास में इससे ज्यादा धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान और कोई नहीं होगा। इतिहास ने हमें एक और मौका दिया है कि हम भूतकाल में की गई अपनी गलतियों से सीखें, वर्तमान को सुधारें और भविष्य को गढ़ने में जुट जाएं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

## आरएसएस और अम्बेडकर:भारतीय राजनीति के दो विपरीत ध्रुव

आरएसएस और अम्बेडकर की विचारधाराएं भारतीय राजनीति के दो विपरीत ध्रुव हैं। जहां अम्बेडकर जाति के विनाश, प्रजातान्त्रिक मूल्यों की स्थापना और सामाजिक न्याय की ओर कदम बढ़ाने के हामी थे वहीं आरएसएस यथास्थिति बनाये रखने और पूर्व-आधुनिक काल के ऊंच-नीच पर आधारित मूल्यों के पुनरुत्थान का पैरोकार हैं। यह विडम्बना ही है कि विचारधारा के स्तर पर अम्बेडकर के धुर विरोधी होते हुए भी आरएसएस के नेता यह दिखाते नहीं थकते कि वे अम्बेडकर का कितना सम्मान करते हैं। वे अम्बेडकर का जन्मदिन मनाते हैं और उनकी पुण्यतिथि पर भी आयोजन करते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अपने वार्षिक विजयादशमी प्रबोधन (अक्टूबर 24, 2023) में आरएसएस मुखिया मोहन भागवत ने अपने अनुयायियों का आव्हान किया कि वे अम्बेडकर के भाषण पढ़ें, विशेषकर संविधान सभा में दिए गए उनके अंतिम दो भाषण. यही नहीं, भागवत ने अम्बेडकर की तुलना संघ के संस्थापक और उसके प्रथम सरसंघचालक डॉ के.बी. हेडगेवार से कर डाली. आरएसएस समर्थक 'हमारे गौरवशाली अतीत' के नाम पर अम्बेडकर के संघर्ष और उनके प्रयासों का विचारधारात्मक स्तर पर विरोध करते रहे हैं।

सच तो यह है कि आरएसएस का जन्म ही सामाजिक न्याय की मांग की खिलाफत करने के लिए हुआ था। विदर्भ के नागपुर क्षेत्र में गैर-ब्राह्मण आन्दोलन के उभार की प्रतिक्रिया में इस क्षेत्र के जमींदार-ब्राह्मण गठबंधन ने आरएसएस की स्थापना की। महाराष्ट्र में इस गठबंधन को शेठजी-भट्टजी गठबंधन कहा जाता है। दलित जागृति की शुरुआत जोतीराव फुले से हुई, जिन्होंने दलितों को स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए संघर्ष किया. इस वर्ग में जागृति लाने के काम को अम्बेडकर ने आगे बढ़ाया। उन्होंने 1920 में अपना समाचारपत्र 'मूकनायक' शुरू किया और 1923 में बहुजन हितकारिणी सभा की स्थापना की। इन सब से दलितों का आत्मविश्वास बढ़ा और वे अनके अधिकारों के प्रति जागृत हुए।



राम पुनियानी

> **अंबेडकर के लिए सामाजिक प्रजातंत्र के बिना राजनैतिक प्रजातन्त्र अधूरा था। वे जाति के उन्मूलन के पैरोकार थे। इसके विपरीत, आरएसएस ने 'सामाजिक समरसता मंचों' की स्थापना की है। संघ की दृष्टि में जातियां हिन्दू धर्म का अभिन्न भाग हैं और वे हिन्दू धर्म को मजबूती देती हैं! यही इन दोनों विचारधारात्मक धाराओं में मूल विरोधाभास है।**

सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए अपने संघर्ष के भाग के रूप में अम्बेडकर ने 1927 में पानी के सार्वजनिक स्त्रोतों तक दलितों को पहुंच दिलवाने के लिए चावदार तालाब आन्दोलन किया और उनके मंदिर प्रवेश के समर्थन में 1930 में कालाराम मंदिर आन्दोलन। बाबासाहेब के इन आंदोलनों का आरएसएस ने समर्थन किया हो, ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता। अलबत्ता महात्मा गांधी ने जाति के प्रश्न को अत्यंत गंभीरता से लिया और 1932 के पूना समझौते के बाद कई वर्षों तक दलितों की स्थिति सुधारने के लिए संघर्ष किया।

उस समय आरएसएस हिन्दू राष्ट्र की बात कर रहा था। सावरकर बढ़-चढ़ कर हमें यह बता रहे थे कि भारत में दो राष्ट्र हैं- हिन्दू और मुस्लिम। आरएसएस के हिन्दू राष्ट्र के सिद्धांत की अम्बेडकर ने कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने लिखा, 'यह अजीब लग सकता है मगर सच यही है कि श्री सावरकर और श्री जिन्ना एक राष्ट्र बनाम दो राष्ट्र के मसले पर एक-दूसरे के विरोधी होने के बजाय एक-दूसरे से पूरी तरह सहमत हैं। दोनों सहमत हैं- न केवल सहमत हैं वरन जोर देकर कहते हैं- कि भारत में दो राष्ट्र हैं, एक मुस्लिम राष्ट्र और दूसरा हिन्दू राष्ट्र,' (डॉ आंबेडकर की 1940 में प्रकाशित प्रसिद्ध पुस्तक 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' से)।

अम्बेडकर हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना के धुर विरोधी थे। 'अगर हिन्दू राज स्थापित हो जाता है तो वह निसंदेह इस देश के लिए सबसे बड़ी विपदा होगी...हिन्दू राज को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए' (बी.आर. अम्बेडकर, 'पाकिस्तान ऑर द पार्टीशन ऑफ़ इंडिया' (1946) पृष्ठ 354-355)। वे बहुसंख्यकवाद, जिसका भारत के सन्दर्भ में अर्थ है बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय का राज, के विरोधी थे। और यही भागवत के नेतृत्व वाले आरएसएस की विचारधारा है, जिसका बचाव करते हुए नरेन्द्र मोदी पूछते कि बहुसंख्यकवाद में आखिर बुराई ही क्या है!

संविधान के अंतिम मसविदे के प्रस्तुतीकरण के बाद इसके विरोध में आरएसएस के अनाधिकारिक मुखपत्र 'आर्गेनाइजर' खुलकर सामने आया। उसने भारतीय संविधान पर तीखा हमला बोला। अपने 30 नवम्बर, 1949 के अंक के सम्पादकीय में 'आर्गेनाइजर' ने लिखा, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे ख़राब बात यह है कि...उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है...उसमें प्राचीन भारतीय संवैधानिक कानूनों, संस्थाओं, नामावली और शब्द विन्यास का ज़रा-सा अंश नहीं है।'

आंबेडकर द्वारा तैयार किया गया हिन्दू कोड बिल समाज पर पितृसत्तामकता की पकड़ कम करने और महिलाओं की समानता स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। आरएसएस के नेतृत्व में दकियानूसी ताकतों ने हिन्दू कोड बिल पर ज़बरदस्त हमला किया। आधुनिक भारतीय इतिहास के जानेमाने अध्येता रामचंद्र गुहा लिखते हैं, 'संघ ने हिन्दू कोड बिल को कानून बनाने का विरोध किया क्योंकि इस बिल में हिन्दू महिलाओं को उनकी जाति से बाहर विवाह करने, अपने पति से तलाक लेने और उत्तराधिकार में संपत्ति प्राप्त करने का अधिकार दिया गया था। सन् 1949 में आरएसएस ने इस बिल के खिलाफ पूरे देश में सैकड़ों बैठकें और विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इनमें साधु-संतों को भाषण देने के लिए बुलाया गया।'

संविधान सभा ने संविधान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया। इन प्रावधानों को मुंहजुबानी प्रचार के ज़रिये बदनाम किया गया, जिसके नतीजे में 1980-81 में और फिर 1985 में गुजरात में दलित-विरोधी हिंसा हुई। इसी तरह, मंडल आयोग की सिफारिशों का अपरोक्ष रूप से विरोध करने के लिए राममंदिर रथयात्रा शुरू की गई और पार्टी के वरिष्ठ नेता अटलबिहारी वाजपेयी ने कहा कि 'वे मंडल लाये तो हम कमंडल लाए'। यह भी दिलचस्प है कि संघ परिवार ने बाबरी मस्जिद को गिराने के लिए 6 दिसंबर का दिन चुना गया, जो कि आंबेडकर की पुण्यतिथि है। यह इस दिन, जो प्रजातान्त्रिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित करता है, की महत्ता को कम करने का रणनीतिक प्रयास था।

जहां तक धार्मिक अल्पसंख्यकों का प्रश्न है, आंबेडकर उनकी सुरक्षा के लिए समग्र प्रावधान के हामी थे। यद्यपि इन प्रावधानों को कभी पूर्णत: लागू नहीं किया गया मगर उन्हें लागू करने के प्रयासों को भी 'अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण' बताया जाता है। बाबासाहेब बंधुत्व के पैरोकार थे। बंधुत्व का भाव बहुसंख्यकवादी राजनीति का विलोम है। बहुसंख्यकवादी राजनीति तो अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाती है जिसके नतीजे में हिंसा होती है और समाज का ध्रुवीकरण होता है।

अंबेडकर के लिए सामाजिक प्रजातंत्र के बिना राजनैतिक प्रजातन्त्र अधूरा था। वे जाति के उन्मूलन के पैरोकार थे। इसके विपरीत, आरएसएस ने 'सामाजिक समरसता मंचों' की स्थापना की है। संघ की दृष्टि में जातियां हिन्दू धर्म का अभिन्न भाग हैं और वे हिन्दू धर्म को मजबूती देती हैं! यही इन दोनों विचारधारात्मक धाराओं में मूल विरोधाभास है। हिन्दू बहुसंख्यकवादी राजनीति, जातिगत पदक्रम को नए-नए नामों से बचाए रखना चाहती है। वह भारतीय संविधान में केवल शाब्दिक आस्था रखती है। संघ के चिन्तक कहते हैं कि भारत एक 'सभ्यतागत राज्य' (मनुस्मृति जैसी पवित्र पुस्तकों में निरुपित जातिगत और लैंगिक मूल्यों के प्रतीक) है जिसके लिए संविधान उतना महत्वपूर्ण नहीं है।

आंबेडकर का धुर विरोधी होते हुए भी संघ परिवार केवल नाम के लिए उनका गुणगान करता है। और अब तो वे उन्हें उद्दृत भी करने लगा है। यह सब केवल वोट हासिल करने की कवायद है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

# देश विदेश

## पुर्तगाल के राष्ट्रपति ने की मार्च में संसदीय चुनाव की घोषणा

लिस्बन, 10 नवंबर (एजेंसियां)। पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने मंगलवार को प्रधान मंत्री एंटोनियो कोस्टा के इस्तीफे के बाद 10 मार्च, 2024 के लिए आकस्मिक संसदीय चुनावों की घोषणा की है, जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप है। काउंसिल ऑफ स्टेट के साथ एक बैठक के बाद टेलीविजन पर राष्ट्रीय संबोधन में रेबेलो डी सूसा ने संसदीय चुनावों की घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सदन ने 31 अक्टूबर को पहली बार पढ़ने पर 2024 बजट विधेयक को मंजूरी दे दी और अंतिम वोट 29 नवंबर को होगा।

# जयशंकर ने ब्लिंकन से इजरायल-हमास युद्ध व हिंद-प्रशांत मुद्दों पर की चर्चा



**नई दिल्ली,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ रणनीतिक नई दिल्ली-वाशिंगटन संबंधों को मजबूत करने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक स्थिति सहित क्षेत्रीय मुद्दे व इजरायल-हमास युद्ध के नतीजों पर चर्चा की। यह बैठक भारत-अमेरिका 2प्लस2 रक्षा और विदेश मंत्रियों की वार्ता के पांचवें संस्करण से पहले हुई। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज सुबह राज्य सचिव ब्लिंकन से मिलकर खुशी हुई। हमारी रणनीतिक साझेदारी को और विकसित करने पर एक खुली और उत्पादक बातचीत हुई। इस यात्रा का एक विशेष महत्व है, क्योंकि हमें पीएम मोदी की जून यात्रा और राष्ट्रपति बाइडेन की सितंबर यात्रा का अनुसरण करने की आवश्यकता है। यह 2प्लस2 मंत्रिस्तरीय वार्ता है, इसलिए हम जो कर रहे हैं उसका व्यापक दृष्टिकोण रखते हैं।' मंत्री ने कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया, हिंद-प्रशांत और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने चर्चाओं की व्यापक प्रकृति को रेखांकित किया, विशेष रूप से क्वाड (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता) के सदस्यों के रूप में इंडो-पैसिफिक और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को 'बड़ी चिंता' बताया।

भारत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ क्वाड गठबंधन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख का मुकाबला करना है। ब्लिंकन ने जयशंकर से मुलाकात के बाद कहा, 'यहां भारत में होना हमेशा अद्भुत होता है। हम जुड़ाव का एक उल्लेखनीय वर्ष बना रहे हैं। हमारे पास न केवल अब तक की सबसे मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी है, बल्कि एक क्षेत्रीय और वास्तव में एक वैश्विक साझेदारी भी है, जो आगे प्रमाणित हुई है इस वर्ष जी20 के लिए भारत के नेतृत्व द्वारा।' उन्होंने कहा, 'हमें बहुत कुछ करना है, इसमें हमारे रक्षा सहयोगी भी शामिल हैं। मुझे लगता है कि यह इंडो-पैसिफिक, भविष्य के लिए हमारे क्षेत्र पर अमेरिका के दृढ़ फोकस का एक और सबूत है, भविष्य वास्तव में अभी है, और हम भारत के साथ मिलकर इसका निर्माण कर रहे हैं।'

# वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले में 14 लोगों की मौत



**गाजा,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर पर इजरायली सेना के हमले में कम से कम 14 लोग मारे गए। मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार को 12 घंटे से अधिक समय तक फिलिस्तीनियों के साथ सशस्त्र संघर्ष चला। इस घटना के परिणामस्वरूप व्यापक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान हुआ। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि हताहत होने वाले नागरिक थे या आतंकवादी। सीएनएन के मुताबिक इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को विफल करन' और उस व्यक्ति के घर को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन चलाया, जिसने कथित तौर पर 31 अगस्त के हमले में एक ऑफ-ड्यूटी इजरायली सैनिक की हत्या कर दी थी। 'इंजीनियरिंग बलों ने जेनिन शरणार्थी शिविर में हमारे बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से विस्फोटक उपकरणों का पर्दाफाश किया। सेना ने एक बयान में कहा, सेंट्रल कमांड के कमांडर ने उस आतंकवादी के घर को ध्वस्त करने के आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसने मकाबिम चौकी और हाशमोनैम चौकी पर भगदड़ मचाई थी। संयुक्त राष्ट्र राहत कार्य एजेंसी के अनुसार, जेनिन शरणार्थी शिविर, जो जेनिन नगर पालिका की सीमा पर है और वेस्ट बैंक का सबसे उत्तरी शिविर है, में लगभग 23,628 फिलिस्तीन शरणार्थी पंजीकृत हैं। जब से हमास ने 7 अक्टूबर को इज़राइल के खिलाफ अपना युद्ध शुरू किया है, वेस्ट बैंक में इज़राइली बलों द्वारा 45 बच्चों सहित 167 फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है।

■ गुरुवार को 12 घंटे से अधिक समय तक फिलिस्तीनियों के साथ सशस्त्र संघर्ष चला

## सुडोकू 6373


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 6 | 5 | 3 |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | 4 | 5 | 6 | | | | | 1 |
| | | 1 | | 7 | | | | |
| 9 | | | 1 | 6 | 8 | | | 5 |
| | | | | 9 | | 1 | | |
| 5 | | | | | 7 | 3 | 2 | |
| | | 7 | 9 | | | | | |
| 2 | 3 | 8 | | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6373



**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

## वर्ग पहेली-6372



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 11 नवम्बर, 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 14

### राशिफल

मेष - व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिवार का आनंददायी वातावरण भी आप के मन को खुश रखने में सहायता करेगा। घर में सुखदायी घटना घटेगी। शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। आप को सहयोगियों का साथ मिलेगा।

वृषभ - आज बौद्धिक चर्चाओं से दूर रहें। विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। मन में चिंता बनी रहेगी। पेट सम्बंधित रोग से भी मन चिंतित रहेगा, परंतु दोपहर के बाद आप थोड़े आलसी बने रहेंगे। हालांकि कोई पुरानी चिंता दूर होगी।

मिथुन - आज आप में ताजगी का अभाव रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की भी संभावना है। स्थायी संपत्ति को लेकर आज आपके प्रयास सही दिशा में आगे नहीं बढ़ेंगे। आकस्मिक धन की संभावना रहेगी।

कर्क - किसी भी काम को बिना विचारें ना करें। आज रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ मिलना-जुलना हो सकता है। उनके प्रेम से आप में आनंद में वृद्धि होगी। विरोधियों के सामने मजबूत मनोबल से टिके रहेंगे।

सिंह - आज बौद्धिक क्षमता से किसी खास चर्चा में आकर्षण का केंद्र रहेंगे, हालांकि वाद-विवाद टालें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

कन्या - आप के वाणी के प्रभाव से कोई विशेष काम कर पाने की स्थिति में रहेंगे। इससे अन्य लोगों के साथ आपके प्रेम संबंध बढ़ेंगे। किसी पर्यटन का कार्यक्रम बना सकते हैं। व्यापार के क्षेत्र में भी आप को लाभ होगा।

तुला - क्रोध को वश में रखकर स्वभाव को नरम बनाए रखें। वाणी पर संयम रखने से वातावरण को शांत रखने में आप सफल हो सकते हैं। नियमों से जुड़ी बातों और निर्णयों को सोच-समझकर करें।

वृश्चिक - जीवनसाथी की तलाश के लिए आज का दिन शुभ है। आय और व्यापार में वृद्धि के योग हैं। मित्रों के साथ प्रवास पर घूमने जा सकते हैं। जहां आपका समय काफी आनंदपूर्वक गुजरेगा।

धनु - आज आपकी कार्य की योजनाएं अच्छी तरह से पूरी होगी। व्यापार में भी सफलता मिलेगी। कार्यालय में वातावरण अनुकूल रहेगा। परिश्रम के अनुसार पद में भी उन्नति होगी। परिवार में भी आनंद-उल्लास बना रहेगा।

मकर - आज विदेश जाने के इच्छुक लोगों का प्रयास सफल हो सकता है। धार्मिक यात्रा पर जाना होगा। परिजनों में आनंद और उल्लास का वातावरण बना रहेगा। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे।

कुंभ - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। बाहर खाने-पीने से आज आपको बचना चाहिए। अपनी वाणी पर संयम रखने से आप किसी के साथ उग्र चर्चा अथवा मनमुटाव को टालने में सफल हो सकेंगे।

मीन - व्यवसाय में भागीदारी से आप को लाभ होगा। किसी मनोरंजन स्थल पर स्नेहीजनों के साथ जाने का कार्यक्रम बनेगा। दोपहर के बाद परिस्थिति में परिवर्तन का अनुभव आप करेंगे। आज किसी नए काम की शुरुआत ना करें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1208- ओत्ता वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया।
1745- चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी।
1818- मलक्का में रॉबर्ट मॉरिसन ने एंग्लो-चीनी कॉलेज (बाद में इसका नाम बदलकर यिंग वा कॉलेज) की स्थापना की।
1836: चिली ने बोलीविया और पेरु के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1839- अमेरिका में पहले राजकीय सैन्य कॉलेज वर्जीनिया सैन्य संस्थान की स्थापना की गयी।
1852- वेस्टमिंस्टर का नया पैलेस लंदन में खोला गया।
1880- ऑस्ट्रेलियाई बैंक लुटेरे बुश्रृंगेर नेड केली को मेलबर्न में फांसी दी गयी।
1888 - स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद का सऊदी अरब में जन्म।
1888- प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी और राजनीतिज्ञ जे. बी. कृपलानी का हैदराबाद (सिंध) में जन्म।
1889- वाशिंगटन को अमेरिका का 42वां प्रांत घोषित किया गया।
1918: पोलैंड ने खुद को स्वतंत्र देश घोषित किया।
1930- एल्बर्ट आइंस्टीन को 'आइंस्टीन रेफ्रीजरेटर' के अविष्कार का पेटेंट दिया गया।1934- ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में युद्ध में सेवाएं देने वालों के सम्मान में 'द श्राइन ऑफ रिमेंबरेंस'खोला गया।
1938- इज़्मत इनोऊ तुर्की के दूसरे राष्टपति बने।
1953- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में पहली बार 'पोलियो वायरस' की पहचान हुई और उसका चित्र लिया।
1962: कुवैत की नेशनल असेंबली ने संविधान को स्वीकार किया।
1965- प्रधानमंत्री इयान स्मिथ के नेतृत्व में दक्षिणी रोडेशिया ब्रिटेन से अलग होकर रोडेशिया बन गया।
1966: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'जैमिनी-12' लॉन्च किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आग से खेल रहे हैं आप...

सत्र बुला सकती है। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि कोर्ट उनको इस मामले में एक हफ्ते का समय दे। वह इस मामले में कोई न कोई हल निकाल लेंगे। ऐसे में बेंच ने उनसे सवाल किया कि अगर निकालना था तो अदालत आने की जरूरत क्यों पड़ी। इस पर सॉलिसटर ने कहा, उनको अगले हफ्ते सोमवार तक का समय दिया जाए। इस पर सीजेआई बोले हमें एक संक्षिप्त आदेश जारी करने दीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में 19 और 20 जून को बुलाई गई विधानसभा बैठक को वैध ठहराया। राज्यपाल से कहा कि वह इस दौरान पास किए गए विधेयकों पर फैसला लें। राज्यपाल सचिवालय ने दलील दी थी कि मार्च में बुलाई गए बजट सत्र को खत्म करने की बजाय स्थगित किया गया. जून में दोबारा बैठक बुलाए गई. यह गलत है. इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्पीकर के पास ऐसा करने का अधिकार है. कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि विधानसभा सत्र को अनिश्चित काल तक स्थगित रखना भी सही नहीं है।

### कांग्रेस जो कहती है ...

की घोषणा किया था उस पर भाजपा के पूर्व मंत्री ने छत्तीसगढ़ में 20 में चिंटल धान नहीं होने सबंधित बात कही थी अब भाजपा किस मुंह से 21 क्विंटल धान की खरीदी करेगी । मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ी संस्कृति खेलकूद बोली भाषा बोरे बासी का सम्मान बढ़ाया। सरकार बनने पर प्रति गैस सिलेंडर की रिफिलिंग में 500 रूपये की सब्सिडी, 200 यूनिट तक बिजली बिल फ्री, 10 लाख तक स्वास्थ्य बीमा, और केजी से पीजी तक की शिक्षा निशुल्क दिलाएंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री सीमा वर्मा ने किया। इसके पूर्व बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने भी सभा को सम्बोधित किया। सुहेला की विशाल चुनावी सभा में बलौदाबाजार के वर्तमान विधायक प्रमोद शर्मा, सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा, संदीप पांडेय, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, संतोष तिवारी, विश्वनाथ द्विवेदी, दिनेश यदु, आशा यादव, उमा अनंत, डॉ फारुकी, मकसूदन साहू, सुभाष मिश्रा, अनिल साहू, उमेश वर्मा, राकेश वैष्णव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थें।

बिलाईगढ के पवनी में भी चुनावी सभा को मुख्यमंत्री ने सम्बोधित किया-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बिलाईगढ़ विधानसभा के नगर पंचायत पवनी के स्कूल मैदान मे पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनावी आमसभा मे आसपास से हजारो की संख्या मे पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, किसानो व ग्रामीणो को संबोधित करते हुए बिलाईगढ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे को वोट देने की अपील की। वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। लगातार मोदी जी केवल जुमला फैला रहे है, 15 वर्षों तक रमन सिंह की सरकार केवल किसानो को झूठ बोलकर ठगा है, रमन सिंह ऐसा कोई सगा नही जिसको ठगा नही भी कहा। उक्त कार्यक्रम मे कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरूण मालाकार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिलाईगढ भागवत साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सरसींवा पंकज चन्द्रा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनाखान युधिष्ठिर नायक, नगर पंचायत भटगांव उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, ताराचंद देवांगन, नेमीचंद केशरवानी, दीपक टण्डन, चन्द्रशेखर सोनवानी के साथ कांग्रेस के दिग्गज नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### किसानों का कर्जा ...

अब मोदी की गारंटी दे रही है। 15 लाख तो दूर 15 पैसे भी खातों में नहीं पहुँचे। भाजपा के घोसणा पत्र को छलावा एवं दिखावा बताया। भाजपा ने पंद्रह साल में छत्तीसगढ़ का कोई विकास कार्य नहीं किया। अब वे क्या करेंगे। भाजपा ने पंद्रह सालों तक छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता को छ्ला और जब सत्ता चली गई तो कांग्रेस के घोषणाओं की नकल करते हुए अपना घोषणा पत्र ले आए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के सामने रमन सिंह की गारंटी नहीं चली तो अब मोदी की गारंटी लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रसोई गैस , पेट्रोल, डीजल एवं मिट्टी तेल जैसे उपयोगी चीजों पर बेतहाशा वृद्धि कर लोगों को परेशान कर रखा है। रमन सिंह ने अपने कार्यकाल में ग्रामीणों को जर्सी गाय देने का वायदा किया था जिसे उन्होंने आज तक नहीं निभाया। प्रदेश के वनवासियों तेंदूपत्ता संग्राहकों, गरीबों, किसानों, छात्र-छात्राओं, युवा, महिला एवं बुजुर्गों में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में 17 नवम्बर को मतदान करने काफी उत्साह एवं उमंग है। लोग कह रहे हैं कि छत्तीसगढ में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका विकास सबका साथ चाहती है। कांग्रेस पार्टी ने सभी लोगों के साथ न्याय किया है। मेरे प्रदेश के अन्नदाता प्रसन्न रहे इससे बढ़कर कुछ नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में केजी से लेकर पीजी तक छात्र-छात्राओं को मुफ्त में शिक्षा दिया जायेगा। कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। मैने पांच साल में छत्तीसगढ़ में वायदे से ज्यादा काम करके लोगों को दिखा दिया है। मैं भाजपा नेताओं की तरह लबरा नहीं हुँ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बागबाहरा के चुनावी जनसभा कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ को देखकर कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव का पीठ थपथपाया। श्री यादव ने सभी मतदाता भाइयों बहनों का बार-बार प्रणाम करते हुए कहा कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने 17 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर पंजा छाप में वोट देकर भारी मतों से जिताने की विनम्र अपील की है। नगर में आयोजित कांग्रेस के चुनावी जनसभा कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव नायक राम चंद्राकर एवं आभार व्यक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेन्द्र चंद्राकर, दीपक अग्रवाल, संतोष जैन, लक्ष्मण उजाला ?, हीरा सेतराम बघेल, बसंता ठाकुर, दुर्गा सागर, रवि निषाद, गणेश शर्मा, नवनीत सलूजा, बलबीर बग्गा, खोमेश साहू , रामेश्वर चक्रधारी, देवेश साहू, मंता राम यादव समेत कांग्रेसजन, नगरवासी एवं ग्रामीणजन हजारों की संख्या में मौजूद थे। मुख्यमंत्री सरायपाली एवं बसना के चुनावी जनसभा को निपटाकर दोपहर पौने चार बजे बागबाहरा के रावणभांठा मैदान में हेलीकाप्टर से प्रदेश के मंत्री मोहन मरकाम के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीस मिनट तक भाषण देने के बाद यहाँ से सवा चार बजे आरंग के लिए रवाना हो गए। वे यहाँ मात्र आधे घंटे रहे। मुख्यमंत्री के पहुंचने के पूर्व दो घंटे तक जनसभा कार्यक्रम के पास लोककला मंच के मंजे हुए कलाकारों ने अपनी कला की रंगारंग प्रस्तुति देकर लोगों का मनोरंजन करता रहा। उनके कला को देखकर लोग खूब तारीफ़ कर तालियां बजाते रहे।

### अनुशासनहीनता के आरोप में ...

यादव को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब पेश करने और जवाब संतोषजनक ना पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी थी। शुक्रवार को 24 घंटे का अल्टीमेटम समाप्त होते ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जवाब को संतोषजनक ना पाते हुए पार्टी की प्राथमिकत सदस्यता निलंबित कर दिया है। मालूम हो कि महापौर रामशरण और पूर्व विधायक अरुण तिवारी के बीच बातचीत का आडियाो वायरल होने और पीसीसी की नोटिस के बाद से ही इस बात की अटकलबाजी लगाई जा रही थी कि चुनाव के समय इस तरह के आरोप से दिग्गज नेताओं की ना केवल नाराजगी बढ़ी वरन कार्रवाई की बात भी कही जा रही थी। अटकलबाजी पर पीसीसी ने विराम लगा दिया है।

### महापौर की कुर्सी भी जाएगी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्रवाई के बाद अब इस बात की अटकलें जोर पकड़ने लगी है कि दिग्गज कांग्रेसी नेताओं के साथ ही पीसीसी का अगला कदम क्या होगा। इस बात की चर्चा है कि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता निलंबित होने के बाद महापौर की कुर्सी भी रामशरण यादव को छोड़नी पड़ेगी। सदन वे कांग्रेस का पूर्ण बहुमत है और सदन के नेता के रूप में वे कार्य कर रहे हैं। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता निलंबित होने के बाद कांग्रेस के पार्षद उनको अपना नेता कैसे स्वीकार करेंगे। विधानसभा चुनाव के बाद एक बार फिर स्थानीय राजनीति में सरगर्मी बढ़ेगी। सत्ताधारी दल के भीतर एक बार फिर मेयर की कुर्सी दौड़ शुरू होगी। बीते चुनाव में राजनीति कारणों और समीकरण के चलते जो चूक गए थे एक बार फिर उनकी सक्रियता बढ़ेगी। दावेदारों के साथ ही पार्षदों की पूछपरख भी बढ़ेगी। निश्चिततौर विधानसभा चुनाव के बाद स्थानीय राजनीति एक बार फिर गरमाएगी।

### क्या है पीसीसी का पत्र

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में पार्टी संगठन के खिलाफ अनंगल वार्तालाप करते हुए पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण जारी कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने के कारण रामशरण यादव महापौर नगर पालिक निगम बिलासपुर को 10 नवंबर 2023 को भारतीय राष्टीय कांग्रेस (इंडियन नेशनल कांग्रेस) की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### निर्णय की इनको दी गई जानकारी

कुमारी सैलजा महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी, भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़,टीएस. सिंहदेव उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, डा चरणदास महत अध्यक्ष-प्रदेश चुनाव अभियान समिति, धनेन्द्र साहू विधायक एवं अध्यक्ष-प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ,डा. चंदन यादव एआइसीसी सचिव एवं छग. प्रभारी

### बेमचा भाठा मैदान में ...

भविष्य के डाक्टर अध्ययन कर रहे है। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। कार्यकर्ता आम जनता भी आमसभा को लेकर उत्सुक है। प्रदेश की जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। भाजपा के संकल्प पत्र में जिस प्रकार नारी शक्ति को महत्व मिला है और प्रत्येक विवाहित महिलाओं को साल में 12 हजार रुपए देने का घोषणा हुआ है तब से महिलाओं में खुशी की लहर है और महिलाएं स्वस्फूत यह महसूस करने लगी है कि पहली बार महिलाओं को सम्मान दिया जा रहा है और महिलाओं को लेकर योजनाएं बन रही है। जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि जिले के सरायपाली, बसना, खल्लारी और महासमुंद के अलावा रायपुर जिले के आरंग और गरियाबंद जिले के राजिम विधानसभा से जनता और कार्यकर्ता मोदी की आमसभा में पहुंचेंगे। इसकी व्यापक तैयारी की जा रही है।

### जशपुर के भाजपा प्रत्याशी ...

1951 के प्रावधानों स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए रायमुनी को तत्काल जवाब प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया है। निर्वाचन आयोग ने समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने की दशा में भाजपा प्रत्याशी रायमुनी के खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही करने की बात कही है, जिसके लिए वे खुद जिम्मेदार होगी।

### नक्सलियों ने एनएमडीसी में ...

गए जहाँ से नक्सली भाग खड़े हुए सीआईएसएफ के जवानों द्वारा दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया बता दे की प्रशासन द्वारा कराये गए शांति पूर्ण चुनाव के बाद इस घटना से नक्सलीयो की बौखलाहट साफ देखा जा सकता है।


**NECC**

| 11.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.50 | 80 | 170 |
| चिल्लर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 565 सैकड़ा

दर्जन अंडा 75 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA


## दुनिया को जानें

### रूस के चुकोटका में लापता एएन-2 विमान मिला

**मॉस्को,** 10 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के चुकोटका स्वायत्त क्षेत्र में शुक्रवार को गायब हुआ एएन-2 विमान मिल गया है, जिसमें तीन लोग सवार थे। प्रांत के गवर्नर व्लादिस्लाव कुजनेत्सोव ने यह जानकारी दी। गवर्नर ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, लापता विमान मिल गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, सभी तीन लोग - पायलट और यात्री - जीवित हैं। हालांकि, उन्हें अलग-अलग गंभीरता की चोटें आई हैं' रूस के सुदूर पूर्व के चुकोटका में स्ट्रिज एविया एयरलाइंस द्वारा संचालित एक एएन-2 विमान आज सुबह लापता हो गया जिसमें तीन लोग सवार थे। स्थानीय आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि विमान ने पेवेक से पॉलीर्नी के लिए उड़ान भरी लेकिन लैंडिंग के निर्धारित समय पर उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। विमान में चालक दल के दो सदस्य और एक यात्री सवार है। रिपोर्ट में कहा गया कि एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर बचावकर्मियों के साथ एक खोज मिशन पर रवाना हुआ है। बताया जाता है कि कथित तौर पर एएन-2 बंदरगाह शहर पेवेक से माल ले जा रहा था। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इस क्षेत्र में कई दिनों से मौसम खराब है और जमीन पर मोटी बर्फ जमी हुई है।

# खेल जगत

## प्रसिद्ध कृष्णा अपार संभावनाओं वाले एक रोमांचक खिलाड़ी हैं : शेन बॉन्ड



**नागपुर,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2008 चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के नवनियुक्त सहायक कोच और तेज गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा एक रोमांचक क्रिकेटर हैं, जिनमें खेल में उत्कृष्टता हासिल करने की अपार संभावनाएं हैं। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत की टीम में हार्दिक पांड्या के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाए जाने से पहले, कृष्णा ने नागपुर में हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में रॉयल्स के ऑफ-सीजन प्रशिक्षण शिविर के दौरान बॉन्ड के तहत काम किया था। सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेलते हुए कृष्णा ने 17 वनडे मैचों में 29 विकेट लिए हैं, इसके बाद उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए खेला। जब भारत ने अगस्त में टी20 के लिए आयरलैंड का दौरा किया और सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप मैच खेला तो वह पीठ के स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण लंबी छुट्टी से लौटे।

# न्यूजीलैंड के रचिन और वेस्टइंडीज की मैथ्यूज अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**दुबई** 10 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को पुरुष वर्ग में और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग में अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने शुक्रवार को अक्टूबर माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार में चयन होने वाले खिलाड़ियों की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को अक्टूबर माह में विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ। वहीं ऑस्ट्रेलिया में टी-20 में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

आईसीसी ने न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को भारत में चल रहे क्रिकेट विश्व कप 2023 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में रचिन ने अहमदाबाद में गत चैंपियन इंग्लैंड पर नौ विकेट की शुरुआती दिन की जीत में नाबाद 123 रन बनाकर जल्द ही सुर्खियां बटोर लीं। उन्होंने नीदरलैंड्स के खिलाफ (51) और भारत के खिलाफ (75) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 गेंदों में 116 रन की शतकीय पारी खेली। कुल मिलाकर उन्होंने अक्टूबर में खेले गये अपने छह मुकाबलों के दौरान 81.20 की औसत से 406 रन बनाए है।

आईसीसी ने महिला वर्ग में वेस्टइंडीज की मैथ्यूज को ऑस्ट्रेलिया में टी -20 मैचों में शानदार प्रदर्शन के इस पुरस्कार से नवाजा गया है। उत्तरी सिडनी में पहला मैच आठ विकेट से हारने के बावजूद कप्तान मैथ्यूज ने शीर्ष क्रम में नाबाद 99 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया एलिसा हीली का बेशकीमती विकेट भी लिया। मैथ्यूज ने इसके बाद यकीनन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीत के लिए 213 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए 64 गेंदों (20 चौकों और पांच छक्कों) में नाबाद 132 रन बनाकर बेथ मूनी के विकेट लेने के बाद एक आकर्षक जीत हासिल की। उन्होंने अंतिम मुकाबले में 79 रन अर्धशतक लगाया, जिससे महीने का अंत 155 की औसत से श्रृंखला में 310 रन बनाये।

23 वर्षीय बल्लेबाज रवींद्र न्यूजीलैंड के लिए विश्व कप में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने इस विश्व कप से पहले सिर्फ 12 वनडे मैच खेले थे और उन्होंने विश्व कप के पहले मैच में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ शानदार शतक लगाकर लोगों का ध्यान अपनी और खींचा था। फिर नीदरलैंड्स (51) और भारत (75) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसके बाद उन्होंने धर्मशाला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में भी शानदार शतक जमाया। उन्होंने 89 गेंदों में 116 रन बनाए. कुल मिलाकर, रवींद्र ने 81.20 की औसत से 406 रन बनाए।

पुरस्कार मिलने पर रवींद्र ने कहा, मैं यह पुरस्कार जीतने के लिए बहुत आभारी हूं। यह व्यक्तिगत रूप से और टीम के लिए एक विशेष महीना रहा है। भारत में विश्व कप खेलना वास्तव में विशेष रहा है। उन्होंने कहा कि टीम के समर्थन से मुझे बहुत मदद मिलती है। आप बहुत स्वतंत्रता के साथ क्रीज पर जाकर अपना स्वाभाविक खेल खेल सकते हैं। सौभाग्य की बात यह है कि विकेट वास्तव में बल्लेबाजी के लिए अच्छे हैं, जो मेरे खेल के अनुकूल है। मैथ्यूज ने कहा, मैं अक्टूबर के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवार्ड प्राप्त करने के लिए बहुत आभारी हूं। मुझे वेस्टइंडीज की जर्सी पहनना पसंद है। हर बार जब मैं मैरून और गोल्ड पहनती हूं, तो यह निश्चित रूप से एक अतिरिक्त परत जोड़ता है जहां आप मैदान पर जा सकते हैं और अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, न केवल अपने लिए और टीम के लिए, बल्कि यह जानने में कि क्रिकेट कैरेबियाई लोगों के लिए कितना मायने रखता है और यह लोगों को एक साथ कितना ला सकता है।



## एलन डोनाल्ड छोड़ेंगे बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी कोच का पद

**पुणे।** दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने मौजूदा 2023 पुरुष वनडे विश्व कप में टीम के अभियान के बाद बांग्लादेश के तेज गेंदबाजी कोच का पद छोड़ने का फैसला किया है। डोनाल्ड को जुलाई 2022 में इस भूमिका के लिए नियुक्त किया गया था और टीम के साथ उनका आखिरी मैच शनिवार को एमसीए स्टेडियम में अपने अंतिम विश्व कप लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। एलन डोनाल्ड ने कहा कि शुरू में उन्हें एक साल के विस्तार से कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के कारण उन्होंने यह पद छोड़ने का फैसला किया। विश्व कप के दौरान मैंने मौखिक रूप से अनुबंध स्वीकार कर लिया था। हालांकि, मैंने कोई अनुबंध साइन नहीं किया लेकिन मैं एक साल के विस्तार के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए ढाका वापस जाने के लिए तैयार था। मैं इसे पूरा करने और देखने के लिए उत्साहित था कि हम इस तेज गेंदबाजी समूह को और भी आगे कैसे बढ़ा सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने डोनाल्ड के हवाले से कहा, विश्व कप में मेरे पास इस पर विचार करने के लिए समय था। मैंने सोचा था कि 12 महीने एक लंबा समय लगता है। कार्यक्रम बहुत व्यस्त दिखता है।

## हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में न्यूजीलैंड, अमेरिका और इटली से भिड़ेगा भारत



**नई दिल्ली,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड,अमेरिका और इटली से भिड़ेगी। प्रतियोगिता में जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और भारत पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को दो पूलों में बांटा गया है, जिसमें भारतीय महिला हॉकी टीम को पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य हैं।

ओलंपिक क्वालीफायर के पूल चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने ग्रुप में हर दूसरी टीम से एक बार भिड़ेगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें 18 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान का मैच 19 जनवरी को होगा। टूर्नामेंट में तीन सर्वश्रेष्ठ टीमे पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर जायेंगी।

भारतीय कप्तान सविता ने कहा, हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। विरोधी टीमों की रैंकिंग हमें परेशान नहीं करती। हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारत आने वाली सभी कठिन टीमों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने जुलाई में जर्मनी से खेला था, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा मुकाबला किससे है।

मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने सविता के आत्मविश्वास को दोहराते हुए कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 से बहुत कुछ सीखने को मिला, जहां वे जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के खिलाफ अपराजित रहीं।

उन्होने कहा बहुत सी चीजें हमारे लिए अच्छी रहीं, लेकिन हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं। हमें अनावश्यक कार्डों से बचना होगा और अपने रेफरल का बेहतर उपयोग करना होगा। इस टूर्नामेंट ने दिखाया कि हम एक कठिन टीम हैं। इसलिए, हम खुद पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, सुधार के तरीकों की तलाश करेंगे और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 245 रनों का लक्ष्य



**अहमदाबाद** 10 नवंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान ने शुक्रवार को आईसीसी विश्वकप के 42वें मुकाबले में अजमतुल्लाह उमरजई नाबाद 97 रनों की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 245 रनों बनाने का लक्ष्य दिया है।

नरेंद्र मोदी स्?टेडियम में आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत ठीक रही, उसके सलामी बल्लेबाज रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। नौंवे ओवर की पहली गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज 25 रन के रूप में अफगानिस्तान को पहला झटका लगा। वह महाराज की गेंद पर क्लासन को कैच थमा बैठे।

उसके बाद 10ओंवर में जदरान 15 रन को कोएत्जी ने डि कॉक के हाथों कैच आउट करा दिया। बल्लेबाजी करने आये कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी दो रन पर महाराज ने डि कॉक के हाथों कैच आउट होकर पवेलियन लौट गये। 25 ओवर में रहमत शाह 26 एनगिडी का शिकार बने। इसके बाद लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। इकराम अलीखिल 12 रन, मोहम्मद नबी दो रन, राशिद खान 14 रन, नूर अहमद 26 रन, मुजीब उर रहमान आठ रन, नवीन उल हक दो रन बनाकर आउट हुए। अजमतउल्लाह उमरजई 107 गेंदों में 97 रन बनाये। वह तीन रन से विश्वकप में अपना शतक बनाने से चूक गये। अफगानिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 244 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीकी की ओर से गेराल्ड गोएत्जी ने चार विकेट लिये। वहीं महाराज और एनगिडी ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। फेहलुकवायो को एक विकेट मिला।

# मैक्सवेल के लिए पिछले कुछ दिन काफी व्यस्त रहे : विटोरी

**पुणे,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान पर शानदार जीत के बाद नाबाद 201 रनों की पारी खेलने के बाद ग्लेन मैक्सवेल को अब भी दर्द महसूस हो रहा है और गेंदबाजी कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि मैक्सवेल पिछले कुछ दिन बड़े हिट लगाने के लिए काफी व्यस्त रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया का अंतिम ग्रुप मैच शनिवार सुबह पुणे के एमसीए स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ है और मैक्सवेल, जिन्हें पांच बार के चैंपियन को रोमांचक जीत दिलाने के दौरान शरीर में ऐंठन हो गई थी, ने अभी तक मैच के लिए अभ्यास नहीं किया है, जो वास्तव में एक बेकार रबर है। ऑस्ट्रेलिया ने अपना सेमीफाइनल स्थान पक्का कर लिया है। वह निश्चित रूप से पिछले कुछ दिनों से पूरी तरह से रिकवरी मोड में है। हम सभी ने पारी का प्रभाव देखा और विशेषकर गर्मी का। तो, आज एक बड़ा दिन है, देखें कि वह कैसे आगे



बढ़ता है। लेकिन जाहिर तौर पर हमें कुछ दिनों की छुट्टी मिली थी इसलिए कोई प्रशिक्षण नहीं हुआ। वह आज यहां नहीं है लेकिन हम देखेंगे कि दिन चढ़ने के साथ वह कैसा महसूस करता है। लेकिन जाहिर तौर पर पिछले कुछ दिन उनके लिए काफी व्यस्त रहे हैं। यह वैसा ही होगा जैसा वह महसूस करता है - मुझे नहीं लगता कि यह फिटनेस परीक्षण परिदृश्य होगा। विटोरी ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम समझते हैं कि जाहिर तौर पर अब जबकि सेमीफाइनल 16 नवंबर को कोलकाता में निश्चित है, तो यह उसी की ओर एक कदम होगा। उसके पास मैच से कुछ समय दूर रहने के बाद भी बहुत तेजी से वापसी करने में सक्षम होने का ट्रैक रिकॉर्ड है। इसलिए, यह इस पर निर्भर करेगा कि दिन कैसा गुजरता है और फिर कोई निर्णय लेना चाहिए। दिन का खेल होने के कारण, शायद इसका मतलब है कि आज रात वे फैसला करेंगे। ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के अपने पहले मैच के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर सीन एबॉट को लाने पर भी विचार कर सकता है, और शनिवार के मुकाबले के लिए कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड में से किसी एक को आराम दे सकता है। मुझे लगता है कि अगर आप शुरू से ही उन तीन तेज गेंदबाजों को कम समय में नौ गेम तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं, तो हम हमेशा यह मानते हैं कि यह एक कठिन चुनौती होगी। इसलिए शॉन हमेशा उनमें से एक के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में तस्वीर में था।

न्यूजीलैंड के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर विटोरी ने कहा, तो मुझे लगता है कि यह एक बार फिर से समीकरण में आ जाएगा, मुझे लगता है कि बस इस बात पर विचार करना होगा कि हर कोई इन पिछले कुछ दिनों में कैसे गुजरता है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह सिर्फ खेल खेलने की कोशिश का मामला होगा - यह ऐसा मामला होगा कि उन तीन तेज गेंदबाजों में से एक को थोड़े ब्रेक की जरूरत है। स्पिन-गेंदबाजी विभाग के संदर्भ में, लेग स्पिनर एडम ज़म्पा टूर्नामेंट में आठ मैचों में 19.20 की औसत से 20 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं।

स्पष्ट रूप से चोटों और बीमारी के कारण वास्तव में खेलने में सक्षम होना बहुत कठिन शुरुआत थी। संभवतः पहले तीन मैच कुछ हद तक खराब थे - खैर यह एक अद्भुत प्रयास था क्योंकि मुझे लगता है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ हटने के काफी करीब था। टॉस से ठीक पहले तक फिटनेस टेस्ट. इसलिए, उसे आगे बढ़ते हुए देखना शुरुआती बिंदु रहा है। लेकिन मुझे लगता है कि उनकी लंबाई पर उनका नियंत्रण सबसे अच्छा रहा है जो मैंने इस अवधि में देखा है, खासकर उन तीन मैचों के दौरान जहां उन्होंने लगातार चार विकेट लिए और फिर इंग्लैंड के खिलाफ, मुझे लगता है कि उनकी लंबाई पर नियंत्रण है।

## आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 0 | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 0 | 14 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |

## सार संक्षेप

### क्रिस लिडल को इंग्लैंड का महिला प्रदर्शन तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (डब्ल्यूसीबी) ने क्रिस लिडल को इंग्लैंड महिला टीम का परफॉर्मेंस तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। लिडल नॉर्थम्पटनशायर से आए हैं, जहां वह सहायक मुख्य कोच और प्रमुख तेज गेंदबाजी कोच थे। इंग्लैंड टीम के साथ उनका पहला कार्य अगले महीने भारत दौरे पर होगा। क्रिस लिडल ने कहा, मैं नॉर्थम्पटनशायर को बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहता हूं। मैंने क्लब में अपने समय और खिलाड़ियों तथा सभी बैकरूम स्टाफ के साथ काम करने का भरपूर आनंद लिया है। पिछले कुछ वर्षों में व्यक्तियों के विकास और टीम की सफलता को देखना और उसका समर्थन करना बहुत अच्छा रहा है। खासकर टी20 क्रिकेट में गेंदबाजी आक्रमण की विकेट लेने की क्षमता में सुधार के साथ। मैं सैड्स (जॉन सैडलर) और टीम को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। इंग्लैंड महिलाओं के साथ जुड़ना अविश्वसनीय रूप से रोमांचक समय है। मैं वास्तव में शुरुआत करने के लिए उत्सुक हूं। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में लिडल ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में तेज गेंदबाजों की मांग बढ़ी है और मैं उन्हें लंबे समय तक सफल होने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने में सक्षम होना चाहता हूं। 39 वर्षीय लिडल ने पिछले दो वर्षों से लंदन स्पिरिट महिला कोचिंग टीम के साथ काम किया है और नॉर्थम्पटनशायर के साथ अपनी भूमिका के तहत ऑफ-सीज़न के दौरान सनराइजर्स टीम के साथ भी काम किया है।

### श्रीलंका के खराब प्रदर्शन का कारण है निरंतरता की कमी : क्रिस सिल्वरवुड

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड से पांच विकेट की हार के साथ विश्व कप 2023 में श्रीलंका का अभियान समाप्त होने के बाद मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड टूर्नामेंट में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन का कारण टीम में निरंतराता की कमी बताई।

# विश्व कप में लहरा रहा है एडम जम्पा का परचम

**नई दिल्ली,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के गतिशील स्पिनर, एडम ज़म्पा, मौजूदा आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में एक महत्वपूर्ण ताकत बनकर उभरे हैं, उन्होंने गेंद के साथ अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है और बल्ले से भी बहुमूल्य योगदान दिया है। उनकी सफलता की यात्रा 2021 में दुबई में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से शुरू होती है, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को पहला टी20 विश्व कप खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दुबई में ज़म्पा के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने, 5.81 की प्रभावशाली इकॉनमी दर से 13 विकेट लेकर, उन्हें प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंटों में ऑस्ट्रेलिया के पसंदीदा स्पिनर के रूप में स्थापित किया। मौजूदा वनडे विश्व कप में उनकी प्रतिष्ठा और भी मजबूत हुई है, जहां उन्होंने पहले ही आठ मैचों में 20 विकेट ले लिए हैं, जिससे वह टूर्नामेंट में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। लेग स्पिनर को टूर्नामेंट में एक चुनौतीपूर्ण क्षण का सामना करना पड़ा, चेन्नई में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हार में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। हालाँकि, उनका लचीलापन सामने आया और बाद के मैचों में, ज़म्पा ने एक सनसनीखेज बदलाव की पटकथा लिखी। श्रीलंका के खिलाफ, शुरुआत में 21 ओवरों में 1-145 के आंकड़े के साथ संघर्ष करने के बाद, उन्होंने उल्लेखनीय वापसी की और 69 ओवरों में 9.66 के प्रभावशाली औसत से 20 विकेट हासिल किए।

निर्णायक मोड़ श्रीलंका के खिलाफ मैच में आया, जहां ज़म्पा के चार विकेट ने मैचों को प्रभावित करने की उनकी



क्षमता का प्रदर्शन किया। इसने एक सिलसिले की शुरुआत की जहां उन्होंने निम्नलिखित चार विश्व कप मैचों में लगातार तीन या अधिक विकेट लिए, इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वनडे विश्व कप के इतिहास में पहले व्यक्ति के रूप में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया। 2019 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की निराशा पर विचार करते हुए, ज़म्पा ने एक दिवसीय विश्व कप खिताब जीतने की तीव्र इच्छा व्यक्त की। उनके दृढ़ संकल्प और शानदार प्रदर्शन ने न केवल ऑस्ट्रेलिया को खिताब दिलाने में योगदान दिया है, बल्कि उन्हें आईसीसी वनडे रैंकिंग में भी बढ़त दिलाई है, जिससे वह वर्तमान में इस प्रारूप में तीसरे सर्वश्रेष्ठ वनडे गेंदबाज हैं।

ज़म्पा ने आईसीसी से कहा, आपको विश्व कप जीतने का मौका अक्सर नहीं मिलता है। हम अभी भी उस विश्व कप के बारे में सोच रहे हैं जो हमने कुछ साल पहले (2021) जीता था और उस भावना को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम अपने 2019 विश्व कप से निराश थे और वह कैसे समाप्त हुआ और हमारे पास अभी भी एक दिवसीय विश्व कप जीतने की तीव्र इच्छा है।

कप्तान पैट कमिंस को ज़म्पा के रूप में न केवल बीच के ओवरों में बल्कि महत्वपूर्ण डेथ ओवरों में भी एक शक्तिशाली हथियार मिला है। ज़म्पा की बल्लेबाजों को पढ़ने और उसके अनुसार अपनी विविधताओं को अपनाने की क्षमता ऑस्ट्रेलिया के लिए महत्वपूर्ण विकेट लेने में सहायक रही है। ज़म्पा की निरंतरता 2022 की शुरुआत से उनके प्रदर्शन से रेखांकित होती है, जहां वह 29 मैचों में 65 विकेट के साथ एकदिवसीय क्रिकेट में अग्रणी विकेट लेने वालों में से एक हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने ज़म्पा की असाधारण निरंतरता की सराहना की और उन्हें विश्व स्तर पर प्रमुख सफेद गेंद स्पिनर के रूप में मान्यता दी। ज़म्पा का योगदान विकेट लेने से परे है, क्योंकि वह 2019 एकदिवसीय विश्व कप के बाद से 50 ओवर के क्रिकेट में डेथ ओवरों में ऑस्ट्रेलिया के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। जैसा कि ज़म्पा विश्व मंच पर चमकना जारी रख रहे हैं, उनकी यात्रा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का उदाहरण देती है, जिससे प्रशंसक आईसीसी वनडे विश्व कप के शेष मैचों में उनके प्रभुत्व की पराकाष्ठा को देखने के लिए उत्सुक हैं।

## ऑस्ट्रेलिया अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा

**पुणे,** 10 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया शनिवार को होने वाले बंगलादेश के खिलाफ नॉकआउट चरण के आखिरी मुकाबले में अपनी लय बरकरार रखने के लिए उतरेगा। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में लगातार छह मैच जीते हैं और अगले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाले कड़े सेमीफाइनल से पहले वह लगातार सातवां मुकाबला जीतना चाहेगा। जानकारों के अनुसार ऐसा माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया बंगलादेश के खिलाफ आसानी से जीत हासिल कर लेगा। सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ट्रैविस हेड अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली शुरुआत में चूक गए थे वे इस मुकाबले में बड़े स्कोर के लिए उत्सुक होंगे। फॉर्म में चल रहे स्पिनर एडम जम्पा के पास टूर्नामेंट में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने बनने का अवसर होगा। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल जबरदस्त फॉर्म में हैं और मुंबई में अफगानिस्तान के खिलाफ उनके अद्भुत दोहरे शतक ने ही दिखाया कि वह गाने पर कितना प्रभाव डाल सकते हैं।

वहीं बंगलादेश आठ में छह मैच हार कर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी है वह इस मुकाबले में जीत के साथ 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित करने के करीब पहुंच सकता है। हालांकि यह उसके लिए आसान नहीं होगा। कप्तान शाकिब अल हसन उंगली की समस्या के कारण टीम से बाहर हो गए हैं और कार्यवाहक कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो जैसे खिलाड़ियों को उनकी अनुपस्थिति में आगे बढ़ना होगा। ऐसे में बंगलादेश की युवा टीम का मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक नेतृत्व और दिशा प्रदान करना लिटन दास पर निर्भर होगा। दास का विश्व कप अभियान अब तक अपेक्षाकृत शांत रहा है और उन्होंने 31 की औसत से केवल 248 रन बनाए हैं और वह ऑस्ट्रेलिया जैसी की शक्तिशाली टीम के खिलाफ बड़े स्कोर के साथ समापन करने के लिए उत्सुक होंगे।

## सुडोकू 6373 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 | 9 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 9 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 |
| 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 2 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 |

# विशेष प्रेक्षकों ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा



**बलौदाबाजार,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार (सेवा निवृत्त आईएएस), विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा (सेवा निवृत्त आईपीएस) विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा (सेवा निवृत्त आईआरएस) एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ नीलेश कुमार क्षीरसागर ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के समंबन्ध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले के तीनों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर से निर्वाचन की तैयारी तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए अचार संहिता अनुपालन, निर्वाचन व्यय तथा मतदाताओ की सुविधा के सम्बंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

विशेष सामान्य प्रेक्षक श्री धर्मेन्द्र एस गंगवार ने पिछले विधानसभा निर्वाचन में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत की कमी के कारण की जानकारी लेते हुए इस बार मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी के लिए रिटर्निंग ऑफिसर को ऐसे सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण करने तथा लोगों की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा जाए। यदि एक भवन में 3 से 4 मतदान केंद्र बनाए गए है तो मुख्य गेट में सभी मतदान केंद्रों की गेट संख्या की तख्ती लगवाएं। मुख्य गेट से ही अलग - अलग मतदान केंद्रों में कतार में जाने के लिए बैरिकेटिंग कराएं। 80 वर्ष से अधिक तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद तक लाने एवं ले जाने की भी सुविधा राजनीतिक दलों तथा अभ्यर्थियों की सहमति से उपलब्ध कराएं। किसी केंद्र में एक हजार से ज्यादा मतदाता पंजीकृत हैं तो वहां अतिरिक्त मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए।

**स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने दिए जरूरी निर्देश**

विशेष पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा ने निगरानी दलों एवं पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई तथा सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने वाहनों की जांच सघनता तथा कड़ाई से करने के निर्देश दिए। विशेष व्यय प्रेक्षक श्री टुटेजा ने अभ्यर्थियों द्वारा अब तक किये गए निर्वाचन व्यय की जानकारी ली। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार क्षीरसागर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए तथा मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराएं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि जिले में स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। मतदाताओ की संख्या बढ़ाने के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने विशेष अभियान चलाए गए। इसीतरह कम मतदान प्रतिशत केंद्र वाले क्षेत्र में स्वीप अन्तर्गत विशेष मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने बताया कि पुलिस के द्वारा सघन जाँच कर उचित करवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के 1009 मतदान केंद्रों में से 265 केंद्र राजनीतिक रूप से संवेदनशील हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री के जवानों को भी तैनात किया जाएगा। बैठक में बलौदाबाजार एवं भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अनीश शेखर, कसडोल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ.राजेंद्र भारूड, पुलिस प्रेक्षक नजमुल होडा, व्यय प्रेक्षक श्री संतोष कुमार गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आर आर दुबे सहित तीनो विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर एवं व्यय लेखा दल के सदस्य उपस्थित थे।

# मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक



**महासमुंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु) ।विकासखंड पिथौरा में 17 नवंबर को आयोजित विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदाताओं को जागरूक करने व शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए स्वीप अर्थात सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम अन्तर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रविराज ठाकुर व जिला परियोजना अधिकारी रेखराज शर्मा के मार्गदर्शन एवं पिथौरा तहसीलदार व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नितिन ठाकुर व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पिथौरा महेन्द्र राज गुप्ता के निर्देशन में पुष्प वाटिका से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पिथौरा तक वृहद रूप से मानव श्रृंखला का रचना कर आगामी विधानसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को सौ फीसदी मतदान करने हेतु जागृत करने का सफलतापूर्वक प्रयास किया गया। मानव श्रृंखला में स्कूली विद्यार्थियों ने मतदान जरुर करे स्लोगन के साथ हर एक नागरिक को वोट देना अनिवार्य है इससे हामरी प्रजातंत्र मजबूत होता हैं का सन्देश दिया। कन्या हायर सेकंडरी स्कूल पिथौरा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम स्कूल पिथौरा शिवा आई टी आई टेकराम दर्शन बीएड कॉलेज जगहोरा के बच्चों तथा नगर पंचायत पिथौरा के सफाई संगवारी व महिला स्वसाहयत समूह के साथी द्वारा मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया जो बहुत ही प्रेरणादायी रहा। श्रृंखला निर्माण के दौरान पुलिस विभाग पिथौरा ने ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में सहयोग प्रदान किया। बच्चों के द्वारा नागरिकों को नारे के माध्यम से मतदान हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने व आयोजन में नगर पंचायत के सीएमओ, स्वीप के नगर नोडल शेखर शुक्ला तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारिका पटेल, परियोजना अधिकारी एफएनंद, नोडल अधिकारी अरुण कुमार देवता उप अभियंता हेमन्त पिसदा, लेखापाल खिलेश साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शांत्रीबाई कालेज में दीप उत्सव का आयोजन




**महासमुंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। शांत्रीबाईकला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय, महासमुन्द मेंआंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं बेस्टप्रेक्टिसेस के तहत महाविद्यालय में दीपावली पर्व पर दीप उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चन्द्राकर द्वारा मां लक्ष्मी, सरस्वती व गणेश जी के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्जवल कर किया गया। दीप उत्सव प्रदर्शनी में छात्र/छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता, दीप सजाओ प्रतियोगिता, तोरणा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमेंछात्र/छात्राओं द्वारा रंग-बिरंगे आकृतियों की सुंदर रंगोली बनाई गयी। दीप सजाओं प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं द्वारा मिट्टी, आटा, गोबर के से मनमोहक दीप बनाकर सजाया गया। तोरण प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न फूलों एवं पत्तियों, वेस्ट मटेरियल, ऊन से आकर्षक तोरण बनाया गया। इसअवसर पर उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चन्द्राकर संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली रोशनी और स्वच्छता का पर्व है। यह पर्व हमें एकता के सूत्र में बंधता है। हमें दीपावली के अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा को भी ध्यान में रखकर सेफ एवं सुरक्षित दीपावली मनाना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालयीन स्टाफ मेनका चन्द्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेन्द्र चन्द्राकर, किशोर कठार, दिव्या चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, लुकेश साहू गायत्री चन्द्राकर गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमनसिन्हा, गुलाब चन्द्राकर, देवानंद चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चन्द्राकर, मानिक पटेल स्वीप अंबेसडर कमलेश नागवंशी व वंदना सिह का विशेष सहयोगर हा।

# वयोवृद्ध मतदाता ने कहा, बदलाव की बयार से वृद्धजन हो रहे लाभान्वित



**धमतरी,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों तक पहुंच पाने में असमर्थ दिव्यांग मतदाताओं सहित 80 वर्ष से अधिक आयु के वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। इसके तहत आज जिले में ऐसे दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही 80 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिये अपने मताधिकार का उपयोग किया।

इस मौके पर जिले की पहली 80 वर्ष से अधिक उम्र की मतदाता भटगांव निवासी श्रीमती जामवती बाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्व में वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने स्वयं मतदान केन्द्र तक जाया करती थी, लेकिन बढ़ती उम्र के साथ अब शरीर भी जवाब देने लगा है। कहीं भी जाने के लिए किसी सहारे की जरूरत पड़ती है। ऐसे में मतदान केन्द्र तक जाना संभव नहीं है। जामवती बाई ने बताया कि कभी सोचा नहीं था कि घर पर भी मतदान किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की इस पहल को सराहनीय बताते हुए केशर बाई ने कहा कि अब बदलाव की बयार बहने लगी है, जिसका लाभ वृद्धजनों को मिल रहा है।

**80 से अधिक आयु वर्ग की जिले में पहली मतदाता बनी जामवती बाई**

वहीं जिले के पहले दिव्यांग मताादाता श्रीमती केशरबाई ने अपने अनुभव साझा करते हुए दिव्यांग होने के कारण मतदान करने में काफी कठिनाईयां का सामना करना पड़ता था। पहली कठिनाई तो मतदान केन्द्र तक जाने में होती थी, फिर लाईन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करने की। इससे मन काफी हतोत्साहित होता था। लेकिन अब निर्वाचन आयोग की पहल से बड़ी ही आसानी से घर बैठे होम वाटिंग के माध्यम से मैं भी लोकतंत्र के महापर्व में अपने मत का प्रयोग करने और सहभागी बनने का मौका मिला है। इसके लिए निर्वाचन आयोग का धन्यवाद करती हूं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा आज चिन्हांकित 87 वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर कसडोल द्वारा निकाली गयी जागरूकता रैली




**कसडोल/बलौदाबाजार,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल के प्राचार्य जयलाल मिश्रा के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को लेकर नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया गया। रैली विद्यालय प्रांगण से निकल कर गौरव पथ मुख्यमार्ग होते हुए पुराना थाना चौक, बागदेवी पारा, महामाया पारा, ब्राह्मणपारा, बजरंग चौक, डा कन्हैयालाल शर्मा चौक होते हुए पूरे नगर का भ्रमण किया।

रैली में स्कूली बच्चों ने बैनर में सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान, बहकावे में कभी न आना, सोच समझ कर बटन दबाना जैसे नारों के साथ मतदाताओं को किसी भी नेता या पार्टी के बहकावे एवं लालच में न आकर योग्य ईमानदार प्रत्याशी को मतदान करने के लिए अपील किया गया।

प्राचार्य जयलाल मिश्रा ने कहा कि प्रजातंत्र में मतदान का बड़ा महत्व है, हम सब के वोट से ही सरकार बनाती है, इसीलिए मतदान सब को करना चाहिए ।हम अपने एक वोट से सरकार ही नही चुनते बल्कि स्वयं एवं अपने आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी तय करते है। इसलिए जनप्रतिनिधि ऐसे चुने जो हम सब के हक एवं अधिकार के लिए लड़ सके ।मतदान सोच समझ कर और बिना किसी के दबाव या प्रलोभन में करना चाहिए ।साथ ही अपने जान पहचान के लोगों और आस पड़ोस में रहने वाले को भी मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# नेशनल लोक अदालत अब होगी 16 दिसम्बर को

**बलौदाबाजार,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के फ्लस्वरूप प्रशासनिक एवं पुलिस अमला चुनावी कार्य एवं उससे जुडे प्रावधानों से प्रतिबंधित रहने से 9 दिसम्बर 2023 को आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत की तिथि को माननीय कार्यपालक अध्यक्ष छ0ग0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार तिथि को परिवर्तित करते हुए उक्त लोक अदालत 16 दिसम्बर 2023 को आयोजित की जावेगी। 9 दिसम्बर 2023 को चिन्हांकित किये गये न्यायालयीन प्रकरण एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण की सुनवाई 9 दिसम्बर 2023 के स्थान पर 16 दिसम्बर 2023 को की जावेगी। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, चेक अनादरण के प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत प्रकरण, पारिवारिक विवाद के प्रकरण, राजस्व मामले, श्रम विवाद के प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकृत किये जावेगे। नेशनल लोक अदालत में विद्युत, दुरसंचार, नगर निगम, पालिका, वित्तीय संस्थान, फाईनेंस कंपनी के प्रीलिटिगेशन राजीनामा के आधार पर निराकरण किये जा सकेगें।

## एसपी द्वारा ईवीएम स्ट्रांग रूम के सुरक्षा में लगे अधिकारी, कर्मचारियों का निरीक्षण

**धमतरी,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों को लेकर संबंधित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांगरूम की सुरक्षा के संबंध में जो इंतजाम किए गए हैं उनके बारे में विस्तार से जानकारी ली। स्ट्रांग रूम के सुरक्षा में जहां पर और सुधार की आवश्यकता थी उसके लिए संबंधित प्रभारी अधिकारी को अवगत भी कराया गया। स्ट्रांग रूम के सुरक्षा के लिए नियुक्त कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम के सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो तुरंत निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराएं तथा तुरंत उसका समाधान कराएं। स्ट्रांग रूम में लगे अधिकारी कर्मचारियों के निरीक्षण एवं ब्रिफिंग के दौरान डीएसपी. भावेश साव, एसडीओपी. नगरी मयंक रणसिंह, डीएसपी. परि. सुश्री विंकेश्वरी पिंदे, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, सहित सुरक्षा में लगे अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## बायोमेट्रिक एथेन्टिकेशन कर किया जा सकेगा धान का विक्रय

**धमतरी,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति के कंडिका क्रमांक 8 में बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी करने के निर्देश दिये गये हैं। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी के लिए किसान स्वयं या उसके द्वारा नामांकित एक नॉमिनी को खरीदी केन्द्र में उपस्थित होकर बायोमेट्रिक एथेन्टिकेशन के आधार पर धान विक्रय किया जा सकेगा। नॉमिनी के रूप में किसान के परिवार के नामित सदस्य (माता, पिता, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, दामाद, पुत्रवधु, सगा भाई, बहन) एवं अन्य करीबी रिश्तेदार मान्य किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि उपरोक्त आधार पर धान खरीदी-विक्रय में कठिनाई आती है, तो विश्वसनीय व्यक्ति के द्वारा बायोमेट्रिक एथेन्टिकेशन कर धान विक्रय किया जा सकेगा।

**न्यायालयः अतिरिक्त जिला न्यायाधीश भाटापारा, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी - मान. शेख अशरफ )
आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता

**ईश्तहार**

व्यव.अपी.क्र. अपं./2023
पेशी दिनांक 08/12/2023
प्रोसेस कमांक 1568
पक्षकार --
महेश भागवानी ...अपीलार्थी
बनाम
आम जनता ( जो भी इससे संबंधित हो ) ..प्रतिवादी
प्रति,

महेश भागवानी - हेतु अपीलार्थी द्वारा, आपके विरूद्ध एक दावा वास्ते सिविल डेथ (मृत्यु) की घोषणा हेतु कि अपीलार्थी के पिता शीतलदास भागवानी, निवासी भगतसिंह वार्ड तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार छ.ग. का निवासी है। दिनांक 03.02.2014 को बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से लगभग दोपहर 02:00 बजे गुम हो गए और आज तक वापस नहीं आए है। शीतलदास भागवानी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। अपीलार्थी द्वारा थाना सिटी तोरवा बिलासपुर छ.ग. में शीतलदास भागवानी की गुमशुदगी सूचना दिनांक 04.02.2014 गुम इंसान क्रमांक 06/2014 दर्ज किया गया। शीतलदास भागवानी विगत 07 वर्षो से अधि क समय से लापता हो जाने तथा उसकी मृत्यु की घोषणा नहीं हो पाने के कारण अपीलार्थी को शासकीय अशासकीय कार्य में असुविधा हो रही है। आपको इस न्यायालय में नियत तारीख 08/12/2023 को 11.00 बजे दिन के दावा के उत्तर देने के लिये उपस्थित होने के लिये नोटिस किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा उपस्थित हो, जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिया गया हो, और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, आपको निर्देश दिया जा रहा है कि आप इस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और आप इस दिन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में या शक्ति में पेश करे, जिस पर आपके प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपने प्रतिरक्षा या मुजराई या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो, विसरत करते हुये आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि उपर वर्णित की गई पेशी तारीख 08/12/2023 को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
टीप :- यदि किसी कारणवंश उक्त पेशी दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है, तो आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी। आज दिनांक 09/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया
सील
अतिरिक्त जिला न्यायाधीश भाटापारा
जिला बलौदाबाजार ( छ.ग. )

**VASWANI INDUSTRIES LIMITED**
CIN:L28939CT2003PLC015964
Regd. Office :BAHESAR ROAD, NEAR CYCLE PARK, VILL -SONDRA PHASE-II, INDUSTRIAL AREA, SILTARA RAIPUR (C.G.) 493221
**Statement of Standalone Financial Results for the Quarter Ended 30.09.2023**
(Rs. in Lakhs)

| S. NO. | Particulars | | For the Quarter Ended 30-Sep-23 (Unaudited) | 30-Jun-23 (Unaudited) | 30-Sep-22 (Unaudited) | For the Half Year Ended 30-Sep-23 (Unaudited) | 30-Sep-22 (Unaudited) | Year Ended 31-Mar-23 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| I | Revenue from operations: | | 8,711.36 | 9,354.60 | 8,663.31 | 18,065.96 | 19,057.30 | 39,185.36 |
| II | Other Income | | 40.22 | 20.00 | 51.24 | 60.22 | 111.50 | 164.80 |
| III | Total Income from Operations | I+II | 8,751.59 | 9,374.60 | 8,714.55 | 18,126.19 | 19,168.80 | 39,350.16 |
| IV | EXPENSES | | | | | | | |
| | a. Cost of materials consumed | | 6,436.15 | 7,508.71 | 6,797.73 | 13,944.86 | 13,920.69 | 27,777.58 |
| | b. Cost of traded goods sold | | 204.67 | 588.20 | 867.46 | 792.87 | 2,547.30 | 3,959.87 |
| | c. Changes in inventories of finished goods | | 308.78 | (618.90) | (430.38) | (310.12) | (232.18) | (188.08) |
| | d. Employees benefits expenses | | 255.94 | 244.97 | 234.98 | 500.91 | 439.33 | 926.05 |
| | e. Finance costs | | 190.02 | 204.86 | 215.07 | 394.88 | 419.90 | 855.07 |
| | f. Depreciation and amortisation expenses | | 93.85 | 92.82 | 34.65 | 186.67 | 183.03 | 365.98 |
| | g. Other Expenses | | 1,143.76 | 1,025.27 | 749.94 | 2169.03 | 1,381.54 | 4,578.92 |
| | Total expenses (a+b+c+d+e+f+g) | IV | 8,633.19 | 9,045.93 | 8,469.44 | 17,679.12 | 18,659.61 | 38,275.39 |
| V | Profit / Loss before exceptional Items & tax | (III-IV) | 118.40 | 328.67 | 245.11 | 447.07 | 509.19 | 1,074.77 |
| VI | Exceptional items | | - | - | - | | | |
| VII | Profit / Loss before and tax | V-VI | 118.40 | 328.67 | 245.11 | 447.07 | 509.19 | 1,074.77 |
| VIII | Tax Expense | | | | | | | |
| | a) Current Tax | | 36.18 | 101.61 | 57.91 | 138.41 | 143.22 | 355.50 |
| | b) Deffered Tax | | (3.44) | (48.87) | 8.41 | (52.31) | (11.04) | 118.15 |
| IX | Profit / (Loss) for the period | VII-VIII | 85.02 | 275.94 | 178.79 | 360.96 | 377.00 | 601.13 |
| X | Other comprehensive Income | | | | | | | |
| | A. (i) Items that will not be reclassified to profit and loss: | | - | - | - | | | (19.12) |
| | (ii) Income tax relating to items that will not be reclassified to profit or loss | | - | - | - | | | - |
| | B. (i) Items that will be reclassified to profit or loss | | - | - | - | | | - |
| | (ii) Income tax relating to items that will be reclassified to profit or loss | | - | - | - | | | - |
| XI | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit (Loss) and Other comprehensive Income for the period) | IX+X | 85.02 | 275.94 | 178.79 | 360.96 | 377.00 | 582.01 |
| XII | Paid-up Share Capital (par value Rs. 10/- each fully paid up) | | 3,000.00 | 3,000.00 | 3,000.00 | 3,000.00 | 3,000.00 | 3,000.00 |
| XIII | Earnings per equity share (Par value Rs. 10/- each) | | | | | | | |
| | i) Basic | | 0.28 | 0.92 | 0.60 | 1.20 | 1.26 | 2.00 |
| | ii) Diluted | | 0.28 | 0.92 | 0.60 | 1.20 | 1.26 | 2.00 |

Place: Raipur
Date: 10.11.2023
BY ORDER OF THE BOARD
FOR, VASWANI INDUSTRIES LIMITED
Sd/- YASHWANT VASWANI
Director
DIN : 01627408
Sd/- SATYA NARAYAN GUPTA
Director
DIN : 09517381
Seal

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव**
**जिला-कोण्डागांव ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/4679/न.पा./राजस्व/2023
कोण्डागांव 10.11.2023

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश कुमार सोनी पिता श्री ओमप्रकाश सोनी निवासी विकास नगर वार्ड 07 में जिला-कोण्डागांव ( छ.ग. ) निवासी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड 10 में बने मकान का समेकितकर एवं अन्य करो में श्री गंगाराम सोनी/श्री बिहारी सोनी का नाम दर्ज है। उक्त मलमामय मकान को आपसी रजामंदी में क्रय विक्रय कर लिया गया है। जिसे आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उपरोक्त संबंध में सुनवाई दिनांक 24.11.2023 तक कार्यालय में नियत की गई है। जिस किसी व्यक्ति को अथवा संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वह अपना दावा आपत्ति स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से उक्त दिनांक को या उनके पूर्व अपना दावा आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

आज दिनांक 10.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव ( छ.ग. )

**कार्यालय संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-धमतरी**
**आम सूचना**
क्रमांक/1281/सं.अधि./सं.प्र.शा/23
धमतरी, दिनांक 31/10/2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत हटकेशर, जिला-धमतरी में निर्मित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यु.एस.-141 श्री सूरज नाग पिता श्री राजकुमार नाग एवं श्रीमती डेहरीन नाग पति श्री राजकुमार नाग को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 433-34, दिनांक 29.02.2020 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी कार्यालय से जारी विक्रय अनापत्ति/अपुमति प्रमाण पत्र (हहष्ट) क्रं. 1116, दिनांक 21.09.2023 के आधार पर नवीन क्रेता श्रीमती कविता देवांगन पति स्व. श्री अमित राम देवांगन द्वारा नियमानुसार दिनांक 25.09.2023 को उपपंजीयक कार्यालय, धमतरी (छ.ग.) में विक्रय विलेख (सेलडीड) निष्पादित कर उक्त भवन को स्वयं के नाम पर नामांतरण करने हेतु दिनांक 27.10.2023 को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी कार्यालय में रजिस्ट्री दस्तावेज की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति या शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, बैंक अथवा वित्तीय संस्था व अन्य को उक्त भवन के विक्रय पश्चात नवीन क्रेता श्रीमती कविता देवांगन पति स्व. श्री अमित राम देवांगन के नाम पर नामांतरण करने के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र कार्यालय धमतरी, पता-परिजात हाईट्स हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेशर जिला-धमतरी में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सील
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
प्रक्षेत्र-धमतरी

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा, (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.....ब/ 121 वर्ष 2022 2023
ग्राम का नाम पटपर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनीन कलियारे पिता श्री कालीदीन कलियारे जाति मेंहर निवासी शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पुत्री कु. रोशनी कलियारे पिता श्री सनीन कलियारे माता का नाम श्रीमती रामप्यारी कलियारे का जन्म दिनांक 06.11.2014 (स्थान) शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड भाटापारा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु नगरपालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पार्षद का प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन प्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 14/08/23 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेंशी तारीख 14/08/23 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 26/07/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

सील
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भाटापारा ( छत्तीसगढ़ )

**फार्मेट सी-1 (समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यार्थियों के लिए)**
**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं.536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी के नाम और पता : राजेश मूणत, आत्मज स्व. श्री पूनमचंद मूणत, मकान नं. 12, सेंट्रल एवेन्यु वेस्ट, चौबे कॉलोनी, रायपुर, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) 492010.
राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी
निर्वाचन का नाम : रायपुर पश्चिम विधानसभा-2023
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : क्रमांक 49, रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा
मैं राजेश मूणत (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं :-

| क्रम सं. | (A) लंबित आपराधिक मामले | | | | (B) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा(ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख | कार्यालय(यों) और लगायी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
| 1 | प्रस्तुत नहीं | अपराध क्र. 39/19 कायमी दिनांक 3.2.2019 | माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा विवेचना स्थगित रखने का आदेश | भारतीय दंड विधान (IPC) की धारा 406A, 420A 171E, 171F एवं 120 (B) एवं 9,13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पति (पत्नी से)- सम्मोहन का अर्थ क्या होता है?
पत्नी (पति से)- किसी आदमी को अपने प्रभाव से वशीभूत करके उससे मनचाहा काम करा लेने को सम्मोहन कहते हैं।
पति (हंसते हुए)- अरे नहीं, उसे तो शादी कहते हैं।

# धनतेरस पर बाजार रहा गुलजार

## लोगों ने सोना, चांदी, बर्तन, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामानों की जमकर की खरीदारी







**जगदलपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस इस साल शुक्रवार व शनिवार दो दिन मनाया जा रहा है। पहले दिन शुक्रवार को बाजार में रौनक दिखी, लोगों ने जमकर खरीददारी की । बीते वर्ष की तुलना में कारोबार ज्यादा रहने का अनुमान जताया जा रहा है। सर्राफा बाजार में उठाव देखा गया। शहर में अनुमानित 100 करोड़ का कारोबार हुआ । सोना चांदी के रेट कम होने के चलते गहनों और सिक्कों की पूछ परख रही। इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में भी बीते वर्ष की तुलना में अच्छा कारोबार बताया गया है। धनतेरस के पहले दिन दोपहर बाद स्थानीय मेनरोड, गोलबाजार व संजय बाजार में ग्राहकों की भीड़ नजर आई। लोगों ने पूजन के लिए बरतन व चांदी के आभूषण खरीदे। सर्राफा कारोबारियों ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद रहा। सोने की सिक्कों की तुलना में लाइट वेट ज्वेलरी की अधिक मांग रही। आटोमोबाइल्स में जमकर बिक्री। लोगों की मानें तो टू और फोर व्हीलर के साथ ही कामर्शियल वाहनों में करीब एक हजार से अधिक वाहनों की बिक्री हुई। ग्रामीण क्षेत्र के नौकरीपेशा लोगों समेत किसानों ने बाइक खरीदे ।मोटरसायकल की तुलना में स्कूटर के नए माडल की अधिक डिमांड रही। स्थानीय यामाहा, हीरो, होंडा, बजाज, सुजूकी, टीवीएस शोरूम में पुरूषों के साथ ही महिलाओं ने ज्यादा स्कूटर की खरीदी की। बताया गया कि निजी फाइनेंस कंपनियों तथा बैंकों द्वारा लोन की शर्तों में ढिलाई के चलते भी लोगों को वाहन की खरीदी में असानी हुई। फोरव्हीलर वाहनों की बिक्री बीते वर्ष की तुलना में अधिक रही। इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में इस वर्ष व्यापार में उठाव जोरों पर रहा। कारोबारियों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस साल कारोबार अच्छा रहा। ग्राहकों ने फ्रीज, कूलर, एसी आदि की खरीदी की। इस बार दो दिन धनतेरस होने से कारोबारियों को दूसरे दिन भी ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा बतरन, कपड़ा, मिठाई दुकानों में भी अच्छा व्यवसाय हुआ। उम्मीद की जा रही है यहां पर कम से कम एक करोड़ रूपए का कारोबार हुआ।

**सीएसपी ने बाजार का लिया जायजा**

### दतेश्वरी मंदिर के सामने लगी रही वाहनों की कतार पूजा के लिए



धनतेरस के मौके पर वाहनों की बिक्री होने का असर दंतेश्वरी मंदिर के सामने दिखाई दिया। यहां पर सुबह से लेकर शाम तक वाहनों की बिक्री हुई। इसके आलवा मेन रोड से लेकर गोल बाजार और संजय बाजार में चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। इस दौरान सीएसपी विकास कुमार अन्य जवानों के साथ कई बार बाजार में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिखे।

# आनलाइन जुआ सट्टा खिलाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से आनलाईन सट्टा जुआ खेलाते सटोरिया की पुलिस ने गिरफ्तार किया। कुदालगांव में मोबाईल से वाट्सअप मैसेज से आनलाईन अंकों पर ऑनलाइन नाम के एप व वाट्सअप में रूपये का आनलाईन जुआ सट्टा खेलाते पाये गये संदेही से पुछताछ करने पर अपना नाम गजेन्द्र पाण्डे निवासी बस्तर नाईकगुड़ा पारा का होना बताया जिसके कब्जे से एक वनप्लस मोबाईल, नगदी रकम 30,000/- रू को बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा जुआ अधिनियम की धारा 6 (क) 7 (1) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को गिरफ्तार कर,न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलाने वाले तीन आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। जगदलपुर शहर में तीन व्यक्तियों द्वारा जगदलपुर शहर के अलग - अलग स्थानों में मोबइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खेलाने की जानकारी पर थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में कार्यवाही किया गया। उक्त टीम के द्वारा सूचना के आधार पर, तीन अलग -अलग प्रकरण में तीन आरोपियों रवि पटनायक पिता गोपी नाथ पटनायक, रामप्रसाद पटनायक पिता नवल किशोर पटनायक और रामेश्वर कुम्भकार पिता भागवत कुम्भकार के कब्जे से कुल नगदी रकम 30,000/- रूपए, सट्टा खेलाने में प्रयुक्त 03 नग मोबाइल किमती 30,000/- रूपये को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना बोधघाट जगदलपुर में जुआ अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

# बीमा कंपनी अदा करेगी 8 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति और भरेगी 10 हजार रुपए का जुर्माना



**जगदलपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में बीमा कंपनी को आवेदक को 8 लाख रु की क्षतिपूर्ति और 10 हज़ार रु का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार हैं की जगदलपुर निवासी साबरा खान की इनोवा क्रिस्टा वाहन एस.बी.आई. जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पास बीमित थी। आवेदिका के उक्त वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसके द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष क्षतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु दावा प्रस्तुत किया गया था, किंतु बीमा कंपनी द्वारा नेट ऑफ साल्वेज बेसिस पर समझौता करने का प्रस्ताव आवेदक को दिया गया था जिसे उसके द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था। जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग की समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि बीमा कंपनी आवेदक को अपने प्रस्ताव को मानने हेतु बाध्य नहीं कर सकती है। इस हेतु बीमा कंपनी को 10 हज़ार रु के अर्थदंड से भी दंडित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

# दीपावली त्योहार को लेकर बाजार में रौनक



शहर के लालबाग मैदान में पटाखा की दुकान सज गई

**जगदलपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व पर इस बार पटाखा बाजार में ग्राहकी जोरों पर है। अभी से ही दुकानों पर काफी भीड़ है। इस बार नई वैरायटियों के काफी पटाखे बाजार में आए हैं। ग्राहकों के लिए विशेष कॉम्बो भी तैयार है, जिससे अलग-अलग पटाखों को छांटने की जरुरत नहीं है। एक ही कॉम्बो में सब तरह के मिक्स पटाखे होने से ग्राहक उसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। मैदान में इस समय 40 दुकानें लगी हैं। ज्ञात हो कि इससे थोक बाजार में तो पिछले एक सप्ताह से अस्थाई लाइसेंस वाले और फुटकर दुकानदार खरीदारी कर रहे। धनतेरस से बाजारों में भीड़ उमड़ी है। बड़े दुकानदारों की मानें तो आठ-दस बड़े विक्रेता हैं, जिनका माल बस्तर संभाग के अन्य जिलों में जाता है। इस बार रोशनी वाली आतिशबाजी के प्रति रुझान बढ़ा है। दुकानदारों के मुताबिक बमों की मांग कम हुई है। पटाखों में अनार, फुलझड़ी, बड़ी वाली चटाई, आसमान में रोशनी रोशनी आवाज करने वाले आइटम ज्यादातर ग्राहक मांगते हैं। हर उम्र के बच्चों के हिसाब से नए पटाखों में आए चाइल्ड मोजिटो व अनार केकरिंग सर्वाधिक पसंद की जा रही है। खुशियों की फुलझड़ियों के बीच पटाखा व्यवसायी खुश हैं और कह रहे हैं कि इस बार पटाखा बाजार की ग्राहकी में तेजी है, अधिकांश गोदाम फुल है। दीपावली तक यह बाजार करीब 15 से 20 करोड़ के पार जाएगा।

लालबाग में दुकानें लगाए पटाखा व्यवसायी ने बताया कि इस बार लालबाग मैदान में अस्थाई दुकानों के अलावा नए लाइसेंस धारियों ने भी दुकानें लगाई है। व्यापारियों ने बताया कि इस बार पटाखों में 120 शॉट का अनार केकरिंग, चाइल्ड मोजिटो के अलावा विभिन्न ब्रांड के कॉम्बो व गिफ्ट बॉक्स बाजार में मौजूद हैं। स्काई शॉट पटाखा खूब पसंद किया जा रहा है। परंपरागत पटाखों में बिकने वाले अनार, चकरी, फुलझड़ी की भी खूब डिमांड है।

# एपीजे जयंती पर रामेश्वर में अमुजुरी के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना



**दंतेवाड़ा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के सहयोग से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनैशनल फाउंडेशन हाउस ऑफ़ कलाम द्वारा चंद्रयान-3 ट्राइंफ इंस्पायरिंग ब्राइट माइंड्स कार्यक्रम देश के 11वे राष्ट्रपति मिसाईल मैन भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 92वी जयंती पर रामेश्वरम, तमिलनाडू में भव्य रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इसरो चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ एवं विशिष्ठ अतिथि इसरो यूआर राव सैटलाइट सेंटर पूर्व डिप्टी डायरेक्टर डॉ. वेंकटेश्वर शर्मा ने उपस्थित रहे। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनैशनल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य समन्वयक अमुजुरी विश्वनाथ ने दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ से शामिल होकर इसरो चेयरमैन डा. एस सोमनाथ के संबोधन चर्चा में हिस्सा लिया तथा भारत के अंतरिक्ष ज्ञान व तकनीकि से जुड़ी विकास एवं गतिविधियों पर अपनी बात रखी। इस दौरान विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान - टेक्नोलॉजी - इंजीनियरिंग-गणित (स्टेम) नवाचार प्रोजेक्ट प्रदर्शनी लगाई गई।

इसरो चेयरमैन डॉ. एस. सोमनाथ ने चंद्रयान-3 की हालिया सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए भारतीय वैज्ञानिकों के समर्पण और कड़ी मेहनत को सराहना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका नासा जेपीएल के विशेषज्ञों ने भारत के स्पेस टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी ली, भारतीय इंजीनियरों द्वारा बनाये गए उपकरण काफी अच्छे है ।वर्ष 2047 तक चंद्रयान में आगे और उपलब्धि प्राप्त करेंगे और चंद्रयान 10 में रॉकेट से चंद्रमा पर इंसान उतरेगा। इसी लिए भारत सरकार ने स्पेस सेक्टर का मंच शुरू किया है, ताकि इसका भरपूर उपयोग करे और भारत को आगे बढ़ाए। देश के हर राज्यों में विज्ञान का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु डॉ. कलाम मोबाइल साइंस लेबोरेटरी का उद्घाटन डॉ. एस. सोमनाथ ने किया। डॉ. कलाम के वैज्ञानिक स्वभाव, अटूट समर्पण एवं शिक्षा के कट्टर समर्थक थे। उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना हम सब की जिम्मेदारी है। भारत के अंतरिक्ष मिशनों पर काम करने के दौरान उनके द्वारा साझा किए गए उल्लेखनीय सौहार्द पर प्रकाश डाला। हालही में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सैटलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन 2023 में 150 पीको सैटलाइट प्रक्षेपण किया गया था उसका विश्व कीर्तिमान का प्रमाण पत्र जारी किया गया, जिसमे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा से 76 भागेदारी का नाम दर्ज हुआ है।

- इसरो चेयरमैन ने दंतेवाड़ा के प्रतिनिधित्व को बताया गौरव का क्षण
- एपीजे अब्दुल कलाम सैटलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन में दंतेवाड़ा के 76 प्रतिभागी

इसरो चेयरमैन डॉ. एस. सोमनाथ एवं डॉ. कलाम के पोते तथा संस्था को-फाउंडर एपीजेएमजे शेख़ सलीम ने विश्व कीर्तिमान प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा राज्य समन्वयक अमुजुरी विश्वनाथ को प्रदान किया तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों को सराहना करते हुए शॉल, प्रमाण पत्र एवं डॉ कलाम चित्रपट भेंट दे कर सम्मान किया। इस दौरान अमुजुरी विश्वनाथ ने स्वरचित कलाम को कीजिए सभ्य सलाम कविता प्रदर्शित कर डॉ कलाम को समर्पित किया। छत्तीसगढ़ के महत्वाकांक्षी तथा विकासशील जिला दंतेवाड़ा से जुड़े अमुजुरी विश्वनाथ ने अंतरिक्ष अन्वेषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में युवा आकांक्षाओं के जिज्ञासा और समर्थन के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दो परिवारों को दुख की घड़ी भी नहीं रोक पायी मतदान से



**दंतेवाड़ा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। दुख की विकट घड़ी भी दो परिवारों को लोकतंत्र के इस महान पर्व में शामिल होने से नहीं रोक पायी और इन परिवारों ने विषम पारिवारिक दुखद क्षण में भी एक नागरिक और एक आदर्श मतदाता होने का सराहनीय दायित्व निभाया।

दरअसल 4 नवंबर को जिला अस्पताल में एक मां ने दो बच्चे को जन्म दिया, जिनमें से एक बच्चे की मृत्यु जन्मोपरांत हो गई थी। इसके बाद एक बच्चे की स्थिति को देखते हुए जगदलपुर रेफर किया गया। बच्चा जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहा था, इसी विकट परिस्थिति में फंसकर भी लोकतंत्र के इस महापर्व में दोनों पति-पत्नी भगवत प्रसाद सलामे, श्रीमती टुकेश्वरी सलामें मतदान में शामिल हुए और मतदान केंद्र 98 दंतेवाड़ा-2 में अपना मत का प्रयोग किया और वापस लौटकर अपने बच्चों का अंतिम संस्कार किया।

- निर्वाचन आयोग ने की सराहना और सौंपा आभार पत्र
- एक परिवार ने पिता तो दूसरे ने दो बेटों के अंतिम संस्कार से पहले किया मतदान
- जिम्मेदार नागरिक और आदर्श मतदाता का निभाया दायित्व

वहीं एक और परिवार ने मतदान दिवस के दिन दुखद घड़ियों में भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के मोहम्मद सोहेल खान एवं मोहम्मद सरफराज खान के परिवार में पिता आई. ए. खान का देहांत जिला अस्पताल दन्तेवाड़ा में 4 नवंबर को हो गया था एवं 5 नवंबर को अंतिम संस्कार करने के बाद भी 7 नवंबर को मतदान करने आये। उपरोक्त दोनों परिवारों के परिजनों >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# चोरी हुये 14 चक्का ट्रक बरामद , आरोपी को पकड़ने में बस्तर पुलिस को मिली सफलता



**जगदलपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। लालबाग सोढ़ी पट्रोल पंप के सामने जगदलपुर से ट्रक चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। 7 नवंबर को रात्री 10ः00 बजे ट्रक का चालक रूपंचद धनकर वाहन ट्रक क्र.-सीजी.04 .एमएन.0774 जिसमें 600 बोरी सीमेंट के साथ वाहन को लालबाग सोढ़ी पेट्रोल पंप खड़ा किया था। वापस दुसरे दिन सुबह आकर देखा तो अशोक लीलेण्ड कंपनी 14 चक्का ट्रक कीमती 22,00,000/- रूपये जिसमें 600 नग सीमेंट कीमती- 1,92,192/- वहाँ पर खड़ा नहीं था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ले गया है । जमुना प्रसाद शुक्ला के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान में लिया गया।

पतासाजी के दौरान पुछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर माल मुल्जिम की पतासाजी किया गया। उक्त टीम के द्वारा संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर, संदेही को संबलपुर के जंगल में पकड़ा गया। जिसे हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना नाम संदीप कुमार नेताम निवासी लंजोड़ा पुजारीपारा कोण्डागांव का होना बताया। जगदलपुर के लालबाग सोढ़ी पंट्रोल पंप के पास में खड़े 14 चक्का ट्रक को सीमेंट सहित को चोरी कर, जंगल में छिपा कर रखना स्वीकार किया। आरोपी के खिलाफ घटना कारित करने का अपराध सबुत पाये जाने से गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया ।

**सामान सहित ट्रक को छुपाया गया था संबलपुर के जंगल में**

# मोबाइल वेन में 53 खाद्य पदार्थों की जांच की तो 8 नमूने निकले अमानक




**जगदलपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली त्यौहार से पहले मिठाइयों की जांच को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने मिठाइयों की मौके पर जांच और सैंपलिंग शुरू कर दी है। गुरूवार को संभागीय मुख्यालय के कई होटलों, मिष्ठान एवं किराना दुकानों का खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण एवं जांच की। इसके साथ ही विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच के लिए लिया गया। करीब चार घंटे से ज्यादा समय तक चली जांच के दौरान अधिकारियों ने चलित वाहन में जांच के लिए 53 नमूनों की जांच कराई तो इसमें 8 नमूने अमानक पाए गए। जो नमूने जांच के दौरान अमानक निकले उसमें कलर की मात्रा का तय मात्रा से ज्यादा मात्रा में पाया जाना था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशीष यादव ने बताया कि जांच के दौरान बेसन के लड् ?डू और दोसा सेंटर में दी जाने वाली चटनी में कलर ज्यादा पाया गया है। सभी दुकानदारों को तय मात्रा में कलर डालने के निर्देश दिए गए हैं।

**खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि नहीं मिलने पर जताई नाराजगी और दी चेतावनी:** अचानक शुरू हुई जांच के बाद अधिकारियों ने मिठाई की दुकानों एवं किराना दुकानों तथा विभिन्न खाद्य विनिर्माता प्रतिष्ठानों निरीक्षण के दौरान खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि अनिवार्यत: उल्लेख करने सभी को निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने बताया इस दौरान हाता ग्राउंड के सामने एक बेकरी की दुकान का निरीक्षण किया गया तो वहां पर खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि उल्लेख ना करने पर तत्काल नोटिस जारी कर इसे ठीक करने के लिए कहा गया।

**8 नमूने भेजेंगे रायपुर :** जांच के दौरान अधिकारियों ने 8 दुकानों से विभिन्न प्रकार की मिठाईयों की जांच करने के साथ सैंपलिंग की। यादव ने बताया कि मिलावटी मिठाइयों की बिक्री हो रही है। इसकी शिकायत मिलने पर 8 स्वीट्स संचालकों से मिठाईयों के नमूने लिए गए हैं। उसे जांच के लिए रायपुर भेजा जाएगा। इसके बाद आने वाली रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। खाद सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि उपभोक्ताओं से अपील भी की गई है कि बाजार में बिकने वाले खुले व अमानक खाद्य सामग्री का उपयोग करने से बचें। मार्केट से कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले उसका लेबल जांच लेवें एवं खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि एवं उपयोग की तिथि अवश्य देखकर खरीदें।

# विधिक सेवा दिवस पर विधिक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कोण्डागांव,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में परिवार न्यायालय परिसर कोण्डागांव में 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर 9 नवम्बर 2023 को माँ सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कमलेश कुमार जुर्री अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, श्रीमान शिवप्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, सुरेन्द्र भटट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव, राजेश पाण्डेय व्याख्याता, श्रीमती डी.चैधरी व्याख्याता, सुश्री रेखा ठाकुर व्याख्याता, श्रीमती ममता लकड़ा व्याख्याता, हरिशंकर नेताम व्याख्याता शा.बालक उ.मा.विद्यालय कोण्डागांव के छात्र-छात्राएं एवं न्यायिक कर्मचारीगण व अधिवक्तागण, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, समस्त लोक अभियोजक, समस्त लीगल एड डिफेंस कार्उसिल, पैरालीगल वालिंटियर्स कोण्डागांव उपस्थित थे। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा आमजनों में विधिक जागरूकता लाने हेतु नगर में मोबाईल वेन एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं न्यायिक कर्मचारीगण, पैरालीगल वालिंटियर्स के माध्यम से विधिक जागरूकता रैली को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया।




**अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा**

विधिक जागरूकता रैली जिला कोण्डागांव के विभिन्न वार्ड में भ्रमण करते हुए पुन: परिवार न्यायालय प्रांगण में आकर रैली को समापन किया गया। इस दौरान श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, बाल मजदूरी निषेध अधिनियम 1986, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21। के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। नि:शुल्क विधिक सलाह सहायता पाने हेतु हकदार लोगों की पात्रता के विशय में बताया कि वह व्यक्ति जो अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति का सदस्य, वह व्यक्ति जो मानव दुर्व्यवहारों से या बेगारों से सताया गया है, स्त्री या बालक या थर्ड जेण्डर या 60 वर्ष से अधिक के नागरिक, मानसिक रूप से अस्वस्थ या असमर्थ हो, वह व्यक्ति जो सामुयिक विपदा, जातिय हिंसा, जाति अत्याचार, बाढ़, सुखा, भूकम्प या औद्योगिक विपदा का शिकार होने के कारण दरिद्रता की परिस्थितियों के अधीन व्यक्ति, औद्योगिक कर्मकार, अभिरक्षा में है, जिसके अंतर्गत अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के अन्तर्गत किसी संरक्षण गृह में या किशोर मनोश्चिकित्सीय अस्पताल परिचर्या गृह में रखा गया व्यक्ति भी है, या यदि मामला उच्चमत न्यायालय से भिन्न किसी अन्य न्यायालय के समक्ष है भारत का कोई नागरिक जिसकी समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय एक लाख पचास हजार रुपए से अधिक न हो वह नि:शुल्क विधिक सेवा पाने का हकदार होगा और दूरभाष के माध्यम से विधिक सलाह सहायता पाने हेतु नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई, ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित न रहे और न्याय सबके लिए की अवधारणा सार्थक हो सके।

# एनएमडीसी बचेली में मनाया गया आयुर्वेद दिवस



**बचेली,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। 10 नवंबर को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देश एवं मुख्यालय हैदराबाद के निर्देशानुसार एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला आयरन ओर माइन, बचेली काम्प्लेक्स में 10 नवंबर को प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में आयुर्वेद दिवस मनाया गया, जिसमें दन्तेवाड़ा से पधारे आयुर्वेदाचार्य जे पण्डा ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के लाभ के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि आयुर्वेद दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य गांव के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाना हैं।

आयुर्वेद चिकित्सा हमारे महर्षियों की देन है। प्रकृति ने हमारे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए कई अवसर प्रदान किए हैं। हमें अपने दिनचर्या में आहार, विचार आदि के प्रति जागरूक रहते हुए अपना जीवन यापन करना चाहिए। कोरोना काल में आयुर्वेद पद्धति से बने विभिन्न काढ़ा का उपयोग कर हम लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया है फलस्वरूप आयुर्वेद पर जनमानस का अपार विश्वास बढ़ा है। पहले के लोग आयुर्वेद चिकित्सा अपनाने के कारण अधिक समय तक जीवन जीते थे। शरीर को प्रकृति के साथ जोड़ते हुए जीने का प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी वेन्कटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने अपने उद्‌बोधन में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की सराहना की और कहा कि यह सबसे प्राचीन पद्धति है, यह हमारे जीवन का विज्ञान है। डॉक्टर बाद में आए, यह हमारी सभ्यता से जुड़ा हुआ है। प्रत्येक दिन इस आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का एक-एक नियम का पालन करने से हम कभी बीमार नहीं होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को वृहद रुप में किया जाना चाहिए।

धर्मेन्द्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा बहुत ही प्राचीन समय से है। इसमें साइड इफेक्ट नहीं होता है। हमारा अच्छा स्वास्थ ही हमारा सबसे बड़ा धन है।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर मतदाता जागरूकता रैली आयोजित

**खरोरा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर तथा शासकीय हाईस्कूल भडहा जिला रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान करने के लिए प्रेरित करने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। यह जागरूकता रैली शाला प्रांगण से शुरू होकर गांव के गली मोहल्लों चौक चौराहों तक मतदाता जागरूकता नारों के साथ बाजार चौक पर पहुंचा। बाज़ार चौक पर शिक्षकों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिन्टियर द्वारा आम लोगों से अपील की गई कि वे अपने काम से समय निकाल कर मतदान करने के लिए मतदान केंद्रों पर जरूर जाएं और वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करें प्रजातंत्र को मजबूत करें। साथ ही इस अवसर पर नालसा के विभिन्न योजनाओं व नालसा निशुल्क विधिक सलाह सहायता योजना तथा नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, के संबंध में जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान में पैरालीगल वालिन्टियर शंकर लाल साहू, तुलेश्वर साहू, प्राचार्य श्री चन्द्र शेखर दीवान व्याख्याता श्री कृष्ण कुमार वर्मा, श्री लिलेश्वर पटेल श्री ललित कुमार बनारसी श्री मती रश्मि मैडम मिनी मैडमजी वरिष्ठ नागरिक श्री शंकर लाल दीवान सहित छात्र छात्राएं व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में सम्मिलित हूए। न्याय सबके लिए।



# कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी से मिला कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा

**कोण्डागांव,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 जिला कोंडागांव में मतदान संपन्न कराकर घर लौट रहे शिक्षकों का सड़क दुर्घटना होने के कारण आकस्मिक मृत्यु हो गई। इस घटना से सम्पूर्ण कर्मचारी जगत में शोक की लहर व्याप्त है। इसी संदर्भ में कोंडागांव जिला कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा के विभिन्न संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने स्थानीय विश्राम गृह कोंडागांव में शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत शिक्षक साथियों श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि पश्चात् जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोंडागांव दीपक सोनी को संगठन पदाधिकारियों ने निर्वाचन कार्य में लगे दिवंगत शिक्षक साथियों को एक-एक करोड़ रूपए की मुआवजा राशि प्रदान करने संबंधी ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि 7 नवंबर 2023 को विधान सभा निर्वाचन के उपरांत सामग्री जमा करने की पश्चात् घर लौट रहे शिक्षक शिव नेताम शिक्षक माध्यमिक शाला छोटे बोकराबेड़ा, संत कुमार नेताम शिक्षक माध्यमिक शाला छोटे बोकराबेड़ा एवं हरेंद्र उईके शिक्षक बड़गई की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।



**मतदान सामग्री जमा कर लौट रहे दिवंगत शिक्षक साथियों को दी गई श्रद्धांजलि**

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा दुर्घटना पश्चात् सूचना दिए जाने पर जिला कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को दिवंगत शिक्षकों को विभाग द्वारा निर्धारित अनुग्रह राशि भुगतान करने निर्देशित दिया गया एवं जिला कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी के पहल पर पीड़ित परिवार को राज्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिवंगत शिक्षकों को 15 लाख रुपये प्रतिकर्मी अनुग्रह प्रतिकार देने की स्वीकृति प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी ने ज्ञापन सौंपते हुए जिला कलेक्टर से निवेदन किया है कि जिला निर्वाचन आयोग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा प्रत्येक पीड़ित परिवार को एक-एक करोड़ का मुआवजा एवं उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल करते हुए शीघ्र लाभ प्रदान किया जाए। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बताया कि उन्हें नियमानुसार अनुग्रह राशि की स्वीकृति हो गई है एवं विभागीय बीमा व अन्य सुविधा शीघ्र प्रदान की जाएगी। श्रद्धांजलि एवं ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल, जिला सचिव ऋषिदेव सिंह सहित विभिन्न संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी निर्मल शार्दूल, बबलू गौतम, शिवराज ठाकुर, हीरा नेताम, कृष्णा पवार, बलराम निषाद, हृदय मंडावी, सहायक आयुक्त बद्री सुखदेवे, प्राचार्य नरेंद्र नायक, राजेश पांडेय, राम गोपाल सिंह, पन्नालाल आदि उपस्थित रहे।

# आचार संहिता का उल्लंघन

**खरोरा,** 10 नवंबर। भाजपा कार्यकर्ता कर रहे हैं खुले आम चुनाव अचार संहिता का उल्लंघन गांव में महिलाओं से भराया जा रहा है फॉर्म कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग एवं दिल्ली चुनाव आयोग में की शिकायत। कुछ विधानसभा क्षेत्र में जिसमें धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के तिल्दा ब्लॉक के खरोरा व ब्लाक के आसपास के कुछ गांव में भाजपा के कार्यकर्ता खुलेआम चुनावी अचार संहिता का उल्लंघन कर रहे है, उनके द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत फॉर्म को दिया जा रहा व भराया जा रहा है और चुनावी आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं। इसकी शिकायत मिलने पर आज कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग एवं दिल्ली चुनाव आयोग में शिकायत की गई है, इसके बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे कांग्रेसियों में खासी नाराजगी व्याप्त है।

# एबीसी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को बेस्ट टीचर की उपाधि



**खरोरा,** 10 नवंबर। पारुल यूनिवर्सिटीज्ज द्वारा 31 अक्टूबर को आयोजित प्राचार्य शिक्षक मिलन 2023 में विभिन्न स्कूल के प्राचार्य व शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में एबीसी पब्लिक स्कूल के दो शिक्षकों श्रीमती बबीता साहू एवं कु अनुराधा साहू को बेस्ट टीचर की उपाधि से नवाजा गया। इस संध्या, शामिल हुये शिक्षक एवं प्राचार्यों ने च्चरीडीफाइनिंग क्रिटिकल कोम्पोनेंट्स ऑफ स्कूल एक्सीलेन्स 2.0ज्ज का प्रशिक्षण प्राप्त किया। एबीसी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ने पारुल यूनिवर्सिटी को इस सफल आयोजन के लिए बधाइयाँ प्रेषित किए।

# गली-मोहल्लों में सुआ नृत्य की गूंज



**खरोरा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली त्योहार नजदीक आते ही खरोरा को अंचल के गांवों की गलियों में छत्तीसगढ़ की प्राचीन लोक परंपरा सुआ गीत नृत्य घर-घर में देखने को मिलना शुरू हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के गली-मोहल्लों में ये गीत गूंज रहा है।

इन दिनों महिलाएं 8-10 से की संख्या में टोली बनाकर दिया लोक संस्कृति को जन-जन को तक पहुंचा रही हैं। इसके बदले बना जनता महिलाओं को उपहार हीं स्वरूप धान या नगदी पैसे भेंट ख कर रहे हैं। सुआ नृत्य करते हुए ती बालिकाएं च्चतरी नरी नहाना री रे नहना, रे सुवा ना, कहि आते पिया ला संदेसज्ज जैसे अनेक गीत गाकर न छत्तीसगढ़ी संस्कृति का उत्थान ने कर रही हैं।

सुआ नृत्य का प्रचलन पुराने समय से चला आ रहा

क्षेत्र की से बालिकाएं एवं महिलाएं टोलियां बनाकर गांव-गांव में घूमकर सुआ नृत्य में कर रही हैं। महिलाओं ने बताया कि सुआ गीत के साथ सुआ नृत्य का प्रचलन पुराने समय चला आ रहा है। बांस की एक टोकरी में धान के ऊपर मिट्टी का सुआ यानि तोता बनाकर रखते हैं। 8-10 महिलाएं बांस की टोकरी को गोल घेरकर सुआ नाचती हैं। इस नृत्य में महिलाएं होती है। सभी महिलाएं एक स्वर में सामूहिक गीत गाती। गीत गाती महिलाएं तालियां भी आपस म में एक लय से बजाती हैं। गोल-गोल घूमती हुई सुआ नाचती है। इसी तरह एक घर से दूसरे घर में जाकर नृत्य करती है। महिलाएं सुआ नृत्य के जरिए गांव और मोहल्ले में लोक संस्कृति और छत्तीसगढ़ी परंपराओं को सहेजने का अलख जगा रही है।

# मनीष श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव व सुरेश पाटले निष्कासित हुए कांग्रेस पार्टी से

**कोण्डागांव,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहकर व पार्टी के खिलाफ भाजपा के लिए काम करने के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी के साथ दगाबाजी करने वाले मनीष श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, सुरेश पाटले को 6 वर्षो के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है।


छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

कोंडागांव विधान सभा क्षेत्र के मनीष श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, सुरेश पाटले के साथ कुछ कांग्रेस नेताओं ने विधान सभा चुनाव 2023 में कोंडागांव विधायक प्रत्याशी मोहन मरकाम के विरोध में भाजपा के पक्ष में काम करते हुए पार्टी को कमजोर करने के उद्देश्य से कांग्रेस प्रत्याशी मोहन मरकाम को हराने के उद्देश्य से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फोन करके पार्टी के खिलाफ भड़काने का काम करने के साथ भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए काम किया था। मामले का खुलासा 10 नवंबर को कोंडागांव कांग्रेस भवन में आयोजित विधान सभा स्तरीय समीक्षा बैठक में हुआ, जिसकी लिखित शिकायत जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा जहाँ से पार्टी विरोधी गतिविधि में संलिप्त पाते हुए मनीष श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव एवं सुरेश पाटले को 6 वर्षो के लिए निष्कासित किया गया है। जिला कांग्रेस द्वारा भेजी गयी सूची में तीन लोगों के खिलाफ कार्यवाही हुई है, वहीं कुछ लोगों के खिलाफ कार्यवाही का इंतजार है। उपरोक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा दी गई है।

# रंगोली व दीप प्रज्वलन से दीपावली की शुरूआत

**घरों की आकर्षक सजावट, आंगन में रंगोली**



**दंतेवाड़ा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस से पांच दिवसीय दीप पर्व दीपावली की शुरूआत हो जाती है। दंतेवाड़ा में भी धनतेरस का पर्व पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सराफा और इलेक्ट्रानिक सामानों के अलावा दुपहिया वाहनों की जमकर खरीदी हुई। चुनाव की वजह से इस बार धनतेरस फीका रहा, इसके बावजूद तेरस पर जमकर धन बरसा। सरकारी दफ्तरों में छुट्टी का माहौल रहा। अफसर-कर्मचारी 7 तारीख के मतदान के बाद अपने घर लौट गए। इसलिए धनतेरस का माहौल काफी फीका रहा। लोगों ने पूजा-अर्चना कर यह पर्व मनाया। घरों में आकर्षक विद्युत सजावट के अलावा खूबसूरत रंगोली भी बनायी गयी।

# मुख्यमंत्री ने भरी हुंकार राशन, बिजली, ईलाज व शिक्षा मुफ्त

## भाजपा के 21 कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

**सिमगा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सिमगा में कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के समर्थन में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए भाटपारा विधानसभा से कांग्रेस का विधायक बनाने की अपील किया। उन्होंने ने विशाल जनसमूह के सामने हुंकार भरते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए पुन: सरकार बनने पर लागू करने की बात कही।



मुख्यमंत्री बघेल ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रमुख योजनाएं जिसमें राशन, 200 यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली, ईलाज एवं केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा सहित 3200 सौ में धान खरीदी, गैस सिलेंडर में 500 सब्सिडी, एवं कर्जा माफ करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने गरीब परिवार के लिए अतिंम संस्कार के लिए 2000 रूपये देने की घोषणा की। वहीं उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र की कोई गारेंटी नहीं है क्योंकि उनकी सरकार में उन्होंने अपने घोषणाओं को पुरा नहीं किया तो अब क्या करेंगे। मुख्यमंत्री ने आमसभा के पूर्व जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाकर पूजा अर्चना किया। वहीं सिमगा सोनकर समाज से भाजपा के पूर्व एल्डरमैन शांतनु सोनकर सहित 19 कार्यकर्ताओं एवं भाटपारा के पांच बार के पार्षद प्रदीप शर्मा एवं भाजपा के शहर मंत्री राजा शर्मा को मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया उक्त अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव धरसींवा विधायक अनीता शर्मा पूर्व विधायक चैतराम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर सुशील शर्मा सुनील महेश्वरी सतीश अग्रवाल अरूण ताम्रकार हितेंद्र ठाकुर रामबिलास साहू शैली भाटिया कुबेर यदु अय्यूब खान रिंकू भाटिया दीनबंधु शर्मा हिरेंद्र कोसले रवि साहू धरमचंद जैन दशरथ चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सिमगा में आयोजित इस विशाल आमसभा का सफल आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर ने किया।

# किसान नेता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत



**सिमगा,** 10 नवंबर। सिमगा क्षेत्र के किसान नेता अय्यूब मेमन के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरूष कांग्रेस का झंडा लेकर आजाद चौक से मेन रोड होते हुए बिलासपुर रोड स्थित भव्य रैली के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया गया। आम सभा से पूर्व किसान नेता ने मंच से संबोधित करते हुए भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीछले पांच वर्षों किए गए वादों को पूरा नहीं किया वे मात्र जुमलेबाज प्रधानमंत्री है। लोग उनकी घोषणाओं पर विश्वास ना करें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार भरोसे की सरकार है वह जो कहते हैं उसे पूरा कर के दिखाते हैं उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। तथा भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

उल्टा पुल्टा

**अध्यापक (छात्र से)**- तुम्हारे पापा 5000 रुपये लोन लेते हैं। दस प्रतिशत ब्याज के हिसाब से वो 1 साल बाद लोन वापिस करते हैं। बताओ कितने पैसे वापिस करेंगे?

**छात्र**- कुछ भी नही।

**अध्यापक**- तुम इतना भी हिसाब नही जानते।

**छात्र**- मैं तो हिसाब जानता हूं, पर आप मेरे पापा को नही जानते।

# धनतेरस पर चमका बाजार, खरीदारी के लिये उमड़ी भीड़

## सराफा, आटोमोबाइल, बर्तन, इलेक्ट्रानिक व कपड़ा बाजार में करोड़ों का हुआ कारोबार







**रायपुर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में धनतेरस त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। 10 नवंबर धनतेरस के दिन रायपुर के सभी बाजारों में भारी भीड़ देखने को मिली। खास कर सदर बाजार में जेवरात लेने के लिए लोग उमड़ पड़े। भारी भीड़ के कारण ट्रैफिक्र जाम के हालात भी बने। रायपुर के सराफा व्यापारियों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक, आटोमोबाइल, बर्तन, कपड़ा बाजार में भीड़ रही उल्लेखनीय हैं कि हिन्दू धर्म दिवाली या दीपावली खुशियों का त्योहार हर साल की तरह इस साल 2023 में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। दिवाली दीपों का त्योहार हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। हर लोग इस दिन का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। हर साल दिवाली के मौके पर दीपोत्सव का यह पर्व पूरे पांच दिनों तक मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत धनतेरस से होती हैण् धनतेरस का पर्व छोटी दिवाली से एक दिन पहले मनाया जाता है। पंचांग के मुताबिक धनतेरस का पर्व कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन धन्वंतरि देव लक्ष्मी जी और कुबेर महाराज की पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही किसी भी वस्तु की खरीदारी के लिए यह दिन उत्तम माना जाता है ऐसी मान्यता है कि हर साल दिवाली के पर धनतेरस के दिन खरीदी गई चल-अचल संपत्ति में तेरह गुना बढ़ोतरी होती है सोना इस दिन सोने केआभूषण खरीदने की परंपरा भी है। सोना भी लक्ष्मी और बृहस्पति का प्रतीक है इस दौरान सराफा बाजार चमका रहा लोगों ने यहां जमकर खरीददारी की। किसी ने चांदी सिक्का खरीदा तो किसी ने सोने के हार। राजधानी के हर ज्वेलरी शॉप में लोगों की भीड देखी गई। इस दिन कुछ लोग चांदी के सिक्के खरीदते हैं। इन सिक्कों पर माता लक्ष्मी होती है। वही लोगों ने बर्तनों को बदलकर यथाशक्ति ताम्बे पीतल चांदी के गृह उपयोगी पीतल के बर्तन लक्ष्मी और बृहस्पति के प्रतीक हैं अतः इस दिन सोना ज्वेलरी के साथ इसकी भी खरीदी की गई जिससे बर्तन दुकानों में भीड रही बर्तन इस दिन पुराने बर्तनों को बदलकर यथाशक्ति ताम्बे पीतल चांदी के गृह उपयोगी नवीन बर्तन खरीदते हैं। पीतल के बर्तन लक्ष्मी और बृहस्पति के प्रतीक हैं अतः इस दिन सोना नहीं खरीद पा रहे हैं तो पीतल के बर्तन जरूर खरीदें।

इस दिन जहां ग्रामीण क्षेत्रों में धनिए के नए बीज खरीदते हैं वहीं शहरी क्षेत्र में पूजा के लिए साबुत धनिया खरीदते हैं। इस दिन दीपावली पूजन हेतु लक्ष्मी और गणेशजी की मूर्ति खरीदते हैं और इसी दिन धन्वंतरि की पूजा हेतु उनकी मूर्ति या चित्र भी खरीदते हैं। खिलौने इस दिन बच्चों के लिए खिलौने भी खरीदे जाते हैं। बच्चों का मन खुश रखने में सकारात्मक माहौल बनता है। इस दिन पूजा की सामग्री के साथ ही खील बताशे आदि भी खरीदे जा यह घर में खुशियां लाते हैं। इस दिन बच्चों की सुरक्षा के लिए गोमदी चक्र और धन सम बढ़ाने के लिए कोड़ियां खरीदते हैं। इस दिन झाडू खरीदना बहुत ही शुभ माना जाता है। इसे वर्षभर के लिए घर नकारात्मक ऊर्जा बाहर निकल जाती है। आटोमोबाइल बाजार भी जमकर चमका लोगों की ऐसी मान्यता धनतेरस के दिन किसी भी वस्तु वाहन की खरीदारी करने से वह फलित होता है इसलिये आटो मोबाइल के क्षेत्र में भी जमकर खरीददारी हुई। इससे कार के शो रूम में जमकर कारों की बुकिंग हुई इधर कोरोना काल के बाद में यह पहला अवसर था कि लोगों घरों से निकल कर जमकर खरीददारी की । राजधानी में धनतेरस की खरीददारी उमड़ी भीड़ के कारण टैफिक जाम रहा।

# प्रधानमंत्री पूरे देश में धान की कीमत 3100 क्यों नहीं देते : राजीव शुक्ला

**रायपुर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। रकांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' के नाम से जारी घोषणा पत्र पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मोदीजी पूरे देश में धान की कीमत 3100 रुपए क्यों नहीं कर देते? छत्तीसगढ़ के किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय की राशि मिलाकर 3800 रुपए मिलेगा. पूरे देश में 500 रुपए में सिलेंडर देने का ऐलान करे. कांग्रेस सरकार की सब्सिडी मिलाकर मुफ्त में सिलेंडर मिलेगा।



राजीव शुक्ला ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि क्या छत्तीसगढ़ में नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं? क्या मोदी जी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं? मोदी के चेहरे पर छत्तीसगढ़ में भाजपा चुनाव लड़ रही है।दरअसल, भाजपा के पास छत्तीसगढ़ में कोई चेहरा ही नहीं है। जनता को महंगाई से राहत नहीं मिली है।15 लाख का वादा जुमला बनकर रह गया. किसानों की आय दोगुनी नहीं हो पाई। केंद्र सरकार से विपक्ष की राज्य सरकारों को कोई मदद नहीं है> राज्यसभा सांसद ने कहा कि एक भी गारंटी बता दें, जो मोदी जी पूरी की हो।गंगा साफ नहीं हुई, बनारस क्योटो नहीं बना। भाजपा फिर छत्तीसगढ़ में किस भरोसे वादें कर रही है. भाजपा सिर्फ जनता को ठगने का काम करती है। कांग्रेस सरकार में हुए कार्यों का श्रेय लेने में बीजेपी लगी है।

प्रदेश में प्रथम चरण के चुनाव पर टिप्पणी करते हुए राजीव शुक्ला ने कहा कि पहले चरण में हमारी स्थिति मजबूत रही है।दूसरे चरण में हम मजबूती के साथ जीत रहे हैं. कांग्रेस की सरकार फिर से बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का झूठ नहीं चलने वाला है. कर्नाटक की तरह छत्तीसगढ़ की जनता भी भाजपा को करारा जवाब देने जा रही है।

### भाजपा के सारे बड़े चेहरे ताले में बंद मोदी को सामने लाकर लड़ रहे चुनाव

राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के बड़े चेहरे तो मानो ताले में बंद हो गए हैं। भाजपा मजबूरी में यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। इससे पहले भाजपा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल एवं कर्नाटक में भी मोदी के चेहरे को सामने रखकर चुनाव लड़ी थी। नतीजा क्या रहा ये सभी जानते हैं। मोदी ने जो कहा कभी उसे पूरा नहीं किया।

# भाजपा अऊ पीएम के कोई गारंटी-वारंटी नई हे : भूपेश

**रायपुर**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को विकास उपाध्याय के पक्ष में रामनगर और गुढ़ियारी में सभा की, जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ही आपकी सरकार है, हमने सभी वर्गों का ख्याल रखा है।

श्री बघेल ने कहा कि भाजपा वाला मन कहत हे एक हजार रूपया के गारंटी हे, भरोसा झन करहूँ, पीएम नरेन्द्र मोदी भी गारंटी के बात कहत हे, कहिस कालाधन आही, रोजगार मिलही, मिलिस नई मिलिस तो समझ लौ ओखर कोई गारंटी नई हे। श्री बघेल ने कहा कि 17 तारीख को बटन दबाकर विकास को बम्फर वोट से जीताना है। कांग्रेस सरकार ने पाँच साल जनता के लिए काम किया है और आने वाले समय भी करेगी, सरकार बनते ही



इस बार विकास उपाध्याय को दोगुना वोट से जीताओ: सीएम

गैस सिलेण्डर पर 500 रूपये की सब्सिडी मिलेगी, सभी वर्गों के बच्चों को केजी से लेकर पीजी तक की शिक्षा मुफ्त होगी, यह देश का पहला राज्य होगा जहाँ ऐसी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत् 20 लाख रूपये तक दिये जायेंगे, सड़क दुर्घटना होने पर निःशुल्क ईलाज होगा, 200 यूनिट तक बिजली फ्री मिलेगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्टरों और गाड़ी मालिकों का 2018 के पहले का जो भी टैक्स है माफ किया जाएगा, छत्तीसगढ़ियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, कांग्रेस ने महिलाओं, बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों सभी का ध्यान रखा है और रखेंगी।

विकास उपाध्याय जनवंदन यात्रा के दौरान आज रामनगर व रामकुण्ड में जनसंपर्क किया। उनके समर्थन में लोग उमड़े, उनके पाँच साल के कार्यकाल में उनके द्वारा किये गए कार्यों को याद करते हुए सभी वर्गों के लोगों ने उन्हें फिर से सहयोग करने का भरोसा दिलाया है। रामकुण्ड में धनतेरस के उपलक्ष्य पर महिलाओं ने विकास उपाध्याय को वोट देने की अपील करते हुए रंगोली बनाई थी।

# कार्यालय सहायक कर रहा था आप पार्टी का प्रचार, निलंबित

**रायपुर**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान शासकीय कर्मचारी द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कलेक्टर डा. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने मंदिर हसौद तहसील में पदस्थ कार्यालय सहायक दिनेश कुमार गोस्वामी को निलंबित कर दिया।

शासकीय कर्मचारियों को सर्विस में किसी भी राजनीतिक दल के पक्ष में चुनाव प्रचार करने की मनाही होती है, लेकिन दिनेश कुमार क्षेत्र में घूम-घूमकर आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए जनता को प्रोत्साहित कर रहा था। राजनीतिक गतिविधियों में सम्मिलित होकर आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत पर आरंग एसडीएम ने मामले की जांच की तो शिकायत सही पाई गई।

इसके बाद कलेक्टर डा. भुरे ने सिविल सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। निलंबन अवधि में गोस्वामी को जिला निर्वाचन कार्यालय, सामान्य निर्वाचन शाखा में संलग्न किया गया है।

### बिलासपुर में भी हुई थी कार्रवाई

बीतें दिनों चुनाव आयोग ने बिलासपुर के शिक्षक दंपत्ति को निलंबित किया गया था। दोनों पति-पत्नी सोशल मीडिया के साथ ही मौखिक चुनाव प्रचार में भी शामिल थे। मामले में शिकायत की जांच करने पर पति-पत्नी दोनों के खिलाफ की गई शिकायत सही पाई गई। टीचर पति को जिला निर्वाचन अधिकारी ने सस्पेंड कर दिया गया था। वहीं, उनकी पत्नी व्याख्याता शिक्षिका के खिलाफ भी कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई थी।

# भीम सिंह व असीम दास की 24 तक बढ़ी न्यायिक रिमांड

**रायपुर**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को महादेव सट्टा एप कारोबार से जुड़े दुर्ग पुलिस के कांस्टेबल भीम सिंह यादव और उसके साथी असीम दास को कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपी अब 24 नवंबर तक पुलिस की रिमांड में रहेंगे।

कांस्टेबल भीम सिंह पर महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्रकार और रवि उप्पल से मिलने का है आरोप है। भीम सिंह 3 बार दुबई का दौरा कर चुका है। वहीं पेशे से ड्राइवर असीम दास उर्फबप्पा के घर से बीते दिनों करोड़ों रूपये बरामद कर जब्त किया था। 2 नवंबर को ईडी की टीम ने हाउसिंग बोर्ड जामुल में छापामार कार्रवाई की थी। यहां रह रहे पेशे से ड्राइवर असीम दास उर्फबप्पा के घर से करोड़ों रूपये बरामद हुए थे। इससे पहले ईडी ने रायपुर स्थित एक होटल की पार्किंग और कमरे से 5.39 करोड़ रुपए कैश जब्त किया था। इस दौरान असीम दास उर्फबप्पा के साथ दुर्ग पुलिस में पदस्थ कांस्टेबल भीम सिंह भी ईडी के रडार पर आ गया जिसे ऑनलाइन सट्टा ऐप के नोटों के साथ टीम ने गिरफ्तार किया था।पहले ही दुर्ग के तत्कालीन एसपी अभिषेक पल्लव ने सहदेव के खिलाफ ऑनलाइन सट्टा को लेकर जांच कराने के बाद उसे सस्पेंड किया था। इसके बाद ईडी की टीम ने अब पुलिस कांस्टेबल भीम को गिरफ्तार किया है। ईडी के इस एक्शन के बाद दुर्ग एसएसपी रामगोपाल गर्ग ने पुलिस कांस्टेबल भीम सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

# ईडी ने 2 एसपी से किया घंटों पूछताछ

**रायपुर**, 10 नवम्बर (देशबन्धु)। महादेव ऑनलाईन गेमिंग ऐप मामले में ईडी की कार्रवाई जारी है। इसी बीच प्रवर्तन निदेशालय ने दो जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पूछताछ के लिए तलब किया। इनमें कवर्धा के एसपी डॉ अभिषेक पल्लव से गुरुवार को पूछताछ हुई। पता चला है ईडी ने पहले उनके व्हाट्सएपर पर समंस किया। इसके बाद कॉल करके सूचना दी।

अभिषेक पल्लव 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे रायपुर के पचपेड़ी चौक स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। उनसे करीब पांच घंटे पूछताछ चली। अभिषेक से दुर्ग में पोस्टिंग के दौरान महादेव ऐप के खिलाफकी गई कार्रवाइयों की जानकारी ली गई। ईडी ने उनसे एक मीडिया द्वारा किए गए स्टिंग आपरेशन के बारे में भी पूछा। इसके बाद ईडी ने उन्हें वापिस जाने कह दिया। शाम पांच बजे अभिषेक पल्लव कवर्धा के लिए रवाना हो गए। इसके बाद ईडी ने 10 नवंबर को रायपुर के एसएसपी प्रशांत अग्रवाल को सुबह साढ़े दस बजे ईडी आफिस बुलाया था। प्रशांत से इडी आफिस में पूछताछ शुरू हो गई है।



## 3 दिन बंद रहेगी मांस-मटन की दुकानें

**रायपुर,** 10 नवंबर। छग शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के अनुपालन में 12 नवंबर महावीर निर्वाण दिवस, 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती, 19 दिसम्बर संत तारण तरण जयंती के अवसर पर रायपुर परिक्षेत्र में स्थित पशु वध शाला गृह एवं मांस - मटन बिक्री दुकानों को बन्द रखे जाने के आदेश दिए हैं।

# ट्रक चालक की हत्या का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। बलौदा बाजार रोड में सारागांव के एक ढाबे के नजदीक बंद नाली के अंदर एक जवान लडके की लाश सडी गली हालत में मिली थी। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर खरोरा पुलिस गई। शव की पहचान का प्रयास किया गय पर कोई भी शव को पहचान नहीं पा रहा था। इसी बीच पुलिस को यह भी जानकारी भी मिली कि ग्राम पचपेडी भिलाई 3 जिला दुर्ग निवासी एक ट्रक मालिक अपने ट्रक और ड्राइवर को ढूढने का प्रयास कर रहा है। उसे बुलाकर मिले हुये शव का शिनाख्त कराया गया तो उसने शव की पहचान अपने ट्रक ड्राइवर परमेश्वर यादव के रूप में किया। शव की शिनाख्ती के बाद उस ट्रक मालिक एवं मृतक के परिजनों को बुलाकर पूछताछ प्रारंभ किया गया तब पता लगा कि 26 अक्टूबर को मृतक परमेश्वर यादव सिलतरा रायपुर से ट्रक में लिचिड यूरिया की 300 बाल्टी किमती लगभग 07 लाख रूपये भर कर बलौदा बाजार खाली करने के लिये निकला था। शाम को मृतक ने फोन पर अपने मालिक सहित कुछ पारिवारीक लोगो से चर्चा की थी और बताया था कि वह रात हो जाने से सारागांव के एक ढाबे का पास रूका है रात में वही आराम करेंगा सुबह ट्रक लेकर बलौदा बाजार जायेगा। दूसरे दिन ट्रक के मालिक एवं परिवार के अन्य लोगों द्वारा परमेश्वर यादव को संपर्क करने का प्रयास किया गया था पर उसका फोन बंद था। जब दो दिन तक कोई खबर नहीं मिली तब ट्रक मालिक अपने गाडी और ड्राइवर को ढूंढने के लिये निकला तो बलौदा बाजार रास्ते के बजाय आरंग रोड में ग्राम करमंदी के पास रोड के किनारे उसकी ट्रक खडी मिली लेकिन उसमें ड्राइवर परमेश्वर यादव नहीं था। इसी बीच परमेश्वर यादव का शव सारागांव के पास मिलने से यह स्पष्ट हो गया कि माल के लिए मृतक की हत्या हुई है और हत्यारों ने माल को उडा लिया है। तकनीकि साधनों से सुराग हासिल किये का प्रयास हुआ। सैकडो ट्रक ड्राइवरों से पूछताछ किया गया रास्तो में लगे हुये कई सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगालें गये। कुछ पुष्टिकारक सूचना मिलने पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट के उप0 निरीक्षक सतीश पुरिया के नेतृत्व



### आर्थिक तंगी से परेशान होकर आरोपियों ने बनाई ट्रक से माल लूटने की योजना

में 5 सदस्यी टीम गोपाल गंज बिहार के लिये रवाना हुईए वहां पर संदेह के आधार पर पकडे गये मंजय यादव उर्फ लक्की सके छोटे भाई इन्द्रासन यादव से पूछताछ की गई। तब उनके द्वारा इस बात का खुलासा किया गया कि पकडे गये दोनों भाईयों के अलावा दो अन्य 04 लोगों ने मृतक ट्रक ड्राइवर परमेश्वर यादव की हत्या करके उसकी शव को सारागांव के पास ढाबे के किनारे छुपा दिया और उसके ट्रक को लेकर आरंग रोड में ग्राम करमंदी के पास ले गये और खुद के द्वारा चलाये जा रहे दूसरे ट्रक में माल को भरकर महासमुंद के ट्रक ओनर के गोदाम में माल का खपाने के लिये छोड कर सभी गांव वापस आ गये थे। पुलिस ने अन्य आरोपियों के धरपकड का प्रयास किया गया लेकिन वे फरार हो गये थे। पकडे गये दो आरोपियों को लेकर पुलिस खरोरा लौटी। आरोपियों से गहन पूछताछ करने पर उन्होंने ने घटना के विषय में विस्तार से बताया कि वास्तव में कुल 05 लोगो ने मिलकर उसकी हत्या की है। मंजय यादव पिछले 06.07 महिनों से महासमुंद के नागेन्द्र जासवाल के ट्रक क्रमांक 04 एम एन 7603 को चलाता है साथ में अपने छोटे भाई इन्द्रासन यादव को ड्राइवरी सिखाने के लिये कन्डेक्टर के तौर पर रखता है। इन दोनो का एक अन्य भाई संजय यादव भी कुछ महीनों पहले तक तिल्दा के एक ट्रक को चला रहा था लेकिन वर्तमान में खाली था। तीनों तिल्दा के पास बहेसर गांव में रह रहे थे। लगभग एक महीने पहले इनके बिहार गांव के नजदीक के गांव में रहने वाले पुराने साथी बगेश राम और चंदन धोबी भी काम की तलाश में इनके पास आये थे लेकिन काम नहीं मिल रहा था। आर्थिक तंगी हो रही थी दीपावली के लिये घर वापस जाना भी था तब पांचों ने मिलकर योजना बनाई कि चोरी या लूट जैसी कोई वारदात किया जाये जिससे कुछ पैसे आये। रात्रि लगभग 1 बजे के आसपास चोरी करना शुरू किये तो उस गाडी का ड्राइवर आहट पाकर पीछे आया। पांचों ने मिलकर ड्राइवर को वहीं दबोच लिया चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दिये और लाश को पास के नाली में डालकर उसके ट्रक को लेकर वहां से निकल गये।

# पेंशनरों को जीवन प्रमाण पत्र स्टेट बैंक में जमा करने में असुविधा

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। हर साल नवंबर माह में पेनशनभोगी कर्मचारियों को बैंक में एक बार जीवन प्रमाण पत्र जमा कर बताना पड़ता है कि मैं जिंदा हूं। ताकि उन्हें लगातार मासिक पेंशन का भुगतान होता रहे। इसके लिए पेंशनरों को अनेक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। जीवन प्रमाण पत्र जमा करने अलग अलग बैंक में अलग अलग प्रक्रिया अपनाई जा रही है। कोई बैंक निर्धारित प्रोफार्मा पर केवल हस्ताक्षर ले रहे हैं तो कई बैंक उंगलियो निशान साथ में आधार कार्ड, पेन कार्ड भी मांग रहे है। हद तो तब हो जा रही है जब उम्र अधिक होने से उंगलियों की रेखाएं घिस चुकी हैं और मसीन ट्रेस नहीं कर पा रहे हैं इससे जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं हो रहे हैं। जबकि चेहरा प्रमाणीकरण की सुविधा भी है परंतु बैंक अधिकारी अभी समय नहीं है बाद में आना या कहीं और से करा लेना कहकर अपनी बला टाल रहे हैं जो उचित नहीं है। जब बैंक में पहले से आधार कार्ड और पेन कार्ड की जानकारी उपलब्ध है तो फिर से मांगने का क्या औचित्य है ।

### बैंक व जिला प्रशासन संज्ञान में ले : नामदेव

जारी विज्ञप्ति में छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक व भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने दी है उन्होंने बताया राजधानी रायपुर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मेन ब्रांच जयस्तंभ चौक रायपुर में जीवन प्रमाण पत्र जमा करने आने वाले पेंशनरों को बहुत परेशानी है। यही एक ऐसा बैंक है जहां पेंशनरों को हर काम के लिए सीढ़ी के सहारे बैंक के ऊपरी भाग में जाना पड़ता है। बुजुर्ग पेंशनरों को सीढ़ी चढ़ने-उतरने में काफी तकलीफ का सामना करना पड़ता है। कोई सुनने वाला नहीं है। जिला प्रशासन और बैंक प्रशासन को इसे संज्ञान में लेकर नीचे काउंटर मे समुचित व्यवस्था करने मांग की है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने पेंशनरों की समस्याओं का अध्ययन कर बुजुर्ग असहाय पेंशनरों बैंक कर्मचारी को घर बुलाकर जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की सुविधा दी है परंतु बैंक स्टॉफ की कमी बताकर अन्य दूसरा तरीका अपनाने सलाह दे रहे हैं। जिसमें डिजिटल माध्यम से प्रमुख हैं। बुजुर्ग पेंशनरों को आज के ये नए तरीके समझ से परे है। वे किसी तरह बैंक में जाकर अपने जिन्दा होने का प्रमाण प्रस्तुत करना ही पसंद करते हैं। बैंक में बुजुर्ग पेंशनरों को बैंक अधिकारियों द्वारा सही व्यवहार नहीं मिल रहा है। एक तरफ यह नियम बताया जा रहा है कि किसी भी नजदीकी स्टेट बैंक के शाखा में कहीं भी जीवन प्रमाण पत्र जमा किया जा सकता है लेकिन बैंक अधिकारी पेंशनर को अपने खातेवाली बैंक में ही जमा करने कहकर टरकाने का काम कर रहे हैं।

# किशोर आहूजा कांग्रेस में शामिल



**रायपुर,** 10 नवंबर। सप्रे शाला मैदान में आयोजित विशाल आमसभा मेंसिंधी समाज व भारतीय जनता पार्टी के नेता किशोर आहूजा ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस प्रवेश किया इन लोगों में सिंधी समाज के विभिन्न पंचायत से जुड़े हुए सक्रिय समाजसेवियों ने भी किशोर आहूजा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रवेश किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किशोर आहूजा को कांग्रेस का पटका पहनकर कांग्रेस प्रवेश करवाया। यह उम्मीद जताई कि उनके आने से कांग्रेस पार्टी को निश्चित रूप से फायदा मिलेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी सिंधी समाज के मान सम्मान को ध्यान में रखते हुए भविष्य में निर्णय लेगी। किशोर आहूजा के कांग्रेस प्रवेश में महापौर ऐजाज ढेबर व कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ रायपुर के जिला अध्यक्ष सुभाष बजाज की मुख्य भूमिका रही।

# छग में एक ही बात सुनाई दे रही, अब नहीं सहिबो : मनोज तिवारी

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। प्रथम चरण के चुनाव के बाद कांग्रेस के '75 पार' वाले बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसी भी जगह गया, एक ही बात सुनने को मिल रही है कि 'अब नहीं साहिबो, बदल के रहिबो'. छत्तीसगढ़ के गांव-गांव से यह बात सामने आ रही है.

**मुख्यमंत्री खेल रहे सट्टा का खेल**

मनोज तिवारी ने कहा कि आज से एक हफ्ता पहले तक हमें लगता था कि लड़ाई है, लेकिन जब से पता चला कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री जैसे सम्मानित पद पर बैठकर सट्टा का खेल खेल रहे हैं, पैसे पकड़े गए उनके, जो दिया वह सब बता रहे हैं. अब मुख्यमंत्री का पद सट्टा खेलने के लिए नहीं होता है।

**छत्तीसगढ़ में वापस आ रही भाजपा**

उन्होंने कहा कि जब हम गांव में जा रहे हैं, तो माताएं हमें पकड़ कर पूछती हैं कि हमको बोले थे आप लोगों को पैसा मिलेगा और हम लोग को माताएं पकड़कर रोने लगते हैं. बीजेपी ने जो काम किया उस पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई ध्यान ही नहीं रहा आपको लगता है आप छत्तीसगढ़ के जनता को बर्बाद कर दीजिए. इसीलिए 5 साल के बाद जनता को फिर से टाइम मिलता है, जहां वह समझती है कि मेरा हित किसमें है, और छत्तीसगढ़ में वापस बीजेपी आ रही है.

**छत्तीसगढ़ और बिहार मौसेरी बहनें**

भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि प्रदेश में उनके पास कोई बड़े नेता नहीं है, इसलिए बार-




### कांग्रेस के '75 पार' पर भाजपा का पलटवार

बार छत्तीसगढ़ दौरे पर केंद्रीय नेतृत्व को बुला रहे हैं. क्या भूपेश बघेल दूसरे राज्य नहीं जाते हैं? कैसे दोगली बातें करते हैं. अगर आपके नेता दूसरे राज्य जाते हैं, तो कोई बात नहीं. यह तभी होता है, जब लोग डरने लगते हैं. अगर कोई प्यारा है तो सब ले बढ़िया हमारे छत्तीसगढ़िया. छत्तीसगढ़िया और बिहारी वैसे भी मौसेरी बहनें हैं. मूल बात क्या है. कांग्रेस दरअसल हमसे क्या छुपाना चाहती है.

**हमास का समर्थन कर रही कांग्रेस**

कांग्रेस हमास के आतंकवादियों को सपोर्ट कर रही है. चिंता की बात यह है कि आतंकवादी आते हैं, बंदूक से मारते हैं. जो बच्चे गाना गा रहे थे, उनको मार डालते हैं. फिर मरे हुए बेटियों की लाशों से बलात्कार करते हैं, और फिर कांग्रेस कहती है कि हमास के खिलाफ हम कुछ नहीं बोलेंगे. वह इजरायल के खिलाफ ही बोलते हैं. जो हमास की समर्थन कर रही हो कांग्रेस उसकी चर्चा ज्यादा ना हो. मैं छत्तीसगढ़ के लोगों से बताना चाहता हूं कि आप हमास को जानिए. मनोज तिवारी ने कहा कि अभी राजस्थान में एक व्यक्ति का गला काट दिया गया, और काटते समय वीडियो बनाया गया. वहां कांग्रेस की सरकार है, और फिर उन लोगों की जमानत भी हो गई. हमास जैसी प्रवृत्ति छत्तीसगढ़ हो, या राजस्थान हो, वहां भी आप देख सकते हैं.

**महुआ मोइत्रा पर कड़ी टिप्पणी**

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को एथिक्स पैनल ने 6-4 खंडित फैसले में संसद से निष्कासन को मंजूरी दी है. इस पर भाजपा सांसद ने कहा कि जो जैसे करेगा वैसा भरेगा. अगर आप संसद में विदेश से सवाल पूछेंगे. पैसा ले लेकर सवाल पूछिएगा, तो आपको सांसद बनने की जगह विदेश में दलाली करनी चाहिए।

जल ही जीवन है

## निधन

### दुखिया बाई रंगारी

**रायपुर,** 10 नवंबर। श्रीमती



दुखिया बाई रंगारी धर्मपत्नी दिवंगत भदरू रंगारी का निधन 10 नवंबर को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज अपरान्ह पश्चात निज निवास रंगारी निवास बसंतपुर राजनांदगांव से मुक्तिधाम लखोली के लिए आज शाम 4 बजे निकलेगी। वे वीरेन्द्र कुमार, विष्णु कुमार, शैलेंद्र कुमार, सुश्री नंदा, श्रीमती महामाया डोंगरे की माता थी।

### जुगल किशोर बंग

**रायपुर,** 10 नवंबर। समता कॉलोनी निवासी, माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस के संचालक, 80 वर्षीय, जुगल



किशोर बंग का निधन 10 नवंबर को हो गया है। वे सुरेश बंग के बड़े भ्राता व मनोज बंग के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 11 नवंबर को निज निवास, 78, समता कॉलोनी से, प्रात: 10.30 बजे, मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी।

### विनोद यादव

**राजनांदगांव,** 10 नवंबर।



राजनांदगांव शीतलापारा मोतीपुर निवासी विनोद यादव पिता स्व. सुदामा यादव का शुक्रवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 9.30 मोतीपुर-ढाबा मार्ग स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। स्व. विनोद, भाजपा नेता व नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के छोटे भाई थे।

# ब्राह्मण समाज सभी वर्गों को जोड़ने का कार्य करता है : राजीव शुक्ल

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार, रायपुर में बीसीसीआई उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मान. राजीव शुक्ल का सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया। वहीं कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ल, सचिव सुरेश मिश्रा, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्रा, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव गौरव शुक्ल, कोषाध्यक्ष संतोष दुबे ने श्री शुक्ल को स्मृति चिह्न के रूप में बस्तर आर्ट भेंट किया और पुष्पहार से स्वागत किया गया। श्री राजीव शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज कश्मीर से कन्याकुमारी, उत्तर से दक्षिण चारों दिशाओं में विप्र समाज के बंधु फैले हुए है।



### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज ने किया सम्मान

उन्होंने सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय की भावना लेकर अपने अपने शहरों में रचनात्मक काम कर रहे हैं। ब्राह्मण समाज सदैव लोगों को जोड़ने का काम करता है और चींटी से लेकर मानव के कल्याण की कामना करने वाला समाज है। ब्राह्मण समाज में बहुत सारे घटक है जो पूरे देश भर में फैले हुए हैं उनकी रीतिरिवाज, खानपान, वेशभूषा में भले ही भिन्नता हो लेकिन उनका एक ही उद्देश्य है सभी वर्गों का मंगल व कल्याण हो। इस अवसर पर पार्षद प्रमोद मिश्रा, मुक्तिनाथ पाण्डेय, दिनेश शुक्ला, अजय तिवारी, राजकुमार अवस्थी, शशिकांत मिश्रा, आर.के. दीक्षित, गिरजाशंकर दीक्षित, अनिल शुक्ल, चन्द्रिका शंकर बाजपेयी, प्रदीप शुक्ला, अशोक दीक्षित, सुशील तिवारी, देवेन्द्र पाठक, प्रशांत तिवारी, पंकज शुक्ला इन्द्र कुमार तिवारी, प्रभात पाण्डेय, श्रीमती सुधा शुक्ला, श्रीमती अर्चना त्रिवेदी एस.एस. त्रिवेदी, विदोष द्विवेदी, चतुर्भुज त्रिवेदी, विकास शुक्ला, प्रमोद गौतम, दिलीप तिवारी, एम.एम. पाण्डेय, शेषनाथ तिवारी, पंकज तिवारी रमेश शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।

# महादेव ऑनलाइन सट्टा, दम्मानी भाइयों की जमानत याचिका पर कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला



**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप के मामले में न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए पेट्रोल पंप और ज्वेलरी कारोबारी अनिल दम्मानी और सुनील दम्मानी की जमानत याचिका दायर की गई। डेढ़ घंटे चली बहस के बाद दोनो वकीलों ने अपना पक्ष रखा। लंबी बहस के बाद न्यायधीश अजय सिंह राजपूत ने अब तक कोई फैसला नहीं दिया है। कोर्ट के अगले पेशी में वह अपना फैसला देंगे। ऑनलाइन सट्टे में करोड़ों के हवाला कारोबार के आरोप में गिरफ्तार अनिल और सुनील दम्मानी की जमानत को लेकर आज विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत के कोर्ट में लंबी बहस चली। बहस के बाद बचाव पक्ष के वकील विजय अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने इनकंप्लीट चार्ट शीट पर बेल एप्लीकेशन लगाई थी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि देश का कानून यह कहता है किसी आदमी को 60 दिन से ज्यादा अंदर नहीं रखा जा सकता जब तक 7 साल की सजा का मुकदमा ना हो तब तक इन्वेस्टिगेशन उनकी पेंडिंग रहेंगी। उन्होंने बताया कि इस केस पर ईडी रोज प्रेस रिलीज दे रही है कि अभी पॉलिटिशियन ब्यूरोक्रेट्स हवाला ऑपरेटर एक्टर आने हैं तो इस केस की तफ्तीश अभी कंप्लीट नहीं हुई है। इसमें लीगल पॉइंट यह था कि जो कंप्लीट चार्टशीट फाइल होती है वह एक केस फाइल होती है अभी केस यह बहुत बड़ा है। ईडी अभी खुद कह रही है कि यह तफ्तीश अभी बहुत आगे तक जाएगी। तो कानून यह कहता है जब तफ्तीश जारी है।

# अमित शाह ने कहा है तो ओपी चौधरी को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी : रमन सिंह

**रायपुर,** 11 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पद छोड़कर भाजपा का दामन थामे पूर्व आईएएस ओपी चौधरी इन दिनों सुर्ख़ियों में हैं और हो भी कैसे न केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जो उन्हें विधायक बनने के बाद बड़ा आदमी बनाए जाने की बात कह दी है. इससे पार्टी में भी खलबली मच गई है. बात यह चल रही है कि अगर विधानसभा चुनाव बीजेपी जीतती है तो उन्हें पार्टी बड़ा चेहरा बनाकर पेश करेगी. इसपर अब पूर्व सीएम डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि अगर अमित शाह ने कहा तो जरूर उन्हें आने वाले दिनों में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी. पत्रकारों से चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भाजपा नेता और रायगढ़ के प्रत्याशी ओपी चौधरी को बड़ा आदमी बनाए जाने बयान पर कहा कि अगर अमित शाह ने कहा तो जरूर उन्हे आने वाले दिनों में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। पीसीसी चीफ दीपक बैज के लाशों पर सियासत वाले बयान पर रमन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट और साफ राजनीति करती है. षड्यंत्र करने का काम कांग्रेस का है. रायपुर के बैजनाथपारा में भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पर हमले को लेकर रमन सिंह ने कहा कि राजधानी का ये हालत है कि विधानसभा के प्रत्याशी और सबसे सीनियर विधायक बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ पर आक्रमण हो सकता है. ये इस बात को साबित करता है कि कानून व्यवस्था की स्थिति कितनी चौपट हो गई है. अब कांग्रेस के कार्यकर्ता गुंडागर्दी पर उतारू हो गए हैं.बता दें कि गुरुवार को रायगढ़ में रोड शो के दौरान अमित शाह ने कहा कि मैं जब भाजपा का अध्यक्ष था तब मैनें ओपी चौधरी को कहा था कि इस्तीफा मत दो, तुम चीफ सेक्रेट्री बनोगे. लेकिन इसने कहा कि नहीं, बहुत हो गई नौकरी, अब इस्तीफा देकर छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा करना है।

# त्योहारी सीजन में रेलवे ने नहीं बढ़ाया अतिरिक्त कोच

**रायपुर,** 10 नवंबर। दीवाली और छठ दोनों बड़े पर्व नजदीक होने से इन दिनों महाराष्ट्र उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, अंबिकापुर,कोरिया समेत अन्य राज्यों की ओर जाने वाली अधिकांश ट्रेनें पूरी तरह से ठसाठस चल रही हैं। रेलवे का यह सबसे पीक यात्री सीजन है। बावजूद इसके किसी ट्रेन में अतिरिक्त कोच नहीं लगाया गया है। इसके कारण यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। हालात यह है सभी ट्रेनों में रिजर्वेशन टिकट की वेटिंग 100 के आसपास है। वहीं दुर्ग.साउथ बिहार एक्सप्रेस और सिकंदराबाद.दरभंगा जैसी ट्रेनों में नो रूम की स्थिति बन गई है। इन ट्रेनों में 15 से 17 नंवबर के बीच वेटिंग 200 पार हो गया है। ऐसे स्थिति में यात्रियों का सफर करना मुश्किल हो गया है। रायपुर स्टेशन होकर आने.जाने वाली एक्सप्रेस,मेल,सुपरफास्ट किसी भी ट्रेन में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। दुर्ग.सारनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर.पटना एक्सप्रेस किसी में भी टिकट कंफर्म होने की कोई उम्मीद नहीं है। दीवाली, धनतेरस और छठ पर्व पर सपरिवार अपने गृहग्राम जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के बीच लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में कंफर्म टिकट पाने के लिए मारामारी मची हुई है। दूसरे दिनों की अपेक्षा इन दिनों रेलवे स्टेशन में सुबह से लेकर देर रात तक यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई है। हालात यह है कि जितनी भीड़ ट्रेनों में रहती हैए उतनी ही प्लेटफार्म पर ट्रेन आने का इंतजार करने वालों की रहती है। खासकर बिहार,उत्तरप्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली, ओडिशा की ओर जाने वाली अधिकांश एक्सप्रेस, मेल, सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की मारामारी मची है।

**इन ट्रेनों में मची मारामारी**



### दीवाली से छठ तक ट्रेनों में पैर रखने तक जगह नहीं

दीवाली के चार दिन बाद से छठ पर्व है। ऐसे में दुर्ग.सारनाथ एक्सप्रेसए दुर्ग.साउथ बिहार एक्सप्रेसए सिकंदराबाद.दरभंगा और बिलासपुर.पटना एक्सप्रेस किसी में भी टिकट कंफर्म होने की कोई उम्मीद नहीं है। इन प्रमुख ट्रेनों के हर श्रेणी के कोच पूरी तरह से पैक हो चुके हैं। यहां तक की वेटिंग इतनी अधिक हो चुकी है कि नीचे बैठने तक की जगह यात्रियों को मिल पाना मुश्किल है।

**एकमात्र पूजा स्पेशल ट्रेन दौड़ रही**

सबसे बड़ा त्योहार दीवाली और छठ पूजा के दौरान सबसे अधिक आवाजाही होने के बावजूद भी अभी तक रेलवे प्रशासन केवल एक पूजा स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन हटिया.पुणे के बीच चलाना शुरू किया है। जबकि सबसे अधिक बिहार और उत्तरप्रदेश के बीच चलने वाली ट्रेनों में वेटिंग है। यही हाल हावड़ा.मुंबईए हावड़ा.अहमदाबादए सूरत समेत छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का है। लोग धक्कामुक्की खाते हुए जनरल कोचों में सफर करने को मजबूर हैं। त्योहार पर घर जाने के लिए लोग ट्रेनों की लंबी वेटिंग देखकर बस में सफर करने को विवश हो रहे हैं।

**खिड़कियों से आ.जा रहे यात्री**

दीवाली और छठ पूजा नजदीक आते ही सभी ट्रेनें फुल हैं। हालत यह है कि दरवाजे में पैर रखने के लिए जगह नहीं है। स्टेशन में ट्रेन के पहुंचते ही यात्रियों के बीच आपाधापी मच जाती है। इस आपाधापी के बीच ट्रेन कहीं छूट न जाए यह सोचकर यात्री खिड़कियों से भीतर घुसने की मशक्कत करते देखे जा सकते हैं। रोज.रोज यह नजारा देखने के बावजूद न पूजा स्पेशल ट्रेन न चलाई जा रही है और न ही किसी ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

**नवंबर भर ट्रेनें पैक**

यात्रियों की आवाजाही इतनी तेजी से बढ़ी है कि अब सभी ट्रेनों में केवल वेटिंग टिकट ही यात्रियों को मिल रहा है। इसलिए सूची लंबी होती है। रेलवे के मुख्य रिजर्वेशन आफिस के कर्मचारियों का कहना है कि नवंबर तक लंबी दूरी की सभी ट्रेनें पूरी तरह से पैक हो चुकी हैं। ऐसा कोई कोच नहींए जिसमें वेटिंग सूची 100.200 पार न कर गया हो। ऐसे में दिसंबर के प्रथम सप्ताह के बाद ही कंफर्म बर्थ यात्रियों को मिलेगी।

# प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला

## अंतिम समय में योगेश अग्रवाल ने जमा किया नामांकन पत्र

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन जमा करने के आज अंतिम दिन योगेश अग्रवाल ने दावेदारी पेश की है। जिससे अब चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। नामांकन की अंतिम तिथि शुक्रवार को शाम 5 बजे तक थी। समय खत्म होने के पहले सवा चार बजे अपने समर्थकों के साथ पहुचकर निर्वाचन अधिकारी दिलीप अग्रवाल के समक्ष नामांकन पत्र जमा किया। अब चुनाव में देवेंद्र भृगु भाटापारा, परमानंद जैन रायपुर व योगेश अग्रवाल मैदान में है।



योगेश अग्रवाल प्रदेश एसोसिएशन के 2000-2018 तक अध्यक्ष रहे ।वर्तमान में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑल इंडिया राइस मिलर एसोसिएशन, अध्यक्ष अंतराष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन छत्तीसगढ़ अध्यक्ष व्यापार मंडल है।

आज नामांकन जमा करने के अवसर पर प्रमुख रूप से विजय शर्मा, शबीर भाई ,प्रमोद जैन, शेख निरुदीन नरु भाई ,मनोज अग्रवाल, ईश्वर ललवानी,विवेक कुमार अग्रवाल, मोहम्मद शरीफ, लाल बहादुर गुप्ता, कुलदीप कुमार,संजय अग्रवाल, विकी शर्मा, अमित अग्रवाल टीनू अग्रवाल राहुल टांटिया दीपक अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल महेश अग्रवाल सत्यवान अग्रवाल के साथ ही बड़ी संख्या में मिलर उपस्थित थे।

प्रत्याशियों के द्वारा जमा नामांकन पत्रों की आज जांच की गई। सभी के नामांकन सही पाए गए। नाम वापसी की अंतिम तिथि 15 नवंबर शाम 5 बजे तक है। 26 नवंबर रविवार को समय सुबह 10 बजे से शाम 5 तक मतदान का समय है ।प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन में 2290 सदस्य हैं। मतदान स्थल सरस्वती शिशु मंदिर का भवन ,सेक्टर 4 देवेंद्र नगर है। मतदान के पश्चात मतगणना उसी दिन कर विजयी प्रत्याशी की घोषणा कर दी जाएगी।

# चोरी के शक में किशोर की हत्या



**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। चोरी करने की बात पर दो युवकों ने किशोर की पिटाई कर दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या के आरोपी आसिफ खान और रितेश वर्मा को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी की मदद से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार आरोपियों को शक था कि किशोर चोरी करने शुक्रवारी बाजार आया है। इसी बात पर उसकी पिटाई की और फेंक दिया। पुलिस के अनुसार सोनडोंगरी निवासी 15 वर्षीय रितेश बंजारे की हत्या की गई। घटना गुढ़ियारी,शुक्रवारी बाजार स्थित राजपूत भवन के पास की है। घटना स्थल के आसपास रहने वाले लोगों ने सुबह साढ़े पांच बजे किशोर की लाश देखी तो पुलिस को इसकी जानकारी दी। शार्ट पीएम रिपोर्ट और शरीर में मिले अन्य चोट के निशान के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस को राजपूत भवन के छत पर मृतक व यासिफऔर उसके साथी का फुटेज मिला। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया।

**पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार**

**चोरी के आरोप में पकड़ा जा चुका था मृतक:** मृतक किशोर पूर्व में चोरी के आरोप में माना स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में जा चुका है। घटना स्थल के पास हत्या के आरोप में पकड़े गए आरोपितों का चिकन सेंटर है। किशोर को देखने के बाद उन्हें लगा कि वह चोरी करने आया हुआ है। इसी बात पर उसकी पिटाई कर हत्या कर दी गई।

# टिकरापारा में साड़ियों से भरी वैन पकड़ाई

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के टिकरापारा इलाके में पुलिस ने वैन में भरी साड़ियां जब्त की है। यह पूरा माल हरदेव लाल मंदिर के पास से जब्त किया गया है। पुलिस को शक है कि ये साड़ियां चुनाव में खपाने के लिए लाई जा रही थी। हालांकि अभी इस मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 04 एमएच 6313 बताया है कार में सवार दो व्यक्ति पंकजवासी और शेषनारायण को पकड़ा गया है समूची कार्रवाई जीएसटी टीम के द्वारा की गई

# रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वींस ने मनाया दिवाली उत्सव



**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वींस ने दिवाली उत्सव का आयोजन किया। पटाको की धूम धड़क के साथ *दियो* को सजाती क्वींस *चोकर धानी* की संध्या सुंदरता मे संलग्न हुई। खेल तमाशों के साथ सांस्कृतिक राजस्थानी थीम में लहरिया और बांधनी अटायर ओढे नाचती गाती क्वींस हर्षोल्लास से भरी थी। अध्यक्ष मोनिका जग्गी और सचिव मनीषा अग्रवाल के समन्वय में दिवाली मिलन का सफल आयोजन हुआ। चेयर वूमेन रज्जो सैनी और रिंकी साहनी के भरपूर प्रयासों से क्लब का यह दीवाली सम्मेलन आसमान में तारों के भांति सज गया ।

# गुरुनानक जयंती पर 24 को निकलेगा नगर कीर्तन

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। गुरुनानक देव जी के पावन प्रकाश पर्व को लेकर आज गुरुव्दरा प्रबंधक कमेटी स्टेशन रोड में रायपुर के सभी गुरुव्दरा प्रबंधक कमेंटी की बैठक आयोजित की गई। हर साल की तरह इस साल भी विशाल नगर किर्तन निकाला जायेगा जो 24नवंबर को रायपुर स्टेशन रोड से प्रकाश पर्व में नगर किर्तन निकालनें सहमती हुई ।गुरुव्दरा प्रबंधक कमेंटी टाटीबंध के अध्यक्ष गुरुदेव सिंग ढिल्लन ने इस बार गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व में आयोजित नगर किर्तन टाटीबंध गुरुव्दरा मेंआने का आमंत्रण दिया जिसे कमेंटी ने सहर्ष स्वीकार किया। सभी गुरुव्दरा प्रबंधक कमेटी नें बोले सोनिहाल जयकार लगा परवानगी दी ।इस बार विशाल नगर किर्तन गुरुव्दरा स्टेशन रोड से तेलघानीं नाका आमांपारा आश्रम मोहबाबाजार होते हुऐ गुरुव्दरा टाटीबंध जायेगा।



**27 को खालसा स्कूल में जयंती पर होगा कार्यक्रम**

इस साल भी 27 नवंबर को खालसा स्कुल में श्री गुरुनानक देव का गुरुपुरब (जयंती) मनाया जायेगा जिसमें श्री दरबार साहिब अमृतसर से रागीजत्थे व प्रचारक बुलाये जायेगें।

नगर किर्तन श्री गुरुग्रंथ साहिब की अगुवाई व पंजप्यारों कि अगुवाई में पुरी खालसाई शान से निकलेगा। नगर किर्तन में बाईक स्टंट व आतिशबाजी पर मनांही होगी। गुरुव्दरा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंग छाबडा ने समुंह धर्म प्रमीं संगत से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हो गुरुघर की खुशीयां माननें अपील की है। सिक्ख भाई सफेद कुर्ता पैरामाउंट केसरी पगडी और बहनें सफेद सलवार सुट केसरी दुपट्टा पहननें अपील की है।

आज बैठक मे उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंग छाबडा सचिव तेजिंदर सिंह होरा मंजीत सिंग सलुजा टाटीबंध के प्रधान बलविंदर सिंग, सुरेंद्र सिंग पंडरी के प्रधान इंदरजीत सिंग चावला बलविंदर सिंग अरोरा बाबाबुढा से हरकिशन सिंग राजपुत बलदेव सिंग कलगीधर सें रंधावा सिंग स्टेशन रोड से निरंजन सिंग खनुजा कुलवंत सिंग अरोरा रविन्दर सिंग दत्ता भगतसिंह महेंद्र सिंग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# कीमत बढ़ी, फिर भी मिट्टी का दीया पहली पसंद

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली पर्व में पांच दिनों तक घर.घर के मुख्य द्वार पर मिट्टी का दीपक प्रज्ज्वलित करना शुभ माना जाता है। यही कारण है कि बाजार में मिट्टी के दीये खरीदने के लिए लोग उमड़ पड़े। पिछले साल की अपेक्षा कीमत में बढ़ोतरी हुई है। फिर भी लोगों की पहली पसंद मिट्टी का दीया ही रहा। डिजाइनर दीपों की अपेक्षा मिट्टी के साधारण दीये ज्यादा बिके धनतेरस की पूर्व संध्या पर बाजार में डिजाइनर दीयों की अपेक्षा लोगों ने मिट्टी के दीयों को खरीदने में ज्यादा रुचि ली। आमापारा में खरीदारी करने आए मयूर कुमार ने बताया कि उनके घर में धनतेरस पर कम से कम 13 दीपक प्रज्वलित किया जाता है। इसके बाद रूप चौदस से लेकर भैया दूज तक प्रतिदिन 25 से 50 दीपक मुख्य द्वार से लेकर छत तक जलाते हैं। भले ही आकर्षक विद्युत साज.सज्जा क्यों ना हो। मिट्टी का दीपक जलाने की परंपरा दादाए परदादा के जमाने से चली आ रही है। एक और ग्राहक गोविंद शर्मा ने बताया कि वे अपनी दुकानए घर के अलावा मंदिरों में भी दीप दान करने की परंपरा निभाते आ रहे हैं। वे 200 दीयों की खरीदारी करते हैं। घर के द्वार के अलावा रसोईघरए बाथरूम में भी दीया प्रज्वलित करके अवश्य रखते हैं।



- **दुकान,घर के अलावा मंदिरों में भी दीपदान करने की परंपरा**
- **घर के मुख्य द्वार पर मिट्टी का दीपक प्रज्ज्वलित करना शुभ**

**एक थाल में 51 से अधिक दीये**

महाआरती के लिए कई स्टैंड वाले दीये,लालटेन की आकृति का दीया और दीवार पर लटकने वाले अनेक खूबसूरत दीयों से दुकानें सजी हैं। सबसे आकर्षक दीये की कीमत 250 से 300 रुपये है, जो मिट्टी की बड़ी थाल में एक साथ 51 या 101 दीये रखकर बनाए गए हैं। आम लोग पारंपरिक दीये ही पसंद करते हैंए लेकिन उच्च वर्ग के लोगों में डिजाइनर दीयों की मांग है। खासकर टेराकोटा का दीया विशेष रूप से पसंद किया जा रहा है।

**20 से 25 हजार की कमाई**

दीया विक्रेता रामचरण प्रजापति ने बताया कि उनके परिवार के पांच सदस्य एक महीना पहले से ही दीयों को बनाने में जुट जाते हैं। दीपावली के सीजन में वे 20.25 हजार रुपये की कमाई कर लेते हैं। प्रत्येक कुम्हार इतने रुपये कमा ही लेता है। इसके लिए पूरे परिवार को जुटना पड़ता है। घर.घर में प्रज्ज्वलित किए जाने वाले परंपरागत साधारण मिट्टी के दीयों से लेकर डिजाइनर दीयों को भी पसंद किया जा रहा है।

**कई आकृति वाले दीये लुभा रहे**

जीई रोड में साइंस कालेज, कालीबाड़ी तिराहा, गांधी उद्यान के समीप फुटपाथ पर राजस्थान, गुजरात व मध्यप्रदेश से कुछ लोग डिजाइनर दीये लेकर आए हैं। उच्च वर्ग के लोग इन्हें पसंद कर रहे हैं, इनकी कीमत प्रति दीए 10 रुपए से लेकर 200 रुपए तक है। डिजाइनर दीयों में कमल फूल, गुलाब फूल, भगवान गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती, स्वास्तिक, ओम की आकृति वाले दीये ग्राहकों को लुभा रहे हैं।

# राजधानी में मुख्यमंत्री की सभा के बाद आपस में भिड़े कांग्रेसी

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान की तारीख आते ही चुनावी प्रचार तेज हो गया है। वहीं, कांग्रेस में अंतर्कलह भी अब खुलकर सामने आने लगी है। शुक्रवार को प्रगति मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की चुनावी सभा के बाद कांग्रेस के दो गुट के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए और एक-दूसरे को मारने पीटने लगे। नौबत यहां तक आ गई कि दो कार्यकर्ता गौरव पटेल और श्रीजन चंद्राकर का सिर फूट गया।



मुख्यमंत्री के जाने के बाद कांग्रेस के आशीष शिंदे गुट के समर्थक और कुलदीप जुनेजा गुट के समर्थक शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच दोनों ही गुटों के बीच आपसी विवाद हुआ और झगड़ा शुरू हो गया। झगड़ा इतना ज्यादा बढ़ गया कि पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। वहीं, झगड़े के दौरान पुलिस ने भी डंडों का उपयोग किया और सभी को खदेड़ा। हालांकि दोनों ही गुट के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के ही थे, इसकी वजह से पुलिस में शिकायत और एफआइआर नहीं करवाई गई है। वहीं, घटना के बाद दोनों ही चोटिल कार्यकर्ताओं को जिला अस्पताल ले जाया गया और वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी वापस चले गए।

- **जमकर चले लात और घूंसे, दो कार्यकर्ता का सिर फूटा**
- **पुलिस को बल प्रयोग कर सभी को खदेड़ा**

**इंटरनेट मीडिया पर कुलदीप के साथ आशीष शिंदे :** चुनावी सभा के बाद जो विवाद हुआ, उसमें दोनों ही गुट कुलदीप जुनेजा के पक्ष में ही प्रचार-प्रसार व समर्थन कर रहे हैं। दो दिनों पूर्व ही आशीष शिंदे द्वारा कुलदीप जुनेजा के समर्थन में इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर उनके पक्ष में मतदान करने के संदर्भ में अपील की थी। लेकिन सभा के बाद शक्ति प्रदर्शन के बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ गया।

# ठगों के झांसे में फंसी एमबीए की छात्रा

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। आइआइएम की एमबीए की छात्रा से नौकरी दिलाने के नाम पर आनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। छात्रा को पहली कमाई 500 रुपये भेज फिर एक लाख 99 हजार रुपये ठग लिए गए। राखी थाना पुलिस ने अज्ञात ठग विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

राखी थाने में प्रार्थिया समीक्षा सिंग ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। वह आइआइएम हास्टल चेरिया नवा रायपुर में रहती है। आइआइएम में एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। रिपोर्ट के अनुसार 27 अक्टूबर को समीक्षा के नंबर पर पार्ट टाइम जाब के नाम पर एक मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने टेलीग्राम पर बात करने की बात कही। उसने अपनी मरीना नाम से टेलीग्राम की आइडी दी। छात्रा ने पूछा कि वहां से कैसे जाब तो उसने बताया कि फ्लिप कार्ट में जाके प्रोडक्ट को एड टू कार्ड करने बोला। इसके बाद उसने कहा कि एक प्रोड्क्ट के लिए 50 रुपये मिलेगा। छात्रा ने 7 से 8 बार वैसा ही कि और कुल 500 रुपये खाते में आ गए। इसके बाद दूसरे टेलीग्राम धारक ने बोला 10000 रुपये देने पर 13 हजार रुपये मिलेगा। छात्रा ने गूगल पे से 10 हजार रुपये आरोपित के यूपीआइ आइडी में भेज दिए। इसके बाद उसने कहा कि दूसरे राउंड में 51, 760 रुपये भेजने के बाद ही मिलेगा नहीं तो 10 हजार भी डूब जाएगा। छात्रा ने यूपीआइ आइडी पर 51, 760 रुपये जमा कर दिए। फिर ठग ने एक लाख 31 हजार रुपये भेजने के लिए कहा। पैसे नहीं भेजने पर छात्रा द्वारा पूर्व में दी गई 61 हजार 760 रुपये की रकम नहीं मिलने की बात कही। छात्रा ने एक लाख 31 हजार रुपये जमा कर दिए। इसके बाद 3 लाख 37 हजार 1100 रुपये जमा करने की बात की। छात्रा को शक हुआ। इसके बाद उसने पैसे देने मना किया और ठग से पैसे वापस करने की बात कही। उसने मना कर दिया।

**नौकरी के लालच में गंवाए एक लाख 99 हजार रुपये**

# त्योहारी सीजन में साइबर ठग सक्रिय

**रायपुर,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। त्योहारी सीजन में साइबर क्राइम की घटना लगातार बढ़ रही है। आनलाइन ठग एक्टिव हो गए हैं। आए दिन लोगों को लुभावने आफर्स देकर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। इस समय आपको कई तरह की स्कीम आनलाइन देखने को मिलेंगी। ऐसा लगेगा कि फेस्टिव सीजन होने की वजह से आफर मिल रहा हैए लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता। आफर्स के चक्कर में आप कुछ ऐसे लिंक ओपन कर लेते हैं जिससे बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। ऐसे में रायपुर पुलिस ने अलर्ट किया है। लोगों को सतर्क रहने कहा है।

**बरतें सतर्कता:** त्योहारों के मौके पर लुभावने आफर्स, स्कीम सेल का प्रलोभन देने वाले कई ठग गिरोह होते हैं सक्रिय। साइबर जालसाजों द्वारा वाट्सएप एसएमएस मेल पर संदिग्ध लिंक भेजे जाते हैं। साइबर ठग बड़ी कंपनियों की मिलती.जुलती फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को शिकार बनाते हैं। वाट्सएप एसएमएस मेल पर प्राप्त लिंक को खोलने से पहले आधिकारिक लिंक स्कैनर का इस्तेमाल करें ।डोमेन एक्सटेंशन के साथ खुलने वाली वेबसाइट सुरक्षित होती है। आफर्स से संबंधित जानकारी कंपनी के आधिकारिक इंटरनेट मीडिया या वेबसाइट पर जरूर चेक करें। आनलाइन शापिंग करते समय अपने कार्ड की डिटेल्स जैसे. कार्ड नंबरए एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर सेव न करें। किसी भी कंपनी की एप डाउनलोड करने से पहले उसकी सत्यता की जांच कर लें। साइबर अपराध से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर . 1930 पर संपर्क करें। पर विजिट कर साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज कर सकते हैं। त्योहारी सीजन में लोगों के पास आफर के मैसेज आते हैं। ठग बड़ी कंपनियों की फर्जी वेबसाइट बनाकर आफर देते हैं और ठगी करते हैं। सावधानी से खरीददारी करें। .

**लुभावने आफर्स से रहें सावधान हो सकते हैं ठगी के शिकार**

**गौरव तिवारी, साइबर प्रभारी, रायपुर**












उल्टा पुल्टा

अध्यापक (छात्र से)- तुम्हारे पापा 5000 रुपये लोन लेते हैं। दस प्रतिशत ब्याज के हिसाब से वो 1 साल बाद लोन वापिस करते हैं। बताओ कितने पैसे वापिस करेंगे?

छात्र- कुछ भी नही।

अध्यापक- तुम इतना भी हिसाब नही जानते।

छात्र- मैं तो हिसाब जानता हूं, पर आप मेरे पापा को नही जानते।

# धनतेरस पर उमड़ी ज्वेलरी, कपड़े, बर्तन, आटोमोबाईल्स, इलेक्ट्रानिक बाजार में भीड़

**दुर्ग**, 10 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस के पर्व पर आज शहर के सभी सेक्टर के बाजारों में अच्छी खासी रौनक रही। सोना चांदी, बर्तन, एवं इलेक्ट्रानिक सामानों की दूकानों में अच्छी खासी भीड़ देखी गई। माह के पहले पखवाड़े में त्यौहार पड़ जाने, समय पर धान खरीदी हो जाने से किसानों व कर्मचारियों अधिकारियों को वेतन मिल जाने का असर भी बाजारों में देखा गया। धनतेरस की मान्यता के अनुसार आज बर्तन व ज्वेलरी मार्केट में अच्छी खासी भीड़ देखी गई। आज कई नई दूकानों का भी लोगों ने मुहूर्त किया। आज लोगों ने मोपेड कार व ट्रेक्टर की भी धड़ल्ले से खरीदी की। रीयल स्टेट के कारोबार से भी आज भूखंड व मकानों के लिये लोगों ने बुकिंग कराई।

आज सुबह से ही शहर में धनतेरस की धूम रही। सुबह सुबह घरों में लोगों ने पूजा अर्चना की। आयुर्वेदिक औषधालयों, जिला आयुर्वेदिक अस्पताल व आयुर्वेदिक स्टोर में भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की गई। अस्पतालों में वैद्यों ने सपरिवार पूजा की। आटोमोबाईल्स की दूकानों में भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई। लोग नई दुपहिया, चौपहिया वाहन बुक कराते व खरीदते रहे। इसी तरह इलेक्ट्रानिक की दूकानों में भी टीवी फ्रिज सहित अन्य सामानों की ग्राहकी काफी मजबूत रहीं।



ज्वेलरी मार्केट का हाल तो यह रहा कि सुबह से ही लोग मोती काम्पलेक्स से लेकर गवली पारा, जवाहर चौक, तथा शहर के अन्य मोहल्लों की दूकानों में लोगों ने सामानों की खरीदी की। इस संबंध में कतिपय व्यापारियों से चर्चा करने पर

### रीयल स्टेट में भी अच्छी बुकिंग

उन्होंने बताया कि सोने चांदी का मार्केट काफी उत्साहवर्धक है। गत वर्ष की तुलना में अभी तक अच्छी ग्राहकी है। लोगों ने सामान्य तथा चांदी पायल, बिछिया,करधनी ही ले रहे है। वैसे सोने से लेकर डायमंड की भी बिक्री हो रही है। यह पूछे जाने पर धनतेरस में कितने का व्यापार हो जाता होगा। व्यापारियों ने बताया कि यह बताया नहीं जा सकता। हर व्यापारी की अपनी दूकान व अपनी बिक्री है। किसने कितना और कितने में बेचा यह कैसे बताया जा सकता है। कुल मिलाकर पूरे शहर में करोड़ों का धंधा हो जाता है। यही स्थिति बर्तन बाजार की है। साड़ियों, रेडीमेड गारमेंटस से लेकर मिठाई दूकानों इत्यादि में भी अच्छी खासी भीड़ लगी रही। धनतेरस को दीवाली की शुरूआत माना जाता है अत: आज लोगों ने अपने अपने घरों के सामने रंगोली के साथ दीप भी जलायें। आज फटाको दनाकों की आवाजें शाम बाद से देर रात तक गूंजती रही।

धनतेरस पर आज सुबह 11 बजे के बाद ही से बाजार में अच्छी खासी भीड़ उमड़ने लगी थी। कई बार इंदिरा मार्केट के प्रवेश मार्ग इंदिरा प्रतिमा के पास चक्का जाम की स्थिति रही। ट्रेफिक कंट्रोल के लिये कोई व्यवस्था नहीं देखी गई। इसी तरह गांधी चौक, जवाहर चौक, भाजपा कार्यालय और तहसील कार्यालय के आसपास जाम लगता रहा। शनिचरी बाजार में भी यही स्थिति देखी गई।

# धनतेरस पर खूबसूरत रंगोली रचाकर नागरिकों को दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश




**दुर्ग,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। धनतेरस पर आज स्वीप टीम द्वारा महिलाओं को रंगोली द्वारा घर के सामने रंगोली सजाकर मतदाता जागरूकता लाने हेतु प्रेरित किया गया।

इसके तहत आज लगभग सभी रहवासियों ने घर के आंगन व दरवाजे पर रंगोली सजाकर अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। इस अभियान में कर्मचारियों के साथ ही आम नागरिक भी शामिल हुए।




रंगोली में सारे काम छोड़कर पहले मतदान करें, मतदान ही नागरिक की पहचान, चलो करें मतदान जैसे स्लोगन लिखे गये है। रंगोली रचाओं, मतदाता जगाओ कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा एवं नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि हम सभी लोगों का फर्ज बनता है कि शत प्रतिशत मतदान कर जागरूक नागरिक होने का परिचय दें। इस आयोजन में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# शत प्रतिशत मतदान करने डॉ. पाणिग्रही चला रहे अनूठा अभियान

**दुर्ग,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं दुर्ग नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ.विश्वनाथ पाणिग्रही शहर में निरंतर भ्रमण कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित कर रहे है। वे एक निर्धारित कास्ट्यूम धारण कर सुसज्जित एक्टीवा से शहर भ्रमण कर रहे है। वे सड़कों पर रोड शो, गलियों में स्ट्रीट शो कर शत प्रतिशत मतदान की अपील लोगों से कर रहे है। जहां चौक चौराहों में सिग्नल की वजह से वे रूकते है वहां भी दोनों हाथों में मतदाता जागरूकता की तख्तियां लेकर चारों तरफ घुमाते हुए लोगों से मतदान की अपील कर रहे है।




डॉ. पाणिग्रही के इस अनूठे अंदाज की शहर में काफी चर्चा हो रही है। लोग उनके इस अभियान की काफी सराहना शुरू कर रहे है। डॉ. पाणिग्रही ने बताया कि मतदान की तारीख घोषित होते ही वे महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना कर प्रचार प्रसार के लिये निकल पड़े है। डॉ. पाणिग्रही ने बताया कि उन्होने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में ट्राइब्ल ऑफ छत्तीसगढ़ के बीच पहुंचकर मतदान हेतु शपथ दिलाया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की वी.सी.डॉ. अरूणा पल्टा , डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. प्रीतलाल सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में युवोदय दुर्ग दूत के वालिटियर्स के साथ ही अन्य लोग भी शामिल रहें।

# जिला चिकित्सालय के प्रसूति विभाग ने एक दिन में 25 मेजर ऑपरेशन कर बनाया रिकार्ड

**दुर्ग,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। जिला चिकित्सालय दुर्ग का स्त्री रोग विभाग नयी नयी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। इसी क्रम में 9 नवंबर को जिला चिकित्सालय दुर्ग के स्त्री रोग विभाग के मेजर ओटी में कुल 25 मेजर सर्जरी की गयी है। इसमें कुल 23 गर्भवती महिलाओं का आपरेशन कर प्रसव कराया गया तथा 2 गर्भाशय का आपरेशन किया गया है।



समस्त आपरेशन डॉ संजय वालवेन्द्रे निरूश्चेतना विशेषज्ञ एवं प्रभारी अधिकारी ओटी, डॉ बीआर साहू स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ स्मिता स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ पूजा वर्मा पटेल निरूश्चेतना विशेषज्ञ एवं गयानिक ओटी में कार्यरत स्टॉफनर्सए पैरामेडिकल स्टॉफएवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के टीम द्वारा संपादित कर एक नयी उपलब्धि हासिल की है। डॉ एके साहू सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय दुर्ग द्वारा सभी विशेषज्ञ तथा नर्सिंग स्टॉफ पैरामेडिकल स्टॉफ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनके द्वारा नये कीर्तिमान स्थापित कर एक दिन में 25 मेजर आपरेशन करने के लिये प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# चिमन भाई राठौड़ सेवा संस्थान ने दिया फिजियोथैरेपी सेंटर को 2 लाख का दान

**दुर्ग,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। चिमन भाई राठौड़ सेवा संस्थान दुर्ग द्वारा फिजियोथैरेपी सेंटर आर्शीवाद भवन की मशीनों को बदलने एवं कुछ नई मशीनों एवं उपकरणों की खरीदी के लिये 2 लाख रूपये सहयोग के रूप में प्रदान किये गये। यह फिजियोथैरेपी सेंटर ज्येष्ठ नागरिक संघ के कार्यालय, आर्शीवाद भवन में विगत 10 वर्षो से संचालित किया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि ज्येष्ठ नागरिक संघ की बैठक में उक्त फिजियोथैरेपी सेंटर की मशीनों को बदलने व नये उपकरणों की खरीदी के लिये दानदाताओं से सहयोग की अपील की गई थी।

इस पर चिमन भाई राठौड़ सेवा संस्थान दुर्ग ने सेंटर के उक्त कार्यो के लिये 2 लाख रूपयें देने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद संस्थान के पदाधिकारियों ने दो लाख रू. सेंटर के संचालकों को दे दिया। इस मौके पर संस्थान के पदाधिकारी नरेन्द्र जी, गिरीश राठौड़, जयश्री बेन एवं डॉ. डी.के.मंडरीक, का संस्था की ओर से ज्येष्ठ नागरिक संघ के लाल चंद जैन, ललित साव, राधेश्याम अग्रवाल एवं किरण श्रीवास्तव ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। फिजियोथैरेपी सेंटर की डॉ. मोती जैन ने आभार प्रदर्शन किया।

# एफएसटी की संयुक्त टीम ने अब तक 19 लाख की अवैध शराब, महुआ, वाहन किए जब्त

**दुर्ग**, 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में जिले के व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में राजस्व विभाग, आबकारी विभाग, सहायक व्यय प्रेक्षक तथा एफ. एस. टी. का संयुक्त टीम ने 8 नवंबर को रेलवे स्टेशनों में आने.जाने वाले यात्रियों, बस स्टेशनों, जिले की देशी विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, होटल बार एवं कलबों का आकस्मिक जाँच किया गया। संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन दुर्ग में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त आबकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार अन्य राज्यों से आने वाली ट्रेनों एवं यात्रियों की तलाशी ली गई साथ ही आबकारी केन्द्रों ऋषि बार रेलवे स्टेशन दुर्ग, कम्पोजिट मदिरा दुकान डिपरापारा दुर्ग, रॉयल बार सिविक सेन्टर भिलाई, प्रीमियम शॉप सूर्या मॉल भिलाई एवं झरोखा क्लब स्मृति नगर भिलाई की सघन जाँच पड़ताल संयुक्त जाँच दल द्वारा की गई। इसके अलावा टीम ने मुख्य मार्ग पर स्थित संवेदनशील होटल, ढाबों में प्रिंस ढाबा बाईपास दुर्ग, रॉयल हवेली ढाबा बायपास दुर्ग, सांई ढाबा बायपास दुर्ग, अवैध मदिरा की आशंका के मद्देनजर तलाशी की कार्य को टीम द्वारा अंजाम दिया गया। जिले में संचालित आसवनी एवं मदिरा बॉटलिंग इकाई में आबकारी अमले के साथ.साथ केन्द्रीय सशस्त्र बल के जवान तैनात किये गए।



■ रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड, बार मदिरा दूकानों की जांच जारी

जिले में संचालित आसवनी, मदिरा बॉटलिंग इकाई, देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों में सुरक्षात्मक एवं पारदर्शिता को बढ़ाने के दृष्टिकोण से सी.सी.टी.व्ही. कैमरे स्थापित किये गए हैं तथा इनमें 15 दिवस से अधिक का बैकअप सुरक्षित रखा जा रहा है।

आदर्श आचार संहिता लागू तिथि से अब तक जिले के आबकारी अमले के द्वारा 1263 बल्क लीटर देशी विदेशी मदिरा महुआ शराब, 22925 किलोग्राम अवैध महुआ शराब बनाने हेतु महुआ लाहन, 9 वाहन जप्त किए गए हैंए जिनका कुल बाजार मूल्य 19 लाख 16 हजार 145 रूपये है।

# हेमचंद विवि में रंगोली व व्यंजन बनाओ प्रतियोगिता के साथ मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

**दुर्ग,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में आज आयोजित दीपावली मिलन समारोह के अंतर्गत प्रशासन द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु रंगोली प्रतियोगिता एवं बिना अग्नि का उपयोग किये व्यंजन बनाओं प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उक्त दोनों प्रतियोगिताओं की प्रमुख आयोजक वि.वि. की डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल के अनुसार रंगोली प्रतियोगिता में कुल 18 तथा व्यंजन प्रतियोगिता में कुल 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन की विशेषताओं में प्रमुख रूप से वि.वि. के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल, उपकुलसचिव, द्वय डॉ. राजमणि पटेल तथा राजेन्द्र चौहान, क्रीडा संचालक, डॉ. दिनेश नामदेव, सहायक कुलसचिव, डॉ. सुमीत अग्रवाल, हिमांशु शेखर मंडावी, दिग्विजय कुमार आदि ने दोनों प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।



रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप, द्वितीय स्थान में डॉ. सुमीत अग्रवाल, आरती सेन एवं दिग्विजय कुमार, कुमारी आकांक्षा, तृतीय स्थान में डॉ. राजमणि पटेल एवं दामिनी गिलहरे को प्राप्त हुआ। व्यंजन प्रतियोगिता में मीठे व्यजंनों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले में मनप्रीत कौर (फरूट क्रीम), द्वितीय स्थान में डेमीन साहू (ब्रेड डिजर्ट) एवं तृतीय स्थान पर सपना सिन्हा (रागी लड्डू) एवं डॉ. आर. पी. अग्रवाल (पनीर बर्फी) को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार नमकीन व्यंजनों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल (ब्रेड दही बड़ा), द्वितीय स्थान पर ललिता देशमुख (छंबीवे) एवं तृतीय स्थान पर उपकुलसचिव, डॉ. राजेन्द्र चौहान (स्प्राउड्स की चाट) एवं सहायक कुलसचिव, हिमांशु शेखर मंडावी को प्राप्त हुआ। दीवाली मिलन समारोह में कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी तथा वि.वि. परिवार के प्रत्येक सदस्य को दीपक भेंट किया इस अवसर पर वि.वि. के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नगद राशि एवं मेडल प्रदान किया गया।



# डेढ़ सौ जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गर्ग के निर्देशन में स्वतंत्र एवम निष्पक्ष मतदान



**भिलाईनगर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग के निर्देशन में स्वतंत्र एवम निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने केंद्रीय सशस्त्र बल एवम पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों एवं शहर के थाना, चौकी प्रभारियों के साथ 150 से अधिक जवानों ने फ्लैग मार्च किया गया। जिसमें जिले की सुदृढ सुरक्षा व्यवस्था के लिये, असामजिक तत्वों, गुंडे बदमाशो में कानून का डर बनाने हेतु, नशे के खिलाफ कार्यवाही करने, आगामी विधानसभा चुनाव में शांतिपूर्ण मतदान हेतु फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में सीमा सुरक्षा बल के कंपनी कमांडर सुशील कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग अभिषेक झा, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्व दीपक त्रिपाठी, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर एवम थाना प्रभारीगण व केंद्रीय सुरक्षा बलों के 150 जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। दुर्ग पुलिस द्वारा आगामी मतदान प्रक्रिया से पूर्व शांति व्यवस्था हेतु जिले मे सखूती के साथ कार्रवाई की जा रही हैं। सभी थाना क्षेत्रो में वाहन चेकिंग अभियान स्थाई पिकेट के माध्यम से की जा रही है। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनावी प्रक्रिया हेतु लगातार त्वरित कार्रवाई की जा रही है। फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 से निकलकर सेक्टर एरिया से होते हुए मुर्गा चौक और छावनी एरिया में पहुंचकर आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर पैदल पेट्रोलिंग की गई। इसके बाद फ्लैग मार्च नंदिनी रोड, शीतला कॉम्प्लेक्स, सर्कुलर मार्केट, जलेबी चौक, रामलू चौक, केनाल रोड होते हुए खुर्सीपार पहुंचकर पुनः श्रीराम चौक में पैदल पेट्रोलिंग की। जिसके बाद खुर्सीपार क्षेत्र में बजरंग चौक, अशर्फी मस्जिद, ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए वैशाली नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर गदा चौक सुपेला पहुंचकर पुनः पैदल पेट्रोलिंग की। सुपेला मार्केट में पैदल पेट्रोलिंग उपरांत फरीद नगर, निजामी चौक, राधिका नगर होते हुए नेहरू नगर, सूर्या मॉल चौक, जुनवानी चौक, नेहरू नगर अंडरब्रिज तक फ्लैग मार्च किया। इसके बाद थाना भिलाई नगर क्षेत्र में रूआबांधा बस्ती एवं तालपुरी परिजात कॉलोनी में फ्लैग मार्च करते हुए वापस भिलाई नगर पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर 6 में फ्लैग मार्च का समापन किया गया। पुलिस टीम द्वारा फ्लैग मार्च के माध्यम से आमनागरिकों को शांतिपूर्ण वातावरण का अहसास दिलाने के साथ साथ आसामजिक तत्वों को किसी भी अनैतिक गतिविधियों मे शामिल होना पाये जाने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई किये जाने की चेतावनी भी दी गई।

# आंतकवाद के खिलाफ भारत का कड़ा रुख

**भिलाईनगर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। लघु उद्योग भारती के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने भिलाई में आहूत एक बैठक में हमास आतंकवादियों द्वारा इजरायल पर हमास के आतंकियों ने हमला करके जो भी कुकृत्य किए हैं उस पर उन्होंने एवं उपस्थित सदस्यों ने विरोध प्रकट किया। सत्यनारायण ने कहां की पूरी दुनिया अवाक है, स्तब्ध है ,लोग यह सोचकर और देखकर हैरान हैं कि ऐसे भी लोग हो सकते हैं जो इसराइल के साधारण नागरिकों, महिलाओं एवं बच्चों की हत्या कर सकते हैं, जो बच्चों को उनके अभिभावकों के सामने मार सकते हैं, जो आम नागरिकों को बिना किसी कारण मौत के घाट उतार सकते हैं। लड़कियों का अपहरण कर बर्बरता की सारी सीमाएं लॉघ दी। भारतवर्ष के नागरिकों में आम जनों में इस बात का काफी गुस्सा एवं क्रोध है।



जिसका पुरजोर विरोध भारतवर्ष ने पुरजोर ढंग से किया। भारत की आम जनता इन हमलों के विरोध व्यक्त कर रही थी। लोग इस संकट की घड़ी में यही प्रार्थना कर रहे थे कि कम से कम लोग इस हमले में मारे गए हों, उसी समय भारत में बहुत बड़ा वर्ग ऐसा था, जिसके लिए आम नागरिकों पर हुआ यह हमला कोई हमला न होकर एक प्रतिरोध था। जब इजराइल में महिला का निर्वस्त्र शरीर घुमाया गया। जो हमले के समय वहां पर पार्टी कर रही थी। बाकी सदस्यों ने भी अपने विरोध को प्रकट करते हुए किसी देश की शांति व्यवस्था उन्नति एवं आर्थिक खुशहाली के लिए आतंकवाद का खात्मा आवश्यक है। आतंकवाद क लेकर भारतवर्ष का रुख हमेशा सख्त रहा है एवं हमास ने जिस प्रकार से इसराइल पर हमला कर आम लोगों की जान ली बंधक बनाया वह एक आतंकवादी एवं अमानवीय कृत है। आतंकवाद, ज्वलंत समस्या एवं मुद्दे पर जन साझेदारी एवं सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को एक साथ चलना होगा एवं इस प्रकार के किसी भी देश में हो रहे आतंकवाद के हमले को का विरोध करना एवं उसकी निंदा करना आवश्यक है। सत्यनारायण अग्रवाल ने आह्वान किया कि कुटीर उद्यमियों, महिला उद्यमी मित्रों एवं अन्य आर्थिक जगत से जुड़े तथा सामान्य नागरिकों को भी उन सब लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है जिन्होंने इस कठिन समय में आतंकवाद को सही ठहरने की कोशिश की है एवं हमास आतंकियों का विरोध प्रकट करने के बजाय समर्थन की है। राजेश अग्रवाल पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती सर्विस इकाई, अध्यक्ष सुरेंद्र पाठक, दुर्गा इकाई पूर्व अध्यक्ष संजय चौबे, वरिष्ठ सदस्य पवन बड़जातिया, दिलीप अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, बड़ी संख्या में अन्य उद्यमी तथा व्यापारी बंधु तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति थी।

# खाद्य व औषधि विभाग की टीम ने मिठाई दुकानों का किया निरीक्षण

## जांच टीम ने जिले के मिठाई दुकानों का नमूना लिया



**कवर्धा,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं एस.डी.एम. कवर्धा के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दीपावली त्यौहार में जिले में अमानक मिठाई व खाद्य पदार्थ बिकने की संभावना को देखते हुए वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार नेले, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार साहू एवं अंकित गुप्ता ने कवर्धा, पांडातराई, पंडरिया, बोड़ला, सहसपुर लोहारा एवं कुंडा के मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। कवर्धा शहर के कल्पना रेस्टोरेंट का खोवा, श्रीधर जोधपुरी स्वीट्स से छेना टोस्ट, बिकानेर स्वीट्स से चमचम, बोड़ला के सतनाम स्टोर्स से बेसन, गुप्ता किराना से बेसन, सहसपुर लोहारा के पाटील किराना से कढ़ी पाउडर, सिया स्वीट्स, जयसवाल स्वीट्स, पंडरिया के श्री जी राजस्थान स्वीट्स, न्यू जगदम्बा स्वीट्स, शिव होटल का नमूना लिया एवं निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मिठाई दुकान संचालकों को साफ सफाई बनाएं रखने, हैण्ड ग्लब एवं कैप पहनने, मिठाइयों के निर्माण एवं अवसान तिथि अंकित करने, त्यौहारी सीजन में शुध्द मिठाई का ही विक्रय करने निर्देशित किया गया। अखबार, पेपर को प्रिंट करने के लिए उपयोग की जाने वाली स्याही में हानिकारक रसायन एवं कई तरह के हानिकारक रंजक होते है, जो तेल के साथ मिल जाते है और खाने के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते है जिससे हमारे शरीर में पाचन संबंधी विकार, टॉक्सिसिटी, विभिन्न कैंसर, महत्वपूर्ण अंगों की विफलता तथा प्रतिरक्षा तंत्र का कमजोर होना जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारियों होने की संभावना रहती है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग सामान्यजन एवं खाद्य कारसेबारकर्ताओं से अपील करता है कि खाने के स्टॉल से खाने-पीने की चीजें लेने-देने के लिए अक्सर छपाई के लिए उपयोग किए जाने वाले अखबारी कागज, पेपर का उपयोग ना करे और यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता ऐसा करता है तो उसको इसके दुष्प्रभाव की जानकारी दे, उससे होने वाले नुकसान के बारे में बताये और उसे ऐसा न करने की सलाह दे। खाद्य व्यापारियों को मानक स्तर के खाद्य सामाग्री विक्रय करने, साफ सफाई रखने, बिना अनुज्ञप्ति, पंजीयन व्यापार न करने हेतु निर्देशित किया गया कार्यावाही के दौरान अरविन्द कुमार पटेल नमूना सहायक, उपस्थित थे।

# विश्वास यात्रा को मिल रहा भारी समर्थन : यादव



**भिलाईनगर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक और कांग्रेस के प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा में आम सभा लेना भी शुरू कर दिया है। बारी.बारी से हर वार्ड में विश्वास यात्रा निकाल कर जनसंपर्क कर रहे हैं। भिलाई की जनता भी अपने परिवार सहित देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास जता रही है। हम उन्हें अब 17 नवंबर को राजनीति स अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने जा रहे हैं। विधायक श्री यादव ने भिलाई नगर विधानसभा के कई वार्ड में विश्वास यात्रा निकाली और आम सभा की। घर.घर जाकर जनसंपर्क किया। लोगों मिले और कांग्रेस सरकार ने इन 5 साल में प्रदेश और प्रदेश की जनता के हित और विकास के लिए जो काम किया है। उसके बारे में बताए। विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म। आप सभी का प्रेम और विश्वास ही मेरी असली पूंजी है। हमेशा से भिलाई की जनता का प्रेम और आशीर्वाद मुझे मिलते रहा है और मुझे पूरी उम्मीद है कि आगे भी यह प्रेम और विश्वास आप लोग बनाएं रहेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि भिलाई की जनता को पता है कि कौन उनका हितैषी है और कौन नहीं। किसने विकास के नाम पर लोगों का मकान तोड़ा था और किसने लोगों को बेघर कर दिया था। कोरोना के दो साल में मैं जनता की सेवा में लगा रहा। इस दौरान मुझे तीन बार कोरोना हुआ। तीनों बार अस्पताल में भर्ती हुआ और मेरे जान पर बन आई थीए लेकिन भिलाई की जनता का आशीर्वाद मेरे साथ इसलिए मुझे कुछ नहीं हुआ। और मैने उस कोरोना काल के विषय परिस्थिति में भी मैं जनता के साथ खड़ा रहा। लोगों को चावल, दाल, राशन, सब्जी, फल, सेनेटाइजर, मास्क बांटे। जो अस्पताल में भर्ती हुए उन्हे पूरा इलाज मिले। इसकी भी पूरी कोशिश की। भिलाई की जनता हमेशा सत्य के साथ है।

# दीप जलाकर मतदान के लिए लोगों को किया जागरुक



**भिलाईनगर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज सुपेला चौक पर दीपोत्सव मनाया गया। भिलाई निगम क्षेत्र के हर नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सभी नागरिक 17 नवंबर को अनिवार्य रूप से मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम द्वारा घड़ी चौक सुपेला पर आज दीप जलाया गया। महिलाओ ने बड़े सुंदर तरिके से 100 प्रतिशत मतदान, अवजम, वोटिंग मशीन की आकृति में रंगोली बनाकर दिए से सजाये थे। इस दौरान पूरा चौक दिए की रौशनी जगमगाने लगा। कार्यक्रम में उपस्थित निगम के अधिकारी, कर्मचारी और महिला समूह की सदस्यों ने नागरिक के साथ काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारे लगाते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लिए गया।

# रीजनल सेन्टर खोलने पदाधिकारियों का समर्थन




**भिलाईनगर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। नई दिल्ली में आयोजित ललित कला अकादमी के एक्जीक्यूटिव बोर्ड मीटिंग मे शहर के मूर्तिकार अंकुश देवांगन ने भिलाई मे अतिशीघ्र रीजनल सेन्टर खोलने की मांग के प्रस्ताव को मंत्रालय भेजने की संस्तुति की है। इस दौरान ललित कला अकादमी के चेयरमैन प्रोफेसर वी नागदास, केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय की सीनियर सेक्रेटरी उमा नंदूरी, फाइनान्स सेक्रेटरी, अकादमी सेक्रेटरी राजीव कुमार, डिप्टी सेक्रेटरी रहस मोहन्ती, इंदिरा गांधी नेशनल आर्ट सेन्टर के सेक्रेटरी मेम्बर सच्चिदानंद जोशी तथा एक्जीक्यूटिव बोर्ड के समस्त सदस्य उपस्थित थे। चेयरमैन प्रोफेसर वी नागदास ने भिलाई की कल्चरल गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने स्थापना काल से ही छत्तीसगढ़ के कला संस्कृति के विकास में किए गए योगदान का उल्लेख किया। जिसके कारण इस क्षेत्र विशेष के कलाकारो का व्यापक विकास हुआ है। ऊन्होने पद्मविभूषण तीजन बाई, मूर्तिकार पद्मश्री जे.एम. नेल्सन, देवदास बंजारे, बैतल राम साहू जैसे कलाकारो का जिक्र किया। जिनकी कला संयंत्र के कारण ही परवान चढ़ी है। इसके अलावा यहां चलाए जा रहे कलात्मक गतिविधियों और सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर के टाक शो के बारे मे भी सभा को अवगत कराया। अंकुश देवांगन ने केन्द्र सरकार के इन अति महत्वपूर्ण अधिकारियो को भिलाई के मिनी इंडिया कहलाने वाले संस्कृति की विस्तृत जानकारी दी। जहां देश के हर प्रांत से आए हुए लोग मिलकर निवास करते हैं। हर प्रांत के लोगों ने अपने राज्य की संस्कृति को यहां जीवंत बनाए रखा है। भिलाई मध्यभारत का एक बड़ा कल्चरल हब बनकर उभर सकता है। डिप्टी सेक्रेटरी रहस मोहन्ती ने हाल ही मे किए गए कमेटी दौरे के दौरान भिलाई के कलाकारो द्वारा किए गए अभूतपूर्व कला प्रदर्शन और इंस्टालेशन की तारीफ की है। डी.एस. विद्यार्थी, हरीसेन, विमान भट्टाचार्य, पी. वाल्सन, श्री गोस्वामी, बी.एल. सोनी, मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, मेनका वर्मा, मीना देवांगन, प्रवीण कालमेघ, डॉ. सोनाली चक्रवर्ती, भूपत राव बोरकर, दीपक पराशर, प्रशांत क्षीरसागर, उमाकांत ठाकुर, हरीश देवांगन, नरोत्तम साहू, ललेश्वरी साहू, गुंजन, अभिषेक सपन, धीरज साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जीई फाउंडेशन जीई गर्म कपड़ों को किया वितरण



**भिलाईनगर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ठंड के मौसम को देखते हुए वंचित समुदाय के लिए मानवीय पहल कर रही है। इस कड़ी में कल्याणी संस्था द्वारा संचालित दिव्यांग जनों के आश्रम घरौंदा में ठंड में उपयोग करने स्वेटर, मफलर, ठंड से बचने के लिये गर्म टोपी और कंबल का वितरण किया गया। इसी तरह वृद्धाश्रम प्रामशिला की कुटिया में बुजुर्गों को कंबल वितरण किया गया। गर्म कपड़े पाकर इन बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। इन बुजुर्गों ने सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन के पदाधिकारियों को आशीष देते हुए कहा कि अब उनकी यह सर्दी आराम से कटेगी। गर्म कपड़ा वितरण के दौरान जीई फाउंडेशन से प्रदीप पिल्लै, अजित सिंह और कल्याणी संस्था के अजय कल्याणी उपस्थित थे। इस अवसर पर सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी संस्था समय-समय पर मानव कल्याण के लिये कार्य करती आ रही है। जिससे जरुरतमंद लोगों को सहयोग होता है।

# आयुक्त ने कहा सब काम छोड़कर करें मतदान



**भिलाईनगर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव मे मतदान का प्रतिशत सौ फिसदी रहे इस उद्देश्य को लेकर नागरिकों को जागरूक करने मतदाता जागरूकता का विभिन्न आयोजन निगम के विधानसभा क्रमाँक 65 एवं 66 मे आयोजित किया गया है । भिलाई निगम के आयुक्त रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभागार मे निगम भिलाई क्षेत्र के विभिन्न रेसिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर कालोनी के मतदाताओं को अधिक से अधिक वोटर टर्न आउट बढ़ाने हेतू चर्चा एवम सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक मे उपस्थित एसोसिएशन के प्रतिनिधियो ने बताया कि कालोनी मे लोगो को 17 नवम्बर को अपना मतदान अवश्य करे इस हेतु सभी को संकल्प दिलवाया जा चुका है। उन्होने बताया कि हम सब ने इस बात का भी संकल्प लिए है कि हमारा पडोसी भी अवश्य मतदान करे। आयुक्त ने प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताए कि इस चुनाव मे वरिष्ठ नागरिकों के लिए चुनाव आयोग ने घर पर ही मतदान की व्यवस्था किया है। बैठक मे एस.डी.एम. जागेश्वर कौशल, भिलाई निगम के भवन अधिकारी हिमान्शु देशमुख, भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न कालोनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर निगम भिलाई के आयुक्त व भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर रोहित ब्यास ने लोगों से अपील की है कि वे 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करे।

# बीएसपी के ग्रीन टाइल्स प्लांट से पेवर ब्लॉक की खेप रवाना

**भिलाइनगर,** 10 नवम्बर संयंत्र के एलडीसीपी विभाग में रिफ्रैक्टरी मटेरियल प्लांट.1 क्षेत्र में स्थापित श्सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट में निर्मित पेवर ब्लॉक की पहली खेप को मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन तापस दासगुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कुल 8.8 मीट्रिक टन से अधिक वजन वाले पेवर ब्लॉक की यह पहली खेप श्सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट से बीएसपी के टाउन सर्विसेज डिपार्टमेंट को भेजी गई। ज्ञात हो कि संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 24 जून को ग्रीन टाइल्स प्लांट का उद्घाटन किया था। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी प्रबीर कुमार सरकार और मुख्य महाप्रबंधक एमआरडी सुशील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और संयंत्र कर्मी उपस्थित थे। हरित पर्यावरण पहल के तहत और 100 प्रतिशत ठोस अपशिष्ट के उपयोग का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में यह संयंत्र का ठोस कदम है। दीर्घकालिक और शून्य कार्बन उत्सर्जन भविष्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए, ईंधन मुक्त प्रक्रिया के माध्यम से, बीओएफ स्लैग का उपयोग करके श्सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट में पेवर ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। तापस दासगुप्ता के मार्गदर्शन में बीएसपी की एक अंतर विभागीय टीम ने बीओएफ स्लैग से पेवर ब्लॉक बनाने के पायलट प्रोजेक्ट का अध्ययन करने के लिए पिछले दिनों आरडीसीआईएस रांची का दौरा किया था। नव.निर्मित सेल ग्रीन टाइल्स प्लांटश् में निर्मित पेवर ब्लॉक में आईएस 15658-2006 के अनुसार स्पेसिफाइड कॉम्प्रेशन स्ट्रेंथ है। सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट में बने पेवर ब्लॉक वर्तमान में बाजार में उपलब्ध ब्लॉक से काफी सस्ते और बेहतर हैं। इन पेवर ब्लॉकों का उपयोग पैदल यात्री प्लाजा, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स रैंप, कार पार्किंग, कार्यालय ड्राइव वे, हाउसिंग कॉलोनी सहित कार्यालय परिसर कम मात्रा में यातायात वाली ग्रामीण सड़कें, फार्महाउस, समुद्र तट स्थल, पर्यटक रिसॉर्ट्स स्थानीय प्राधिकरण पैदल मार्ग, आवासीय सड़कें आदि कई बुनियादी ढांचे के उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

# सतर्कता जागरूकता के दौरान निबंध लेखन स्पर्धा




**भिलाईनगर,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत् फेरो स्क्रैप निगम में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जिसके तहत् सतर्कता निबंध लेखन ऑनलाईन विक्रेता, सहयोगी मिलन समारोह नारा लेखन, चित्रकारी, कार्टून प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। एफएसएनएल के निगमन कार्यालय भिलाई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता भ्रष्टाचार उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण कदम ईमानदारी सुखी जीवन का आधार, भ्रष्टाचार-देश के विकास में अवरोध विषयों पर निबंध तथा सतर्कता, भ्रष्टाचार निवारण, ईमानदारी, पारदर्शिता एवं संबंधित विषयों पर संस्थान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों एवं पारिवारिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता निबंध लेखन ऑनलाईन विक्रेता मिलन समारोह नारा लेखन चित्रकारी कार्टून प्रतियोगिता जिसमें विभाग के प्रभाकर सिंह ठाकुर, उप-महाप्रबंधक सतर्कता एवं बी.एस.एस. श्रीनिवास, कनिष्ठ प्रबंधक सतर्कता ने बहुत ही सुंदर ढंग से कार्यक्रम का संयोजन किया, जिससे निगमन कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग शिवदत कुमार चौबे, मो. युनूस, फेरो स्क्रैप निगम के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी, मनीष कुमार ठाकुर, बसंत कुमार बरहरे, सुनिता पंडित का रहा।

# पिता करता था तंग पुत्रों ने सीने पर गोली चला कर उतारा मौत के घाट

**राजनांदगांव/छुरिया,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 05.11.2023 को सूचक हरीलाल मंडावी पिता माहरू राम मंडावी उम्र 48 साल निवासी पण्डरापानी पुलिस चौकी जोब द्वारा चौकी आकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.11.2023 को ग्राम में देव कार्य से ग्राम प्रमुखों का बैठक रखा गया था बैठक में बंशीलाल मंडावी नहीं आया था तब गांव के प्रमुखों द्वारा कोटवार गौतम को बंशीलाल मंडावी के घर बुलाने भेजे तब बंशीलाल का बड़ा पुत्र अमन मंडावी बैठक में आया, बंशीलाल के बारे में पुछताछ करने पर अमन मंडावी ने बताया कि दिनांक 27.10.2023 के रात में करीबन 08:00 बजे मेरे पिताजी मुझे एवं मेरे छोटे भाई को काम नहीं करते हो कहकर हमेशा की तरह लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करने पर उतारू हो गया था तब मैं और मेरा छोटा भाई अपने पिता को डण्डे एवं घर में रखे भरमार बंदूक से सीने में मारने पर पिताजी वहीं मर गया जिसके शव को जंगल में पाट दिये है बताने पर दिनांक 05.11.2023 को पुलिस चौकी जोब में मर्ग क्रमांक 84/2023 धारा 174 जा.फौ. कायम कर जांच में लिया गया।




मामला गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग से मार्गदर्शन प्राप्त कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के निर्देशन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिवप्रसाद चन्द्रा एवं चौकी प्रभारी जोब उप निरी. आर.एस. नेताम के नेतृत्व में मृतक के पुत्र अमन मंडावी उम्र 19 साल एवं छोटा भाई विधि से संघर्षरत् बालक उम्र 17 साल के निशानदेही पर शव उत्खनन की कार्यवाही कार्यपालिक दण्डाधिकारी छुरिया एवं पंचानगणों की उपस्थिति में शव का निरीक्षण कर शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के डॉ0 चन्द्रशेखर वर्मा के द्वारा मृतक बंशीलाल मंडावी के शव को मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव रिफर किये जाने से शव का पी0एम0 मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव से कराया गया। मृतक के बड़ा पुत्र अमन मंडावी उम्र 19 साल एवं छोटा पुत्र विधि से संघर्षरत बालक उम्र 17 साल से पुछताछ करने पर बताये कि अपने पिता के द्वारा आये दिन लड़ाई-झगड़ा, मारपीट करने की आदत से तंग आकर घटना दिनांक समय को हत्या कारित करना स्वीकार करने पर घटना में प्रयुक्त 01 नग डण्डा एवं 01 नग भरमार बंदूक को जप्त कर पुलिस चौकी जोब थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 311/2023 धारा 302, 201, 34, भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी अमन मंडावी उम्र 19 साल को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी अमन मंडावी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को बाल संप्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया है।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक शिवप्रसाद चन्द्रा थाना प्रभारी छुरिया, उप निरी. आर.एस. नेताम चौकी प्रभारी जोब, प्र0आर0 127 अनिलेश ठाकुर, आरक्षक 1453 महावीर नेताम, आरक्षक 555 डिलेश मंडावी का विशेष योगदान रहा।

**संवेदनशील मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना छुरिया व जोब पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**डोंगरगढ़,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष में विधिक जागरूकता शिविर माननीय सालसा बिलासपुर राजनांदगांव जिले के डालसा अध्यक्ष आलोक कुमार जी एवं श्री अनीष दुबे जी अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ़ एवं सचिव जिला विधि सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के मार्गदर्शन में 9 नवंबर 23 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रामाटोला में विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर के माध्यम से स्कूली बच्चों तथा समस्त शैक्षणिक स्टाफ को घरेलू हिंसा ,पॉस्को एक्ट, पेशा कानून, संविधान का महत्व, बाल श्रम, कानून किशोर न्याय अधिनियम, नालसा योजना की जानकारी के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को मोटरयान अधिनियम की जानकारी दी गई। शिविर में शिक्षकों को आगामी लोग अदालत की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया की लोक अदालत के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। इसका निर्णय सिविल न्यायालय डिग्री के समतुल्य है ।यह विधिक समिति दुरुस्त ग्रामीण तथा वनांचल में रहने वाले व्यक्तियों को ऑनलाइन के जरिए विधिक सेवा योजना की जानकारी निशुल्क उपलब्ध कराती है । उपरोक्त शिविर में पैरालीगल वालंटियर अशोक कुमार पांडे तथा पवन मांडवी मांडवी ने संबोधित किया। शिविर में कुल 22 शैक्षणिक स्टाफ तथा 207 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

**बिलाईगढ़,** 10 नवम्बर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ के कुछ कमरों में संचालित मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने कहा कि मंडी परिसर से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा, जहां से सामग्री संग्रहण कर रोड में खड़ी संबंधित बस से बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए प्रस्थान किया जाना है। इसी प्रकार सारंगढ़ विधानसभा के लिए किसान राइस मिल में बस खड़ी रहेंगी, संबंधित मतदान कर्मी उससे प्रस्थान करेंगे। डॉ सिद्दीकी ने गंभीरता से निर्वाचन कार्य को पूरा करने के लिए सभी को संबोधित किया।

# अष्टम विश्व आयुर्वेद दिवस व धन्वंतरी जयंती मनाई गई

**बलौदाबाजार,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। 10 नवम्बर दिन शुक्रवार को अष्टम विश्व आयुर्वेद दिवस एवं मां धन्वंतरी की पूजा डॉ. एल.एस. ध्रुव जिला आयुर्वेद अधिकारी, बलौदाबाजार के द्वारा किया गया।

# दुर्गा उमावि लम्बर के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**सरायपाली** 10 नवम्बर (देशबंधु) राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक के मार्गदर्शन में व जीपी पटेल प्राचार्य के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वयं सेवको द्वारा रैली में नारों के माध्यम से जन जागरुक करने का प्रयास किया गया। लम्बर के चौक चौराहो पर गीत व नारों से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस लोकतंत्र के महाअभियान में, हम सभी मतदान करें। लोकतंत्र को मजबूत बनायें, 17 नवम्बर को मतदान करने अवश्य जायें। बनों देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। उस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जी. पी. पटेल, जे के जायसवाल, बी एल साहू, एम.डी. मानिकपुरी टी. आर. जायसवाल, सी.आर. जायसवाल, एन. के. साहू, ए. के. विश्रा एफ. एस. बरिहा, शिव मैत्री , दल नायक सुमित चौरसिया दल नायिका प्रीति साहू शाला नायक किरण चौधरी चुम्मन पटेल व अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी आर के पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने दिया।

# एसपी के नेतृत्व में केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स व बेमेतरा पुलिस जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**मतदाता जागरूकता व निर्भीकता से मतदान देने के लिए किया गया जागरूक**

**बेमेतरा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स, असिस्टेंट कमांडेड मुकेश कुमार गुर्जर, उमेश जाधव, तासी पलधन, संतमान राय, पंकज किशोर, मनीष कुमार, डालसानीया हरसुखलाल, निरीक्षक रनजीत नायक, भरत शरन, विक्रम सिंह, दिवान सिंह, रौबिन गोहानिया एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स एवं बेमेतरा पुलिस जवानों ने बेमेतरा टाउन में फ्लैग मार्च किया। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च कृषि उपज मंण्डी परिसर से गस्ती चौक, सिंघौरी चौक, दुर्गामंदिर नयापारा, पुराना बस स्टैण्ड, पीर्यस चौक, बस स्टैण्ड, जय स्तंभ चौक, रेस्ट हाउस चौक एवं प्रमुख मार्गो से होते हुए थाना बेमेतरा, कंट्रोल रूम परिसर तक फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग निकाल कर आम जन को आश्वस्त किया कि चप्पे ङ्क चप्पे पर उनकी सुरक्षा के लिए हम तैनात हैं। साथ ही फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग के दौरान आम जन को किसी भी के प्रलोभन में न आकर निर्भीकता से मतदान देने के लिए जागरूक किया गया। आने वाला समय अभी चुनाव का है हमें अपनी भागीदारी देनी है आप लोग जितने भी 18 वर्ष से उपर आयु के है वें सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें और जिस दिन मतदान होना है उस दिन अपना सब काम छोड कर मतदान करें। किसी के प्रलोभन में न आये। यदि किसी के द्वारा प्रलोभन दिया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। साथ ही संदिग्ध व्यक्ति और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधी होने पर तत्काल समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 पर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। लगातार पेट्रोलिंग एवं फ्लैग मार्च कर आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये आदर्श अचार सहिता का पालन करने जागरूक किया गया।



फ्लैग मार्च व पेट्रोलिंग के दौरान रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, प्रशिक्षु डीएसपी बृजकिशोर यादव, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद एवं केन्द्रीय सुरक्षा फोर्स के अधिकारी व जवान एवं बेमेतरा पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

## निधन

### दुखिया बाई रंगारी



**रायपुर,** 10 नवंबर। श्रीमती दुखिया बाई रंगारी धर्मपत्नी दिवंगत भदरू रंगारी का निधन 10 नवंबर को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज अपरान्ह पश्चात निज निवास रंगारी निवास बसंतपुर राजनांदगांव से मुक्तिधाम लखोली के लिए आज शाम 4 बजे निकलेगी। वे वीरेन्द्र कुमार, विष्णु कुमार, शैलेंद्र कुमार, सुश्री नंदा, श्रीमती महामाया डोंगरे की माता थी।

### जुगल किशोर बंग



**रायपुर,** 10 नवंबर। समता कॉलोनी निवासी, माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस के संचालक, 80 वर्षीय, जुगल किशोर बंग का निधन 10 नवंबर को हो गया है। वे सुरेश बंग के बड़े भ्राता व मनोज बंग के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 11 नवंबर को निज निवास, 78, समता कॉलोनी से, प्रात: 10.30 बजे, मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी।

### विनोद यादव



**राजनांदगांव,** 10 नवंबर। राजनांदगांव शीतलापारा मोतीपुर निवासी विनोद यादव पिता स्व. सुदामा यादव का शुक्रवार शाम को आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 9.30 मोतीपुर-ढाबा मार्ग स्थित मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। स्व. विनोद, भाजपा नेता व नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के छोटे भाई थे।

# गली-मोहल्लों में सुआ नृत्य की गूंज



**खरोरा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली त्योहार नजदीक आते ही खरोरा को अंचल के गांवों की गलियों में छत्तीसगढ़ की प्राचीन लोक परंपरा सुआ गीत नृत्य घर-घर में देखने को मिलना शुरू हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के गली-मोहल्लों में ये गीत गूंज रहा है।

इन दिनों महिलाएं 8-10 से की संख्या में टोली बनाकर दिया लोक संस्कृति को जन-जन को तक पहुंचा रही हैं। इसके बदले बना जनता महिलाओं को उपहार हीं स्वरूप धान या नगदी पैसे भेंट ख कर रहे हैं। सुआ नृत्य करते हुए ती बालिकाएं च्त्तरी नरी नहाना री रे नहना, रे सुवा ना, कहि आते पिया ला संदेसज्ज जैसे अनेक गीत गाकर न छत्तीसगढ़ी संस्कृति का उत्थान ने कर रही हैं।

**सुआ नृत्य का प्रचलन पुराने समय से चला आ रहा**

क्षेत्र की से बालिकाएं एवं महिलाएं टोलियां बनाकर गांव-गांव में घूमकर सुआ नृत्य में कर रही हैं। महिलाओं ने बताया कि सुआ गीत के साथ सुआ नृत्य का प्रचलन पुराने समय चला आ रहा है। बांस की एक टोकरी में धान के ऊपर मिट्टी का सुआ यानि तोता बनाकर रखते हैं। 8-10 महिलाएं बांस की टोकरी को गोल घेरकर सुआ नाचती हैं। इस नृत्य में महिलाएं होती है। सभी महिलाएं एक स्वर में सामूहिक गीत गाती। गीत गाती महिलाएं तालियां भी आपस म में एक लय से बजाती हैं ।गोल-गोल घूमती हुई सुआ नाचती है। इसी तरह एक घर से दूसरे घर में जाकर नृत्य करती है ।महिलाएं सुआ नृत्य के जरिए गांव और मोहल्ले में लोक संस्कृति और छत्तीसगढ़ी परंपराओं को सहेजने का अलख जगा रही है।

# होमवोटिंग से बुजुर्गों के चेहरे में नई मुस्कान परिवार वालों में भी खुशी



**सरायपाली,**10 नवम्बर ( देशबंधु)। निर्वाचन आयोग शत प्रतिशत मतदान को लेकर गंभीर नजर आ रहा है जिसके तहत 40 प्रतिशत विकलांग 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाता जो मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ हैं ऐसे मतदाताओं तक मतदान दल स्वयं पहुंच कर मतपत्र के द्वारा मतदान सम्पन्न करा रहे हैं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र क्रमांक39 में कुल 104 मतदाताओ को डाक मत की सुविधा उपलब्ध कराई गई है डाक मतदान के लिए 12 रूट बनाया गया हैआज शुक्रवार 10 नवम्बर को मतदान कराया गया नगर के वार्ड क्रमांक06 रामदेवी गुप्ता ने बताया कि शारिरिक अस्वस्थता के कारण विगत 4-5 चुनाव से वोट देने मतदान केंद्र नहीं जा पा रही थी होमवोटिंग की सुविधा उपलब्ध होने पर मैंने वोट किया व लोकतंत्र को मजबूर करने में सहभागिता निभाई हैं रामदेवी गुप्ता के निवास में मतदान दल केसाथ तहसीलदार के के साहू सेक्टर मजिस्ट्रेट अशोक शर्मा( सी एम ओ) मास्टर ट्रेनर सतीश स्वरूप पटेल( बी आर सी) मनोज पटेल ( प्राचार्य सेजेस)पीठासीन अधिकारी सुनील साहू अब्जॉर्बर सौमित( बी ओ बी)गजेंद्र नायक (पटवारी) कांग्रेस पार्टी के एजेंट दुष्यंत साहू पुलिस बल की उपस्थिति में मतदान कराया गया जानकारी के आभाव में अनेक बुजुर्गों विकलांगो को मतदान से वंचित होना पड़ गया देशबंधु संवाददाता ने अपनी माताजी का मतदान के बाद का फोटो सोसल मीडिया में वायरल करने के बाद से अनेक विकलांग व बुजुर्गों केपरिजनों के फोन देशबंधु संवाददाता के पास आने लगे परिजनों का कहना था कि हमे जानकारी नहीं मिल पाई।

# दीपावली में पर्यावरण का रखें ख्याल : कलेक्टर



**बलौदाबाजार,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज सभी जिला वासियों को धनतेरस सहित दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं संदेश दिए है। उन्होंने कहा दीपावली देश के बड़े त्यौहार में से है। दीपावली में आर्थिक गतिविधियां तेज होती है। अनेक से छोटे-बड़े समुदाय इसे बड़ी आस भरी नजरों से देखते है। दीपावली के दौरान घरों में दीये एवं लाइटों का उपयोग बड़ी सँख्या में करतें है। इन वस्तुओं में विदेशी वस्तुओं का उपयोग ना ही करें। उनकी जगहों में हमारे भाई बंधुओं द्वारा बनाये जा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें। जिले में बड़ी सँख्या में कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दिये एवं महिला स्व सहायता समुहों द्वारा भी दिये बड़ी सँख्या में बनाये जा रहें है। आप सभी इन्हीं दियों का ही उपयोग करें। इनसे इन्हें आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। अत: आप सभी से आग्रह है आप ऐसे ही दीयों का उपयोग करें। इसके साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश मे पटाखा का उपयोग निर्धारित समय मे रात 8 से 10 बजें तक का ही करें। पटाखों में हो सकें तो ग्रीन पटाखों का उपयोग करें। पर मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है की जहां तक हो सकें पटाखों का उपयोग ना ही करें। यह पर्यावरण को अधिक प्रभावित करतें है।

# मुख्यमंत्री ने भरी हुंकार राशन, बिजली, ईलाज व शिक्षा मुफ्त

**भाजपा के 21 कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश**

**सिमगा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सिमगा में कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के समर्थन में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए भाटपारा विधानसभा से कांग्रेस का विधायक बनाने की अपील किया। उन्होंने ने विशाल जनसमूह के सामने हुंकार भरते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए पुन: सरकार बनने पर लागू करने की बात कही।



मुख्यमंत्री बघेल ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रमुख योजनाएं जिसमें राशन, 200 यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली, ईलाज एवं केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा सहित 3200 सौ में धान खरीदी, गैस सिलेंडर में 500 सब्सिडी, एवं कर्जा माफ करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने गरीब परिवार के लिए अतिंम संस्कार के लिए 2000 रूपये देने की घोषणा की। वहीं उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र की कोई गारेंटी नहीं है क्योंकि उनकी सरकार में उन्होंने अपने घोषणाओं को पुरा नहीं किया तो अब क्या करेंगे। मुख्यमंत्री ने आमसभा के पूर्व जोडा जैतखाम में पालो चढ़ाकर पूजा अर्चना किया। वहीं सिमगा सोनकर समाज से भाजपा के पूर्व एल्डरमैन शांतनु सोनकर सहित 19 कार्यकर्ताओं एवं भाटपारा के पांच बार के पार्षद प्रदीप शर्मा एवं भाजपा के शहर मंत्री राजा शर्मा को मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया उक्त अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव धरसींवा विधायक अनीता शर्मा पूर्व विधायक चैतराम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर सुशील शर्मा सुनील महेश्वरी सतीश अग्रवाल अरूण ताम्रकार हितेंद्र ठाकुर रामबिलास साहू शैली भाटिया कुबेर यदु अय्यूब खान रिंकू भाटिया दीनबंधु शर्मा हिरेंद्र कोसले रवि साहू धरमचंद जैन दशरथ चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे । सिमगा में आयोजित इस विशाल आमसभा का सफल आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर ने किया।

# किसान नेता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत



**सिमगा,** 10 नवंबर। सिमगा क्षेत्र के किसान नेता अय्यूब मेमन के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरूष कांग्रेस का झंडा लेकर आजाद चौक से मेन रोड होते हुए बिलासपुर रोड स्थित भव्य रैली के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया गया। आम सभा से पूर्व किसान नेता ने मंच से संबोधित करते हुए भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीछले पांच वर्षों किए गए वादों को पूरा नहीं किया वे मात्र जुमलेबाज प्रधानमंत्री है ।लोग उनकी घोषणाओं पर विश्वास ना करें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार भरोसे की सरकार है वह जो कहते हैं उसे पूरा कर के दिखाते हैं उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के पक्ष में मतदान करने की अपील किया ।तथा भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

# सैकड़ों बौद्ध भिक्छुओं की उपस्थिति में हुआ तपोभूमि में राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन



**राजनांदगांव,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन, 7 नवम्बर को तपोभूमि, शिवनाथ नदी तट (ऑक्सीजोन मोहारा) भंवरमरा राजनांदगांव (छ.ग.) स्थित नैसर्गिंक वातावरण के बीच पूज्य भदन्त आनंद महास्थविर, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय भिक्खु महासंघ भारत नई दिल्ली के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में एवं *भिक्खु धम्मतप* आयोजक राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन, तपोभूमि राजनांदगांव (छ.ग.) के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भिक्खु धम्मतप जी अध्यक्ष मेत्ता संघ व आयोजक राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन, तपोभूमि राजनांदगांव (छ.ग.) ने अपने उपदेश में कहा प्रतिवर्ष शिवनाथ नदी तट स्थित तपोभूमि में राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन विश्व में शांति एवं मानवता का पैगाम देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। भगवान गौतम बुद्ध ने 2500 वर्ष पूर्व अज्ञानता को दूर करने के लिए धम्मचक्र गतिमान किया आज विश्व में धम्मचक्र गतिमान है जिसके कारण विश्व में मैत्री, करूणा और बंधुत्व का संदेश फैल रहा है। संविधान निर्माता बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी ने आप सभी को बुद्ध का धम्म देकर विश्व में भाईचारा का संदेश दिया है और तो और लाखों - करोड़ों लोगों का रक्त का संचय किये है। क्योंकि बुद्ध कहते है जिस प्रकार आपको मृत्यु का भय उत्पन्न होता है उसी प्रकार अन्य प्राणी को भी मृत्यु का भय होता है इसलिए आपने अन्य प्राणी की हत्या नहीं करना चाहिए, इस तरह बुद्ध के प्रासंगिक उपदेश ने जन - मानस में करूणा, दया व मैत्री का संदेश दिया है। इसलिए बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने हमें बुद्ध धम्म देकर सभी प्राणी के प्रति दया, करूणा व मैत्री करने की भावना देकर हमारे रक्त को और अन्य लोगों के रक्त को संचय किया है, ऐसे महापुरूष को हम संविधान निर्माता कहते है, भारतरत्न कहते है, विश्वरत्न कहते है, अस्पृश्यों के महिसा कहते, दीन - दुखियों के उधारक कहते है, बोधिसत्व कहते है। जब हम विश्व की ओर देखते है तो डॉ. भीमराव आम्बेडकर हमें इस तरह दिखाई देते है समता का नाम है आम्बेडकर, बंधुता का नाम है आम्बेडकर, भाईचारा का नाम है आम्बेडकर, समानता का नाम है आम्बेडकर, स्वतंत्रता का नाम है आम्बेडकर, करूणा का नाम है आम्बेडकर, दया का नाम है आम्बेडकर और तो और मैत्री का नाम है आम्बेडकर वो हस्ती है *डॉ. भीमराव आम्बेडकर जिन्होंने भारत को विश्व में पहचान दिलाई, वो है आम्बेडकर। पूज्य भदन्त आनंद महास्थविर जी* नई दिल्ली ने अपने उपदेश में कहा भारत में बुद्ध का जन्म हुआ, विश्व में भारत की पहचान है, जब भी भारत का प्रधानमंत्री हो या कोई भी मंत्री व उद्योगपति विदेश जाता है तो कहता है मै बुद्ध के धरती से आया हूँ क्योंकि भारत का नाम विश्व पटल में बुद्ध की वजह से शांति, करूणा व मैत्री के रूप में दर्ज है। मै तुझमें नहीं हूँ, तू मुझमें नहीं है फिर तुम कौन है, आदमी - आदमी एक दूसरे को मिटाना चाहता है। जब तक यह व्यमनस्ता नष्ट नहीं करेंगे तब तक भाईचारा निर्माण नहीं होगी इसलिए मै, मै, के अहंकार को जब तक दूर नहीं करेंगे तब तक आपस में भाईचारा निर्माण नहीं होगा, भाईचारा निर्माण करने के लिए मै, मै, तू, तू, की भावना को दूर करना होगा।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में विविध कार्यक्रम

**बेमेतरा,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली के पावन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बेमेतरा , प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस प्रतियोगिता को लेकर वे बहुत उत्साहित थे। इस प्रतियोगिता में दिया सजाओ, ग्रीटिंग बनाओ व सुआ नृत्य शामिल था जिसमें बच्चों ने अपने रचनात्मक कौशल का उपयोग करते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन किया साथ ही सुवा नृत्य में स्वयं सुआ गीत गाकर नृत्य का प्रदर्शन किया। दिया सजाओ प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं से हसीना ने प्रथम स्थान ,कक्षा 9वी से आंचल ने प्रथम स्थान ,कक्षा आठवीं से दुर्गेश्वरी ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं से यामिनी ने प्रथम स्थान ,कक्षा छठवीं से त्रिलोचना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा ग्रीटिंग बनाओ प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं से जागेश्वरी ने प्रथम स्थान, कक्षा 9वी से रेशमा ने प्रथम स्थान, कक्षा आठवीं से उषा ने प्रथम स्थान, कक्षा सातवीं से सानिया ने प्रथम स्थान, कक्षा छठवीं से क्रुतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सुआ नृत्य जो कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं के बीच हुआ में कक्षा छठवी की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन में सीएससी नीलकंठ सियारे , अधीक्षिका सुषमा शुक्ला शर्मा, राजकिरण मिश्रा, ममता गुरुपंच, गायत्री साहू, ज्योति चंद्राकर, शिखा चौबे ,सावित्री यादव ,दीप्ति नौरंगे ,सोनाली सोनी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और दीपावली की शुभकामनाएं दी।



# धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस अलर्ट, असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर

**राजनांदगांव,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर एवं जिला के समस्त थाना क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था एवं अपराधो पर नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा संध्या पैदल पेट्रोलिंग एवं शहर के चौक चोराहों में लगा पुलिस का फिक्स पॉइन्ट दुकानदारों को दुकान से बाहर सड़क पर सामान ना रखने की दी गई हिदायत।*त्यौहारों के मद्देनजर राजनांदगांव शहर के अंदर बाजार में चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किया गया है तथा दोपहिया वाहन सड़क पर खड़ा न करे।धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार के मद्देनजर राजनांदगांव शहर एवं जिला के समस्त थानों में यातायात व्यवस्था एवं अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सीएसपी अमित पटेल एवं डीएसपी यातायात प्रभारी हेमप्रकाश नायक के नेतृत्व में शहर एवं समस्त थानों में थाना प्रभारियों द्वारा अपने दल बल के साथ शहर के मुख्य चौक-चौराहों, बाजार-हाट एवं मुख्य शहर मार्ग पर खरीदी बिक्री हेतु भीड़-भाड़ वाले जगहों में संध्या पैदल पेट्रोलिंग की गई एवं पुलिस की फिक्स पॉइन्ट भी लगाया गया। धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार को देखते हुए बाजार में भीड़ होने की संभावना को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनाने हेतु दुकानदारों को अपने दुकान का सामान सड़क पर ना रखने की हिदायत दी गई। शहर के मुख्य मार्ग व बाजार में त्यौहारो की खरीदी बिक्री हेतु भीड़-भाड़ वाले जगहों में लोगों को जाम की परेशानियों से बचाने के लिए राजनांदगांव शहर के अंदर चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किया गया है तथा दोपहिया वाहन सड़क पर खड़ा ना करें अन्यथा चलानी कार्यवाही की जायेगी। यातायात नियमों का पालन करें।





# मतदान टीम ने घर पर जाकर कराया बुजुर्गों और दिव्यांगों का मतदान

**बेमेतरा,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत एक ऐसा लोकतंत्र हैं जहां 18 वर्ष से लेकर अधिक उम्र के मतदाता अपने मनपसंद उम्मीदवार को किसी भी निर्वाचन में वोट देने, चुनने का स्वतंत्र अधिकार है। भारत निर्वाचन आयोग ने एक कदम आगे बढ़कर 80 उम्र से अधिक और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत को देखते हुए घर से मतदान करने की सुविधा दी है। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 को लेकर ज़िले की तीनों विधानसभा के लिए तक़रीबन तैयारियाँ पूरी हो गयी है ।

आज शुक्रवार को 80 उम्र से अधिक 16 बुजुर्ग और 2 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान किया। जिला मुख्यालय मतदान दल के अधिकारी कर्मचारी संबंधित मतदाताओं के घर मतदान करने के लिए रवाना हुए। मतदान दल के साथ माइक्रो आब्जर्वर भी शामिल थे।80 से अधिक उम्र के दिव्यांग मतदाताओं में विधानसभा क्षेत्र 68 साजा से 4, बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान किया । विधानसभा क्षेत्र क्र. 69 बेमेतरा से 7 और विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ से 5, बुजुर्ग मतदाताओं ने इस खूबसूरत लोकतंत्र के लिए पुरें उत्साह के साथ मतदान किया वही बेमेतरा विधानसभा से 2 दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का घर से ही प्रयोग किया मतदान दलों ने निर्वाचन आयोग के दिशाा निर्देशानुसार पूरी पारदर्शी प्रक्रिया के साथ मतदान की कार्रवाई को पूर्ण किया बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं सहित उनके परिजनो ने मतदान दल और निर्वाचन आयोग के प्रति आभार प्रकट किया।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडवीया का भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने किया अभुतपूर्व स्वागत



**बेमेतरा,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारीके नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर बेमेतरा के प्रमुख चौक पुराना बस स्टैंड पर आतिशबाजी और फूल माला के साथ अभूतपूर्व स्वागत किया गया ।

अति व्यस्ततम कार्यक्रम के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी का बेमेतरा जिले के मुख्यालय से गुजरते वक्त भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी एवं उनके सैकड़ो समर्थकों के द्वारा हृदय स्थल बेमेतरा पुराना बस स्टैंड में स्वागत किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा हर्ष वर्धन तिवारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य रीना देवी साहू शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू नंदू राठी राजा शर्मा विजय सुखवानी अजय मिश्रा सिद्धांत तिवारी गोलू कोसले पीयूष शर्मा मनोज पटेल शिवम दीवान नीलकंठ पटेल मनोज सिन्हा गन्नू साहू नरेश राय बलराम राय यशवंत टंडन सिद्धार्थ तिवारी तुषार साहू ओंकार साहू मनोज बंजारे एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# आई एम ए की शत प्रतिशत मतदान हेतु पहल

**बालोद,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। आगामी 17 नवम्बर के विधानसभा चुनाव हेतु इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन बालोद ने सभी लोगो से अपील की है की वे अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करे। संस्था के अध्यक्ष डा प्रदीप जैन एव सचिव डॉ एव्ही महेश्वर के आम लोगो से अपील की है कि वे लोकतंत्र को मज़बूत करने हेतु वोट अवश्य देवे। पाँच साल में एक बार मिलने वाले इस अवसर को न गवाये। 17 नवंबर की अपने सारे कार्यक्रमों को दरकिनार कर प्राथमिकता के साथ सपरिवार मतदान करने जाये एव प्रदेश के समग्र विकास में सहभागी बने। इस चुनाव में हमे अवसर मिला है कि हम साथ मिलकर लोकतंत्र की दीपावली का उत्सव मनाये।

# शंकराचार्य का गुरुकृपा प्रसादम् में आगमन 12 को



**सहसपुर लोहारा,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती का सहसपुर लोहारा में पण्डित देव दत्त दुबे के निज निवास श्री गुरुकृपा प्रसादम् में दिव्य आगमन हो रहा है जहाँ समस्त राजपुरोहीत दुबे परिवार पादुका पूजन करेंगे ।इस अवसर पर समस्त नगर एवं क्षेत्र वासियों को शंकराचार्य जी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा ।

# कुम्हारी में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**कुम्हारी,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। कुम्हारी पालिका क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में रैली के माध्यम से चुनाव प्रचार किया। रैली में मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल सुपुत्री स्मिता बघेल कुम्हारी प्रभारी राजेन्द्र साहू पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर शामिल होकर विभिन्न वार्डों के मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर सीएम भूपेश बघेल को भारी बहुमत से विजयी बनाने समर्थन मांगा। रैली स्टेशन चौक से प्रारंभ होकर वार्ड क्रमांक 5 प्रभात चौक में बड़ी सभा के रूप में समाप्त हुई। इस जनसभा में आम नागरिकों को संबोधित करते हुए स्मिता बघेल ने कांग्रेस पार्टी द्वारा घोषित विभिन्न घोषणाओं के बारे में बताया उन्होंने महिलाओं की समृद्धि व किसानों को मजबूती प्रदान करने के लिए सीएम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सभा मे उपस्थित लोगों को चैतन्य बघेल ने कांग्रेस पर भरोसा कर एक बार फिर जीत दिलाने की बात कही। उनके द्वारा कांग्रेस कार्यकाल में हुए विकासकार्यों की क्रमवार जानकारी भी दी गई। कुम्हारी चुनाव प्रभारी राजेन्द्र साहू ने मंच पर कांग्रेस पार्टी द्वारा किये गए घोषणाओं को जनता के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी के विजयी होने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा किसानों का धान उचित 3200 सौ रुपये मूल्य पर 20 चिंटल प्रति एकड़ ख़रीदी की जायेगी 200 यूनिट बिजली बिल माफ किया जायेगा यहीं नही केजी 1 से लेकर कॉलेज तक कि पढ़ाई भी मुफ्त में करने का वादा भी दोहराया। गैस सिलेंडर 500 सौ रुपये से कम कीमत पर मिलने की भी जानकारी दी। उन्होंने कांग्रेस के पक्ष में 17 नवंबर को बड़ी संख्या में मतदान कर भारी बहुमत से विजय दिलाने का आग्रह भी किया ।सभा में भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि 15 साल भाजपा के शासन में प्रदेश को सिर्फ नुकसान हुआ बीजेपी कार्यकाल में भाजपा नेताओं का विकास हुआ किसानों को धोखा दिया गया लोगों से झूठ बोला गया चंद उद्योगपतियों के हजारों करोड़ माफ किया गया धर्मांतरण के मामले बढ़े चिटफंड कंपनियों ने छत्तीसगढ़ के मजदूर किसानों व आम नागरिकों को लूटा पशुधन का अपमान किया धर्म के नाम पर राजनीति की। जिसके फलस्वरूप पिछले चुनाव में प्रदेश की जनता ने भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंका। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अपने पिछले कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को एक विकसित राज्य बनाने की दिशा में काम करते हुए किसानों का कर्ज माफ किया 2500 सौ रुपये चिंटल धान की खरीदी की। महिलाओं को समृद्ध करने का काम किया युवाओं को बेरोजगारी भत्ता व मजदूरों को सम्मान निधि देकर मजबूती प्रदान की। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित कर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रहनी प्रदर्शन किया। सीएम भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा दिया। इन्ही सभी योजनाओं के दम पर कांग्रेस प्रदेश में 75 पर की सरकार बनायेगी। और प्रदेश में फिर से भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनाने की बात कही।



# पटाखों का शोर कर ना दे कानों को कमजोर

## ■ दीपावली पर्व में कानों की सुरक्षा हेतु ज़रूरी टिप्स



**राजनांदगांव,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली प्रकाश का पर्व में ज़्यादा तेज आवाज़ वाले पटाखों से रहे सावधान कहीं आपकी सुनने की क्षमता में कर सकते हैं परेशानी , हमेशा के लिए जा सकती सुनने की क्षमता।

श्रवण एवम् वाणी विशेषज्ञ ने बताया की दीपावली की खुशी में वे युवा और बच्चे यह भूल जाते हैं कि इससे उन्हें दो पल की खुशियां तो मिल जाती हैं, लेकिन यह कई तरह की बीमारियों के भी जनक होते हैं।पटाखे की तेज आवाज से हो सकता है कि आपके आसपास किसी व्यक्ति को सुनने की समस्या उत्पन्न हो जाए।खासतौर पर वृद्ध लोग इससे अक्सर प्रभावित होते रहते हैं । तेज आवाज के पटाखों से बच्चों के साथ साथ गर्भवस्थ शिशुओं व दिल के मरीजों के लिए समस्या खड़ा हो जाती है। लोगों को तेज आवाज वाले पटाखों से परहेज करना चाहिए ,परंतु इसके शौकीन सारे नियम कानूनों को ताक पर रख देते हैं। इतनी तेज आवाज के पटाखे चलाते हैं कि उनकी आवाज से बच्चे ही नहीं बड़े भी डर जाते हैं। आतिशबाजी के शोर से कई लोग अपने सुनने की क्षमता खो चुके हैं। इस बार दीपावली मनाते समय ध्यान रखें, कहीं ऐसा न हो कि पटाखों की तेज शोर, आपके कानों के सुनने की क्षमता को कमजोर न कर दें।

जब दो लोग आपस में बात करते हैं तो उस समय आवाज का स्तर 40 से 60 डेसिबल के बीच होता है। जब ध्वनि का स्तर 90 डेसिबल तक पहुंच जाता है, तो वह आवाज लोगों को कष्ट देने लगती है और कान के सुनने की क्षमता को प्रभावित करती है। कुछ पटाखों में 160 डेसिबल आवाज का स्तर होता है, जो लोगों के कानों के लिए असहनीय होता है।लोग हो सकते हैं बहरे

160 डेसिबल स्तर की आवाज अगर 0.003 सेकेंड तक कोई भी व्यक्ति सुन ले, तो उसके सुनने की क्षमता कम हो सकती है। कई मामलों में व्यक्ति पूरी तरह बहरा भी हो सकता है। छोटे बच्चों के तो सुनने की क्षमता प्रभावित होने के साथ-साथ कानों के पर्दे भी फट सकते हैं।

इन तेज आवाज़ वाले पटाखे से बहुत से समस्या होती हैं जैसे ध्वनि प्रदूषण कई पटाखों में से बहुत तेज ध्वनि निकलती है, जिससे ध्वनि प्रदूषण फैलता है। कई पटाखा बम ऐसे भी होते हैं, जिनमें विशेष तौर पर तेज आवाज करने के लिए अत्याधिक मात्रा में बारूद भरा जाता है, जिससे पटाखा फूटने पर असहनीय आवाज होती है। इससे दिल व दिमाग पर भी असर पड़ता हैं सिर दर्द-चक्कर आना कान में गूंजने की आवाज सुनाई देते रहना। कान का पर्दा फटना। कान सुन्न पड़ जाना। पूरी तरह बहरा हो जाना। तेज आवाज वाले पटाखों से छोटे बच्चों के अंदर डर बैठ जाता है। गर्भ में पल रहे बच्चों को भी तेज आवाज बहुत परेशान करती है। अगर कोई अचानक से कहीं पर तेज आवाज वाला पटाखा छोड़ दे और वहां कोई दिल का मरीज हो तो उसे हार्टअटैक आने का भी खतरा रहता है। धमाकों की तेज आवाज से कान में दर्द, सुन्न होना, अस्थायी बहरापन की शिकायत आ सकती है।90 डेसीबल तक सुनने की आदर्श स्थित है।

**बचाव**- दीपावली के दिन घर से बाहर निकलते समय कान में हल्की रुई डालकर निकलें। पटाखे जलाते समय तुरंत दूर हो जाएं। पटाखों वाले हाथों से कान को न छुएं। कानों में दिक्कत होने पर उन्हें कुछ देर की लिए बंद कर लें। दीपावली पर कम से कम पटाखे चलाने की कोशिश करनी चाहिए। यदि चलाना ही हो तो बहुत कम आवाज करने वाले पटाखे चलाने चाहिए। इससे ध्वनि प्रदूषण के साथ-साथ वायु प्रदूषण भी होता है। प्रशासन को ज्यादा आवाज करने वाले पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा देनी चाहिए। कान पर तेज ध्वनि का काफी विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे कई लोगों के सुनने की क्षमता कम हो जाती है या फिर व्यक्ति बहरा भी हो सकता है।

अगर पटाखे जलाते समय कोई अप्रिय घटना हो जाती है, तो तुरंत ई एन टी डॉक्टर के पास जाना चाहिए। कोई भी व्यक्ति जिसे पहले से ही कम सुनाई देता हो, उसे पटाखों से दूर रहना चाहिए। तेज ध्वनि से कई लोगों की सुनने की क्षमता प्रभावित होती है इसलिए पटाखों की आवाज द्वारा कान में कोई भी परेशानी हो तो तुरंत शासकीय ज़िला अस्तपताल बसंतपुर , मेडिकल कॉलेज राजनांदगाँव में ई एन टी डॉक्टर और सीआरसी में श्रवण विशेषज्ञ के पास जाकर सुनाई जांच करवानी चाहिए।

**गजेन्द्र कुमार साहू**
**श्रवण एवम् वाणी विशेषज्ञ राजनंदगाँव**

# मतदान कार्य में संलग्न 1801 अधिकारी कर्मचारी ने किया डाक मतपत्र के माध्यम मतदान

**बेमेतरा,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन में लगे अधिकारी कर्मचारियों ने डाक मत पत्र का इस्तेमाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इसमें 16 बुजुर्ग मतदाता और दो दिव्यांग मतदाता शामिल है 7 पहले दिन 9 नवंबर को जिला स्तरीय सुविधा केंद्र में और प्रशिक्षण सुविधा केंद्र में 1034 कर्मियों ने डाक मत पत्र से मतदान किया 7 आज 767 कर्मियों ने अपने मताधिकार का डाक मत पत्र के माध्यम से प्रयोग किया 7 11 नवंबर को सुबह 9ः00 बजे से 5ः00 बजे तक मतदान होगा 7 विधानसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगे 3395 अधिकारी कर्मचारी ने निर्धारित प्रारूप में डाक मत पत्र के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, इनमें से 1801 मतदान अब तक मतदान किया है शेष कल 11 नवंबर को मतदान करेंगे 7 अधिकारी कर्मचारी द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रो में बने सुविधा केंद्रों पर अपना वोट डालना शुरू कर दिए है । विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों मे नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, सेक्टर अधिकारी, मतदान दल,बीएलओ, ड्रायवर, डाक मतपत्र से अपना मतदान कर सकेंगे। इसके लिए ज़िला स्तर पर प्रशिक्षण केन्द्रो के साथ साथ कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 6 में भी मतदान सुविधा केंद्र बनाया गया हैं 7 डाकमत पत्र की कार्यवाई आज 9 नवम्बर से 11 नवम्बर तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी । अब वे पहले की तरह डाकमत पत्र को अपने घर नहीं ले जा सकेंगे। दरअसल पूर्व में चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारी कई बार सुविधा केंद्र पर वोट नहीं करते थे, बल्कि वे डाक मत पत्र अपने घर ले जाते थे। कर्मचारियों के पास वोटों की गिनती से शुरू होने से पहले डाक मत पत्र जमा करने का समय होता था। निर्वाचन में लगे कर्मियों को मतदान सुविधा केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की दी है । निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को अब सुविधा केंद्रों पर मतदान करेंगे।



उल्टा पुल्टा

पति (पत्नी से)- सम्मोहन का अर्थ क्या होता है?
पत्नी (पति से)- किसी आदमी को अपने प्रभाव से वशीभूत करके उससे मनचाहा काम करा लेने को सम्मोहन कहते हैं।
पति (हंसते हुए)- अरे नहीं, उसे तो शादी कहते हैं।

# आगामी त्यौहार एवं चुनाव के मद्देनजर निकाला गया फ्लैग मार्च

## चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर, अड्डेबाजी, नशाखोरी, गुंडाबदमाशों, चाकूबाजों, असामाजिक तत्वों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई



**धमतरी,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशन पर समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित शहर एवं जिले की सुदृढ सुरक्षा व्यवस्था के लिये, असामजिक तत्वों, गुंडे बदमाशो में कानून का डर बनाने हेतु, नशे के खिलाफ कार्यवाही करने, आने वाले त्यौहार एवं आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए तीनों अनुभागों में फ्लेग मार्च किया गया। बाहर से आये सीआरपीएफ बलों का शहर में पैदल फ्लेग मार्च निकाला गया। धमतरी अनुभाग धमतरी, कुरूद, नगरी में सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के नेतृत्व थाना प्रभारियों सहित पेट्रोलिंग वाहनों में धमतरी शहर, कुरूद एवं नगरी में फ्लेग मार्च कर सघन पेट्रोलिंग की गई। फ्लैग मार्च के दौरान अड्डेबाजी करने वाले, क्षेत्र के गुंडे बदमाशो, चाकूबाजी करने वालो पर सख्त कार्यवाही किये जाने के सख्त निर्देश दिये।

फ्लेग मार्च के माध्यम से अपराधियों में भय हो एवं आम नागरिकों में सुरक्षा कि भावना जागृत करने किया गया फ्लेग मार्च। आदतन अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर उन पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने एवं उनकी गतिविधियों पर नजर रख कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

फ्लेग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह, डीएसपी. सुश्री नेहा पवार एसडीओपी. धमतरी श्री के. के. वाजपेयी, डीएसपी. ट्रैफिक मणिशंकर चंद्रा, एसडीओपी. नगरी श्री मयंक रणसिंह, डीएसपी. परि. विंकेश्वरी पिंदे, थाना प्रभारी धमतरी निरी. ब्रिजेश तिवारी, थाना प्रभारी अर्जुनी निरी. राजेश मरई, थाना प्रभारी रूद्री निरी. सन्नी दुबे, थाना प्रभारी नगरी निरी. अरुण साहू, थाना प्रभारी कुरूद निरी. दीआ केंवट, उनि. चंद्रकांत साहू, उनि. के.एल. साहू, सायबर प्रभारी उनि. रमेश साहू सहित थाना, सीआरपीएफ, बीएसएफ. के अधिकारी कर्मचारी पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीबीएस उ.मा. शाला में विविध कार्यक्रम



**नवापारा राजिम,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के टी.बी.एस उच्चतर माध्यमिक शाला में शाला प्राचार्य हरप्रीत कौर मैंम की दिशा निर्देशन में 10 नवंबर दिन शुक्रवार को कक्षा पहली से 12वीं तक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से तीसरी तक दिया सजाओ, कक्षा चौथी से आठवीं तक आकाश दिया बनाओ एवं कक्षा नवमी से बारहवीं तक रंगोली बनाओ प्रतियोगिता रखा गया। जिसमें सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अपने कला का बेहतरीन ढंग से प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के अंत में शाला प्राचार्य ने सभी बच्चों को उनके योग्यता व कला के लिए प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी एवं उनके भविष्य उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दीपावली की भी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कक्षा के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे उन्होंने भी सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया व बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए दीपावली की बधाई दी।

## आज मुख्यमंत्री राजिम में आमसभा को संबोधित करेंगे



**नवापारा राजिम,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय राजिम में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आज 11 नवंबर को दोपहर 2.45 बजे हेलिकाफ्टर से आम सभा को संबोधित करने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजिम पहुंच रहे हैं। उनके साथ छग प्रभारी सुश्री शैलजा भी पहुंच रहे हैं। जहां वे राजिम विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सहित कांग्रेस के अन्य प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने लोगों को अपील करेंगे।

# चुनाव ड्यूटी में तैनात मतदान कर्मियों ने 4126 डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया

**महासमुंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल 4126 मतदान कर्मियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नोडल अधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबी महासमुंद से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले मे निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा 08 नवम्बर तक कुल 4126 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र सरायपाली.39 से 1057, विधानसभा क्षेत्र बसना.40 से 1319, खल्लारी.41 विधानसभा से 762 और महासमुंद.42 विधानसभा क्षेत्र से 988 डाक मत पत्र प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 7, 8 एवं 9 नवम्बर को द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के दौरान चुनाव में संलग्न मतदान कर्मियों को डाक मतपत्र से मतदान करने प्रशिक्षण स्थल पर ही सुविधा केन्द्र बनाया गया था।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया



**महासमुंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उमावि बिरकोनी में दीपावली अवकाश के पहले समस्त कक्षाओं एवं बरामदों की साफ सफाई उपस्थित छात्राओ एवं सफाई कर्मचारी के द्वारा किया गया। इसमे मुख्य रूप से ईको क्लब, रेडक्रॉस और गाइड की छात्राओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया इसके पश्चात रंगोली बनाकर एक दूसरे को धनतेरस एवं दीपावली त्यौहार हर्षोल्लास से मनाने के लिये बधाई दिया गया। रंगोली बनाने में अंजू साहू, चंचल कौर, भूमिका पटेल, सुजल साहू, खिलेश्वरी साहू, दीप्ति साहू, छाया सहिस, तारणी साहू, लीलेश्वरी मण्डलोई ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती टामेश्वरी साहूए व्याख्याता गण रागिनी चन्द्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संत राम साहू, चित्रसेन साहू, श्रवण सिन्हा, मनीषा तिर्की, मनहरण लाल भट्ट, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल, शिक्षक महेन्द्र ध्रुव, रेणुका चन्द्राकर, भानेन्द्र सिंह बिसेन समस्त कार्यालयीन कर्मचारी, मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी सहिस, सुरेखा मिश्रा, अजय आदि उपथित रहे।

# अर्थदण्ड की राशि जमा नहीं करने पर दो राईस मिलों को किया गया सील

**धमतरी,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4 (3) के अनुसार सभी पंजीकृत राईस मिलों को कस्टम मिलिंग के लिए अनुमति आवेदन खाद्य कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना है। इसके बाद छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित एवं मिलर के बीच अनुबंध निष्पादित करना है, जिसका पालन सभी पंजीकृत राईस मिलों द्वारा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर न्यायालय में दो प्रकरणों के तहत रामदेव मिनी राईस मिल आमदी और किशन चावल उद्योग रांवा के प्रत्येक प्रकरण में एक लाख रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

उक्त राईस मिलरों को 26 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस जारी कर नोटिस प्राप्ति के दो दिन के भीतर अर्थदण्ड की राशि शासन मद में जमा कर चालान की प्रति कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया था। मिलरों द्वारा अब तक अर्थदण्ड की राशि शासन मद में जमा नहीं किया गया है। इसके मद्देनजर कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने उक्त दोनों राईस मिलों का आगामी आदेश पर्यन्त सील करने के आदेश जारी किये हैं।

# व्यय प्रेक्षकों ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक



**महासमुंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक योगेश कुमार शर्मा एवं नीलेश राउतकर ने आयकर, पुलिस, आबकारी, एमसीएमसी, सहायक व्यय लेखा, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी द्वारा किये गए कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। व्यय प्रेक्षकों ने नोडल अधिकारियों से जांच और निरीक्षण के दौरान की गई कार्रवाई से निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा वार सभी टीमों से जानकारी ली और नियमानुसार पंजी में दर्ज कर व्यय प्रेक्षक को प्रस्तुत करने आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मौजूद लीड बैंक मैनेजर को सभी संदिग्ध लेनदेन पर नजर रखने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। मीडिया प्रमाणन समिति को संदिग्ध पेड न्यूज पर कार्यवाही करने निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, लाइजनिंग अधिकारी अब्दुल वहीद खान, सनत कुमार साहू सहित सभी टीम व नोडल अधिकारी मौजूद थे।

# प्रेक्षकों ने ईवीएम के कमीशनिंग पश्चात सीलिंग कार्यों का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विधानसभा बलौदाबाजार भाटापारा प्रेक्षक डॉ अनीश शेखर, कसडोल प्रेक्षक डॉ राजेंद्र भारूड ने ईवीएम के कमीशनिंग कार्यो का औचक निरीक्षण किया। मंडी परिसर में स्थापित स्ट्रांग रूम में ईवीएम कमीशनिंग कार्य के पश्चात प्रेक्षक की मौजूदगी में ईवीएम का सीलिंग कार्य किया गया। प्रेक्षक ने सभी प्रक्रियाओं को सावधानी और सही तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश सभी निर्वाचन अधिकारियों को दिये। उल्लेखनीय है कि 6 एवं 7 नवम्बर को बीयू, सीयू एवं वीवीपेट को कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में अंतिम रूप से मतदान केन्द्रों के लिए तैयार किया गया। बलौदाबाजार जिले के तीनों सहित बिलाईगढ विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंगऑफिसर एवं निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों की मौजूदगी में कमीशनिंग की प्रक्रिया सम्पन्न की गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, रिटर्निंग आफिसर रोमा श्रीवास्तव, सभूपेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र बंजारा, उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि कमीशनिंग की प्रक्रिया 6 एवं 7 नवम्बर को सभी मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली ईवीएम में बैलेट पेपर लगाने की प्रक्रिया, सीयू में पिंक पेपर सील लगाई, पिंक पेपर सील पर अभ्यर्थी अथवा उसके प्रतिनिधि तथा ईसीआईएल के इंजीनियर ने अपने हस्ताक्षर किये। कैंडिडेट सेट करते समय सीयू, बीयू और वीवीपेट को साथ जोड़ा गया। इसके बाद मॉक पोल कर सत्यता की जांच की गई। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान सीयू के स्विच को ऑफरखा गया। वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगाया गया। बैटरी इंस्टॉल करके वीवीपैट में सिंबल लोडिंग जिग मशीन की सहायता से ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा की गई। इसके साथ ही ईवीएम नंबर, बीयू, सीयू नंबर, उनके बैटरी नंबर, वीवीपैट नंबर, रजिस्टर में दर्ज किये गये। कमीशनिंग के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की तरफसे नियुक्त इंजीनियर भी मौजूद रहे। सभी प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात प्रेक्षक की उपस्थिति में सभी ईवीएम, बीयू, सीयू और वीवीपेट को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखकर सीलिंग करने की कार्यवाही की गई।

रिजर्व मशीनों के लिए सेप्लीमेंटी रेंडमाइजेशन-कमीशनिंग की प्रक्रिया के दौरान कुछ मशीनों में तकनीकी खामियां मिलती है। जिसकी पूर्ति के लिए आज मशीनों का सेप्लीमेंट रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया एनआईसी कक्ष में की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, उपनिर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी रिटर्निंग अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# विधिक सेवा दिवस पर आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर

**बलौदाबाजार,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार 9 नवम्बर को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर श्रीमान राकेश बिहारी घोरे अध्यक्ष जिला न्यायाधीश के मागदर्शन पर शासकीय महाविघालय लवन, शासकीय महाविद्यालय कसडोल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

विधिक सेवा दिवस पर आयोजित किये गये साक्षरता शिविर में सुश्री मयूरा गुप्ता ने विद्यार्थीयों को बताया कि जहॉ जहॉ सूरज की किरण पहुचती है वहॉ तक के लोगो को न्याय पहुचाने के उद्देश्य को पूरा करने के साथ साथ आमजन को विधिक जानकारी से अवगत कराना एवं उनके अधिकारो को सुरक्षित रखने में भी उनकी मदद करना इस प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ साथ गरीब, असहाय महिला, अनुसूचित जाति, जनजाति, मानसिक रोगी, दिव्यांजन, वृद्वजन तथा जेल में निरूध्द आरोपीगण की ओर से नि:शुल्क पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाताा है। जिला न्यायालय बलौदाबाजार में लीगल एड डिफेंस काउसिल सिस्टम की स्थापना की गई है जहॉ पर विचाराधीन बंदियों के न्यायालयीन प्रकरण की पैरवी नामित लीगल एड डिफेंस कॉउसिल के द्वारा की जाती है। शासकीय पूर्व माध्य.शाला गोढ़ी (टी), तरेंगा, टुण्ड्रा, दतरेंगी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोसमंदा, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला रावन, झीपन, वन सांकरा में विशेष साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में लगभग 1200 छात्र छात्राओ के साथ विघालय, महाविघालय के शिक्षक लाभान्वित हुए।

# कांग्रेस ने कराई भाजपा के खिलाफ फर्जी फार्म भरवाने की शिकायत



**बलौदाबाजार,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग में भाजपा द्वारा महतारी वंदन योजना के नाम पर फर्जी फार्म भरवाने की शिकायत दर्ज कांग्रेस द्वारा कराई गई है।

शिकायत के अनुसार बलौदाबाजार विधानसभा में चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के द्वारा महिला मतदाताओं को भ्रमित करने एवं प्रलोभन देकर वोट लेने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं से फर्जी फार्म भरवाया जा रहा है। कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के घोषणा पत्र के महतारी वंदन योजना के तहत् पंजीयन हेतु अभी से घर-घर जाकर फार्म भरवाने का क्रम शुरू कर दिया गया है जो कि पूरी तरह से अवैध एवं फर्जी है तथा आदर्श अंचार संहिता का खुला उल्लंघन है। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा किये जा रहे इस फर्जीवाडे की शिकायत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार शहर के अध्यक्ष रूपेश ठाकुर ने जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से की है एवं निर्वाचन अधिकारी से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

# कलेक्टर ने आदेश जारी कर अपराधी को किया जिलाबदर

**बलौदाबाजार,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर चंदन कुमार ने पुलिस प्रषासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर कई आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त राजू जायसवाल को जिला बदर के आदेष जारी किया है। पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार भाटापारा के प्रतिवेदन के आधार पर जिला दंडाधिकारी द्वारा इंदिरा कालोनी कसडोल निवासी आरोपी राजू जायसवाल उर्फ रविषंकर पिता मनाराम पर कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 ख के तहत किया गया है। उक्त धारा के तहत आरोपी को 1 वर्श के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, दुर्ग एवं बेमेतरा जिलों की सीमाओं से आदेष पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेष दिए है।






# असनींद स्कूल आहाता निर्माण पूर्ण होने के बाद भी भुगतान लंबित

**सरपंच परेशान**



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत असनींद में जिला खनिज न्यास मद से हायर सेकंडरी स्कूल में 5 लाख रुपये की लागत से आहाता निर्माण कार्य कराया गया है जिसका निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत है। साथ ही आहाता निर्माण के लिए जिला पंचायत से 5 लाख रुपये स्वीकृत भी किया था। लेकिन आहाता निर्माण कार्य पूरा होने के 1 माह बीत जाने के बाद भी जिला पंचायत ने राशि का भुगतान नहीं किया है जिससे निर्माण कराने वाले ग्राम पंचायत असनींद के सरपंच परेशानियों से जूझ रहे हैं क्योंकि निर्माण एजेंसी ने हायर सेकंडरी स्कूल में आहाता निर्माण के लिए मटेरियल विक्रेताओं से उधारी में ईट, सीमेंट, छड़ सहित राजमिस्त्री और मजदूर लगाकर काम कराया गया है लेकिन राशि अभी तक निर्माण एजेंसी को मिला नही है।

इधर सरपंच रामचंद ध्रुव ने बताया कि वर्ष 2022-2023 में ग्राम पंचायत को जिला पंचायत के द्वारा जिला खनिज न्याय निधि से हायर सेकेंडरी स्कूल में आहाता निर्माण का कार्य आया था 1 माह से काम पूरा हो चुका है मगर अब तक पंचायत को राशि भुगतान नही किया गया है जबकि सत्यापन हुए 1 माह हो चुका है कलेक्टर सर से हस्ताक्षर भी हो चुका है, लेकिन अभी तक राशि नही मिला सका है, सरपंच ने कहा कि डीएमएफके बाबू विजय बघेल को फोन करते है जिला पंचायत सीईओ को भी फोन करते है मगर अधिकारी फोन नही उठाते आज एक माह बीत चुका है साहूकार रोज घर मे तगादा मार रहे हैं, दीपावली सर पर है लेकिन जिम्मेदार भुगतान नही कर रहें है, अगर विभाग जल्द भुगतान नही किया गया तो खेत बेचकर लगता है, कर्ज चुकाना पड़ेगा।

*इनका कहना है-मुझे इस संबंध में जानकारी नही है, आप डीएमएफके बाबू विजय बंजारे से बात कर लीजिए।*

-**नम्रता जैन** सीईओ
जिला पंचायत, बलौदाबाजार

## गंभीर पीड़ित महिला की पेरा अम्लाइकल हार्निया का सफल ऑपरेशन

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। एडी वैष्णव चिकित्सालय सलोनी कला रोड भटगांव में एक अत्यंत दुर्लभ प्रकार की ऑपरेशन का सफलतापूर्वक इलाज हुआ है। उक्त मरीज की एक सप्ताह पूर्व अन्य चिकित्सालय में बड़ी ऑपरेशन द्वारा बच्चें का जन्म हुआ था, इसके पश्चात उसकी डिस्चार्ज हो गई थी तथा वह घर आ गई थी. घर आने के 2 दिन पश्चात उसकी नाभि के निचले हिस्से तथा ऑपरेशन के ऊपर हिस्से से अंदर की अतडियां एवं ओमेंटम पेट को फाढ़ते हुए बाहर आ गई थी। मरीज जब चिकित्सालय में आई तो अत्यंत गंभीर स्थिति में थी तथा तत्काल ऑपरेशन द्वारा ईलाज कि जरूरी थी। चिकित्सालय की डायरेक्टर डॉक्टर निधि वैष्णव तुरंत मरीज के परिजनों को मरीज की स्थिति के बारे में बृहद जानकारी दी तथा ऑपरेशन करने की सलाह दी.मरीज की चिकित्सालय में भर्ती होने के पश्चात तुरंत उसकी ऑपरेशन करके उक्त पेरा अम्लाइकल हार्निया को पुन: रिपेयर की गई। डॉक्टर निधि वैष्णव द्वारा बतलाया गया कि समय पर इलाज न होने से मरीज की मृत्यु की संभावना बनी हुई थी। वर्तमान मे मरीज अभी खतरे से बाहर है तथा स्वस्थ है।

# भटगांव में बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**भटगावं/बलौदाबाजार,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। शुक्रवार को श्री प्रेम भुवन प्रताप सिंह शा. उ. मा.विद्यालय भटगांव के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली पूरे भटगांव नगर में निकाली गई। जिसका मुख्य उद्देश्य सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में सत प्रतिशत मतदान हो साथ ही साथ देश में लोकतंत्र की भावना मजबूत हो इसका भी लक्ष्य रखा गया था। इसी कड़ी में स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम भी रखी गई थी।

रैली में मुख्य रूप से सेजेस भटगांव के प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज, प्रथम पाली के प्रभारी कु. चिन्मयी तृप्ति मिश्रा, कु.कौशल्या पटेल, मयंक मोहन, एस के पटेल, अवधेश सोनवानी, अजय नारंग, रचना तंबोली, हंसा पटेल, निशा राठौर, सेवंती पटनायक, ज्योति नारंग, जयसवाल, सोनू कोशले, मयंक मोहन, करियारी, श्याम लाल जयसवाल,सैलेंड्री जयसवाल ,ललिता जयसवाल, लक्ष्मी कांत बारेठ, प्रगति पटेल, पृथु तिवारी, लक्ष्मी टेथवार, प्यारेलाल सुमन, अजय दिनकर एवं पत्रकार गणों का भी प्रमुख सहयोग प्राप्त रहा। साथ ही साथ नगर वासियों में चुनाव के प्रति उत्साह देखने को मिली।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण

**बिलाईगढ़,** 10 नवम्बर (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ के कुछ कमरों में संचालित मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने कहा कि मंडी परिसर से मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा, जहां से सामग्री संग्रहण कर रोड में खड़ी संबंधित बस से बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए प्रस्थान किया जाना है। इसी प्रकार सारंगढ़ विधानसभा के लिए किसान राइस मिल में बस खड़ी रहेंगी, संबंधित मतदान कर्मी उससे प्रस्थान करेंगे। डॉ सिद्दीकी ने गंभीरता से निर्वाचन कार्य को पूरा करने के लिए सभी को संबोधित किया।

## अष्टम विश्व आयुर्वेद दिवस व धन्वंतरी जयंती मनाई गई

**बलौदाबाजार,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। 10 नवम्बर दिन शुक्रवार को अष्टम विश्व आयुर्वेद दिवस एवं मां धन्वंतरी की पूजा डॉ. एल.एस. ध्रुव जिला आयुर्वेद अधिकारी, बलौदाबाजार के द्वारा किया गया। अष्टम विश्व आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम में दिनेश्वर साहू, मोहन लाल भार्यज, डॉ. संदीप कुमार राम, डॉ. राज कुमार बंजारे, डॉ. सुरेश कुमार मेहता, डॉ. देवेन्द्र कुमार भैना, डॉ. पूनम कुमार गायकवाड, डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. रजनी ध्रुव, डॉ. उत्तरा खंडेल, डॉ. अर्चना खटी, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, डॉ. तारिका ठाकुर, डॉ. दीपिका ध्रुव, डॉ. नंद कुमार, डॉ. योगेन्द्र कुमार, डॉ. दुष्यंत ध्रुव, डॉ. माधुरी डहरिया, डॉ. सुमन चन्द्रा, डॉ. हरकिशोर घृतलहरे, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. पूजा वर्मा, डॉ. रजनीश पोर्ते, विनोद कुर्रे, हर्षणा द्विवेदी, सावित्री योगी, प्रतिमा कुर्रे, टेकराम साहू, योगेन्द्र गेन्डरे, श्याम सुन्दर साहू उपस्थित थे।

# दुर्गा उमावि लम्बर के छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**सरायपाली** 10 नवम्बर (देशबंधु) राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर में डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक के मार्गदर्शन में व जीपी पटेल प्राचार्य के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वयं सेवको द्वारा रैली में नारों के माध्यम से जन जागरुक करने का प्रयास किया गया। लम्बर के चौक चौराहो पर गीत व नारों से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस लोकतंत्र के महाअभियान में, हम सभी मतदान करें। लोकतंत्र को मजबूत बनायें, 17 नवम्बर को मतदान करने अवश्य जायें। बनों देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। उस अवसर पर संस्था के प्राचार्य जी. पी. पटेल, जे के जायसवाल, बी एल साहू, एम.डी. मानिकपुरी टी. आर. जायसवाल, सी.आर. जायसवाल, एन. के. साहू, ए. के. विश्रा एफ. एस. बरिहा, शिव मैत्री , दल नायक सुमित चौरसिया दल नायिका प्रीति साहू शाला नायक किरण चौधरी चुम्मन पटेल व अन्य स्वयं सेवक उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी आर के पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने दिया।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर मतदाता जागरूकता रैली आयोजित

**खरोरा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर तथा शासकीय हाईस्कूल भडहा जिला रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान करने के लिए प्रेरित करने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। यह जागरूकता रैली शाला प्रांगण से शुरू होकर गांव के गली मोहल्लों चौक चौराहों तक मतदाता जागरूकता नारों के साथ बाजार चौक पर पहुंचा। बाज़ार चौक पर शिक्षकों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिन्टियर द्वारा आम लोगों से अपील की गई कि वे अपने काम से समय निकाल कर मतदान करने के लिए मतदान केंद्रों पर जरूर जाएं और वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करें प्रजातंत्र को मजबूत करें। साथ ही इस अवसर पर नालसा के विभिन्न योजनाओं व नालसा निशुल्क विधिक सलाह सहायता योजना तथा नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098,महिला हेल्प लाइन नंबर 181,के संबंध में जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान में पैरालीगल वालिन्टियर शंकर लाल साहू, तुलेश्वर साहू, प्राचार्य श्री चन्द्र शेखर दीवान व्याख्याता श्री कृष्ण कुमार वर्मा, श्री लिलेश्वर पटेल श्री ललित कुमार बनारसी श्री मती रश्मि मैडम मिनी मैडमजी वरिष्ठ नागरिक श्री शंकर लाल दीवान सहित छात्र छात्राएं व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में सम्मिलित हूए। न्याय सबके लिए।



# सामान्य प्रेक्षक तापस राय व राजनीतिक दलों के समक्ष किया गया स्ट्रांग रूम सील



**बिलाईगढ़,** 10 नवम्बर (देशबंधु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 08 नवंबर को हुए प्रथम रेण्डमाईजेशन (पूरक) के वोटिंग मशीनों की सीरीज को विधिवत रिजर्व में सारंगढ़ विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय और राजनीतिक दलों के प्रत्याशी और प्रतिनिधियों के समक्ष रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा ने स्ट्रांग रूम में रखवाया और ताला बंद करवाकर सील करवाया। सामान्य प्रेक्षक श्री तापस राय ने स्ट्रांग रूम के बाहर ड्यूटी कर रहे सीआईएसएफ जवान को कहा अब सुरक्षा का जिम्मा आपका। जवान ने पूरे विश्वास से कहा, सभी सुरक्षित रहेगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी ने भी रिजर्व मशीनों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष स्ट्रांग रूम में रखवाया और ताला बंद करवाकर सील करवाया। इस अवसर पर एनआईसी के तकनीकी सहायक और भारत निर्वाचन आयोग से अधिकृत इंजीनियर उपस्थित थे।

## निधन

### दुखिया बाई रंगारी

**रायपुर,** 10 नवंबर। श्रीमती दुखिया बाई रंगारी धर्मपत्नी दिवंगत भदरू रंगारी का निधन 10 नवंबर को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा आज अपरान्ह पश्चात निज निवास रंगारी निवास बसंतपुर राजनांदगांव से मुक्तिधाम लखोली के लिए आज शाम 4 बजे निकलेगी। वे वीरेन्द्र कुमार, विष्णु कुमार, शैलेंद्र कुमार, सुश्री नंदा, श्रीमती महामाया डोंगरे की माता थी।



### जुगल किशोर बंग

**रायपुर,** 10 नवंबर। समता कॉलोनी निवासी, माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस के संचालक, 80 वर्षीय, जुगल किशोर बंग का निधन 10 नवंबर को हो गया है। वे सुरेश बंग के बड़े भ्राता व मनोज बंग के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 11 नवंबर को निज निवास, 78, समता कॉलोनी से, प्रात: 10.30 बजे, मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी।



# गली-मोहल्लों में सुआ नृत्य की गूंज



**खरोरा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली त्योहार नजदीक आते ही खरोरा को अंचल के गांवों की गलियों में छत्तीसगढ़ की प्राचीन लोक परंपरा सुआ गीत नृत्य घर-घर में देखने को मिलना शुरू हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के गली-मोहल्लों में ये गीत गूंज रहा है।

इन दिनों महिलाएं 8-10 से की संख्या में टोली बनाकर दिया लोक संस्कृति को जन-जन को तक पहुंचा रही हैं। इसके बदले बना जनता महिलाओं को उपहार हीं स्वरूप धान या नगदी पैसे भेंट ख कर रहे हैं। सुआ नृत्य करते हुए ती बालिकाएं च्त्तरी नरी नहाना री रे नहना, रे सुवा ना, कहि आते पिया ला संदेसज्ज जैसे अनेक गीत गाकर न छत्तीसगढ़ी संस्कृति का उत्थान ने कर रही हैं।

**सुआ नृत्य का प्रचलन पुराने समय से चला आ रहा**

क्षेत्र की से बालिकाएं एवं महिलाएं टोलियां बनाकर गांव-गांव में घूमकर सुआ नृत्य में कर रही हैं। महिलाओं ने बताया कि सुआ गीत के साथ सुआ नृत्य का प्रचलन पुराने समय चला आ रहा है। बांस की एक टोकरी में धान के ऊपर मिट्टी का सुआ यानि तोता बनाकर रखते हैं। 8-10 महिलाएं बांस की टोकरी को गोल घेरकर सुआ नाचती हैं। इस नृत्य में महिलाएं होती है। सभी महिलाएं एक स्वर में सामूहिक गीत गाती। गीत गाती महिलाएं तालियां भी आपस म में एक लय से बजाती हैं। गोल-गोल घूमती हुई सुआ नाचती है। इसी तरह एक घर से दूसरे घर में जाकर नृत्य करती है। महिलाएं सुआ नृत्य के जरिए गांव और मोहल्ले में लोक संस्कृति और छत्तीसगढ़ी परंपराओं को सहेजने का अलख जगा रही है।

# होमवोटिंग से बुजुर्गों के चेहरे में नई मुस्कान परिवार वालों में भी खुशी



**सरायपाली,**10 नवम्बर ( देशबंधु)। निर्वाचन आयोग शत प्रतिशत मतदान को लेकर गंभीर नजर आ रहा है जिसके तहत 40 प्रतिशत विकलांग 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाता जो मतदान केंद्र तक जाने में असमर्थ हैं ऐसे मतदाताओं तक मतदान दल स्वयं पहुंच कर मतपत्र के द्वारा मतदान सम्पन्न करा रहे हैं सरायपाली विधानसभा क्षेत्र क्रमांक39 में कुल 104 मतदाताओ को डाक मत की सुविधा उपलब्ध कराई गई है डाक मतदान के लिए 12 रूट बनाया गया हैआज शुक्रवार 10 नवम्बर को मतदान कराया गया नगर के वार्ड क्रमांक06 रामदेवी गुप्ता ने बताया कि शारिरिक अस्वस्थता के कारण विगत 4-5 चुनाव से वोट देने मतदान केंद्र नहीं जा पा रही थी होमवोटिंग की सुविधा उपलब्ध होने पर मैंने वोट किया व लोकतंत्र को मजबूर करने में सहभागिता निभाई है रामदेवी गुप्ता के निवास में मतदान दल केसाथ तहसीलदार के के साहू सेक्टर मजिस्ट्रेट अशोक शर्मा( सी एम ओ) मास्टर ट्रेनर सतीश स्वरूप पटेल( बी आर सी) मनोज पटेल ( प्राचार्य सेजेस)पीठासीन अधिकारी सुनील साहू अब्जॉर्बर सौमित( बी ओ बी)गजेंद्र नायक (पटवारी) कांग्रेस पार्टी के एजेंट दुष्यंत साहू पुलिस बल की उपस्थिति में मतदान कराया गया जानकारी के आभाव में अनेक बुजुर्गों विकलांगो को मतदान से वंचित होना पड़ गया देशबंधु संवाददाता ने अपनी माताजी का मतदान के बाद का फोटो सोसल मीडिया में वायरल करने के बाद से अनेक विकलांग व बुजुर्गों केपरिजनों के फोन देशबंधु संवाददाता के पास आने लगे परिजनों का कहना था कि हमे जानकारी नहीं मिल पाई।

# दीपावली में पर्यावरण का रखें ख्याल : कलेक्टर



**बलौदाबाजार,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार ने आज सभी जिला वासियों को धनतेरस सहित दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं संदेश दिए है। उन्होंने कहा दीपावली देश के बड़े त्यौहार में से है। दीपावली में आर्थिक गतिविधियां तेज होती है। अनेक से छोटे-बड़े समुदाय इसे बड़ी आस भरी नजरों से देखते है। दीपावली के दौरान घरों में दीये एवं लाइटों का उपयोग बड़ी सँख्या में करतें है। इन वस्तुओं में विदेशी वस्तुओं का उपयोग ना ही करें। उनकी जगहों में हमारे भाई बंधुओं द्वारा बनाये जा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें। जिले में बड़ी सँख्या में कुम्हारों द्वारा मिट्टी के दिये एवं महिला स्व सहायता समुहों द्वारा भी दिये बड़ी सँख्या में बनाये जा रहें है। आप सभी इन्हीं दियों का ही उपयोग करें। इनसे इन्हें आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। अत: आप सभी से आग्रह है आप ऐसे ही दीयों का उपयोग करें। इसके साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश मे पटाखा का उपयोग निर्धारित समय मे रात 8 से 10 बजें तक का ही करें। पटाखों में हो सकें तो ग्रीन पटाखों का उपयोग करें। पर मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है की जहां तक हो सकें पटाखों का उपयोग ना ही करें। यह पर्यावरण को अधिक प्रभावित करतें है।

# मुख्यमंत्री ने भरी हुंकार राशन, बिजली, ईलाज व शिक्षा मुफ्त

## भाजपा के 21 कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

**सिमगा,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज सिमगा में कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के समर्थन में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए भाटपारा विधानसभा से कांग्रेस का विधायक बनाने की अपील किया। उन्होंने ने विशाल जनसमूह के सामने हुंकार भरते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र का उल्लेख करते हुए पुन: सरकार बनने पर लागू करने की बात कही।

मुख्यमंत्री बघेल ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रमुख योजनाएं जिसमें राशन, 200 यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली, ईलाज एवं केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा सहित 3200 सौ में धान खरीदी, गैस सिलेंडर में 500 सब्सिडी, एवं कर्जा माफ करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने गरीब परिवार के लिए अतिंम संस्कार के लिए 2000 रूपये देने की घोषणा की। वहीं उन्होंने भाजपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र की कोई गारेंटी नहीं है क्योंकि उनकी सरकार में उन्होंने अपने घोषणाओं को पुरा नहीं किया तो अब क्या करेंगे। मुख्यमंत्री ने आमसभा के पूर्व जोडा़ जैतखाम में पालो चढ़ाकर पूजा अर्चना किया। वहीं सिमगा सोनकर समाज से भाजपा के पूर्व एल्डरमैन शांतनु सोनकर सहित 19 कार्यकर्ताओं एवं भाटपारा के पांच बार के पार्षद प्रदीप शर्मा एवं भाजपा के शहर मंत्री राजा शर्मा को मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर कांग्रेस प्रवेश कराया उक्त अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव धरसींवा विधायक अनीता शर्मा पूर्व विधायक चैतराम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर सुशील शर्मा सुनील महेश्वरी सतीश अग्रवाल अरूण ताम्रकार हितेंद्र ठाकुर रामबिलास साहू शैली भाटिया कुबेर यदु अय्यूब खान रिंकू भाटिया दीनबंधु शर्मा हिरेद्र कोसले रवि साहू धरमचंद जैन दशरथ चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सिमगा में आयोजित इस विशाल आमसभा का सफल आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर ने किया।



# किसान नेता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत



**सिमगा,** 10 नवंबर। सिमगा क्षेत्र के किसान नेता अय्यूब मेमन के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरूष कांग्रेस का झंडा लेकर आजाद चौक से मेन रोड होते हुए बिलासपुर रोड स्थित भव्य रैली के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया गया। आम सभा से पूर्व किसान नेता ने मंच से संबोधित करते हुए भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीछले पांच वर्षों किए गए वादों को पूरा नहीं किया वे मात्र जुमलेबाज प्रधानमंत्री है। लोग उनकी घोषणाओं पर विश्वास ना करें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार भरोसे की सरकार है वह जो कहते हैं उसे पूरा कर के दिखाते हैं उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी इंद्र साव के पक्ष में मतदान करने की अपील किया। तथा भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

# आरंग में पहली बार निकली बैलगाड़ियों में मतदाता जागरूकता रैली




**आरंग,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विकासखंड मुख्यालय आरंग में शुक्रवार को बैलगाड़ियों में पहली बार मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह शहर में आकर्षण का केंद्र रहा। यातायात के आधुनिक साधनों के बीच विलुप्तता के कगार पर पहुंच चुके बैलगाड़ी को आकर्षक ढंग से सजाकर जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाताओं को जागरूक करने बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्कूली बच्चे, अधिकारी कर्मचारीगण हाथों में तख्ती लेकर मतदाताओं को शत् प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया।

जिला पंचायत सीईओ अविनाश मिश्रा, रिटर्निंग ऑफिस डॉ. अतुल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन व जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे के संयोजन में मतदाताओं को जागरूक करने यह अनूठा पहल किया गया। जिसके तहत 20 पंचायतों से 30 बैलगाड़ियों को मतदाता जागरूकता संबंधी रंग बिरंगी सज्जा के साथ प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा। इस रैली में बैलों के ऊपर लिखे गए स्लोगन, नारे स्वीप के बजाते हुए जागरूकता गीत और छत्तीसगढ़ महतारी की भेष में नारी शक्ति, सुआ नृत्य, राउत नाचा आदि आकर्षण का केंद्र रहा। कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने इस आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर जनपद सीईओ कुमार सिंह लहरे ने धनतेरस पर्व की सबको शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 17 नवंबर को भी लोकतंत्र का त्यौहार है। यह पर्व पांच साल बाद आता है। इसलिए इसे बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उनका यह विश्वास है कि मतदान का प्रतिशत इस वर्ष अवश्य बढ़ेगा। नगर पालिका आरंग के मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने सबको प्रेरित करते हुए कहा कि बूंद-बूंद से सागर बनता है और एक-एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। जब व्यक्ति अकेला है, तो मतदाता है। शत-प्रतिशत मतदान में वह किसी का भाग्य विधाता भी है। स्वीप प्रभारी शिक्षकगण महेंद्र कुमार पटेल, अरविंद कुमार वैष्णव, सीमा भांडेकर ने कार्यक्रम के रोचक संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के संयोजन में विशेष योगदान कार्यक्रम प्रभारी अनिल चंद्राकर व जनपद पंचायत के समस्त स्टाफ, विभिन्न पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक की सहभागिता रही।

साज सज्जा और उत्कृष्ट संदेश प्रदर्शन के लिए गोइंदा की टीम अव्वल, संडी द्वितीय और पारागांव की बैलगाड़ी तृतीय स्थान पर रही।सभी बैलगाड़ी रैली में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।इस अवसर पर शिक्षा विभाग नोडल प्राचार्य सरोजिनी केरकट्टा, हरीश शर्मा, यशोदा योगी, लोकेश्वर साहू, हरमन बघेल, हंसराज जलक्षत्री, चेतन चौहान आदि एवं संस्था प्रमुख व्याख्याता गण एवं जनपद पंचायत से धर्मेंद्र नायक, मुकेश वर्मा, अतुल चंद्राकर, अंजू निषाद, काजल श्रीवास, स्मिता सेन, आरती वर्मा, पूजा साहू, रुचिका साहू, मोनिका यादव, नीलम खरे, बाबूलाल ढिढ़ी, नरेश यादव, रामाधार यादव, नंदू नारंग, अशोक मिश्रा, योगेंद्र चंद्राकर, पी एल मिरी, गोवर्धन साहू गोपाल चंद्राकर, कल्याण डेहरिया, खिलावन प्रसाद ध्रुव, निल साहू, लक्ष्मी मनहरे, सुषमा नागरची, सोमेश चंद्राकर, टिकेश साहू, कौशल बंजारे, तुलेश बंजारे अंकित चंद्राकर, ओ पी साहू, लखेश्वर मन्हरे ,अनुज बांधे, अश्वनी साहू, प्रवीण निषाद, दिनेश धुरंधर, दुष्यंत चंद्राकर, डागेश्वर चंद्राकर, बिहारी साहू, मनीष वर्मा, सरपंच गण महेश साहू ,संतोष साहू आदि एवं आम मतदाताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**नारा लगाकर छात्रों ने मतदान करने की अपील की**

**बिलाईगढ़,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल श्री हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सारंगढ़ ने छात्रों द्वारा नगर भ्रमण कर मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष सहयोग रहा। छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न स्लोगन के माध्यम से आम नागरिकों से मतदान हेतु अपील की। इस अवसर पर सारंगढ़ जनपद पंचायत सीईओ संजू पटेल, विद्यालय के स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।

## एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों द्वारा मतदाता कर सकेंगे मतदान

गरियाबंद, 10 नवंबर (देशबन्धु)। मतदान केंद्रों में मतदाता मतदान करने में हेतु एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर सकते है। भारत निर्वाचन आयोग में इसकी सुविधा प्रदान की है। जिसके तहत मतदाता पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक नि:शक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

# अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वाले शराब कोचिया गिरफ्तार

**पलारी,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 09.11.2023 को थाना पलारी से सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंह के नेतृत्व में आरक्षक की पुलिस टीम द्वारा ग्राम अमेरा



के केशला खार में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 12,000 कीमत मूल्य का कुल 60 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी राहुल ध्रुव निवासी अमेरा के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 514/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित एवं कार्य के प्रति उदासीन 18 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**गरियाबंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर पर समस्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्र. 01, मतदान अधिकारी क्र. 2, मतदान अधिकारी क्र. 03 का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित महाविद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर 17 एवं कार्य के प्रति उदासीनता बरतने पर एक कर्मचारी, इस प्रकार कुल 18 अधिकारी - कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें तीन पीठासीन अधिकारी, दो मतदान अधिकारी क्रमांक-01, एक मतदान अधिकारी क्रमांक - 02 एवं एक मतदान अधिकारी क्रमांक - 03, चार सहायक ग्रेड - 03 एवं सात भृत्य शामिल है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि पीठासीन अधिकारी प्रधान पाठक हलधर यादव द्वारा कार्य के प्रति अपनी उदासीनता/अरूचि प्रदर्शित किये जाने एवं कार्य के संबंध में आवश्यक जानकारी पूछने पर लापरवाही पूर्वक जवाब देते हुए पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 कर्मचारी बिना कोई पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए है। संतोष जनक जवाब प्राप्त न होने की स्थिति में सभी अधिकारी - कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु आयोग को प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। इन 17 कर्मचारियों में प्रेमलाल वर्मा शिक्षक (एलबी), नारायण यादव व्याख्याता वर्ग - 02, देवानंद साहू सहायक शिक्षक (एलबी), धनेश्वर देवदास सहायक ग्रेड - 03, श्री मनराखन लाल बंध्वारे प्रधानपाठक, गोरखनाथ यादव प्रधानपाठक, ज्ञानेन्द्र साहू सहायक ग्रेड - 03, दीपक गायकवाड़ सहायक ग्रेड - 03, महेन्द्र कुमार बघेल सहायक ग्रेड - 03, रजनीश रामटेके सहायक ग्रेड - 03, खेमसिंह ध्रुव भृत्य, बिशाल राम वर्मा भृत्य, गणेश पैकरा भृत्य, बेल कुमार सेन भृत्य, कमल प्रसाद तिवारी भृत्य, देवेन्द्र कुमार यादव भृत्य एवं गोर्वधन लाल ध्रुव भृत्य शामिल है।

# रंक से राजा बनने कुरूद विधानसभा में लड़ रहे हैं कई लोग चुनाव

**छत्तीसगढ़ के हाई प्रोफाइल है कुरूद विधानसभा क्षेत्र**

**मगरलोड**, 10 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला के कुरूद विधानसभा क्षेत्र की चुनाव सरगर्मी दिनों दिन बढ़ रही है यहां की जनता जनार्दन भी अब सुलझे हुए हैं पिछले चुनाव में भाजपा के कद्दावर नेता कुरूद विधायक एवम पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर को भारतीय जनता पार्टी ने पुन-विश्वास जताते हुए विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा कुरूद को अपनी झोली में पुन: बरकरार रखने के लिए अजय चंद्राकर को टिकट प्रदान किया है और भाजपा को उम्मीद है की पुन: कुरूद विधानसभा में जीत मिलेगी वही कांग्रेस के कद्दावर नेता नीलम चंद्राकर की धर्मपत्नी वर्तमान जिला पंचायत सदस्य सभापति श्रीमती तारिणी चंद्राकर को कांग्रेस ने विश्वास जताते हुए टिकट प्रदान किया है और कांग्रेस को भी उम्मीद है कि अब की बार कुरूद कांग्रेस की झोली में आएगी दोनों पार्टी के साथ कई पार्टी के एवं निर्दलीय उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत को लेकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार लोगों के साथ जनसंपर्क भी कर रहे हैं।

आम जानताओ ने पार्टी उम्मीदवारों की भावनाओं को टटोलना शुरू कर दिया है पिछले कई चुनाव से सबक लेकर आम मतदाता यह मानने लगे हैं कि यहां से चुनाव लड़ने वाले जनप्रतिनिधि पहले तो बहुत ही आर्थिक स्थिति में कमजोर रहते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद रंक से राजा बनने के लिए अथाह भ्रष्टाचार में डूब जाते हैं अपने अपने रिश्तेदारों सगे संबंधियों के नाम पर अकूत संपत्तियां अर्जित करने बेताब रहते हैं भ्रष्टाचार का बोलबाला इतना आसमान छूने लगता है जिससे आम जनता को सोचने पर विवश कर देता है साम दाम दंड भेद की नीति अपनाकर आखिर इतनी अरबों के संपत्ति इन जनप्रतिनिधियों के पास कैसे बनते हैं चारों ओर भय आतंक लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर अकूत अवैध धन की कमाई में लग जाते हैं अरबों की आसामी बनने के बाद भी भ्रष्टाचार में डूबी जनप्रतिनिधियों पर सीबीआई ईडी इनकम टैक्स आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो विभाग निष्पक्ष जांच ना कर चुपचाप मूकदर्शक बने रहते हैं जिससे आम जनताओ को सोचने पर विवश कर देते हैं।

जनता द्वारा जनता के हित में कार्य करने के लिए लोग अपना बहुमूल्य वोट देते हैं लेकिन यहां तो गरीबों के आसियानों पर डाका डालने शासकीय जमीनों की बंदरबाट भू माफिया काला धन सरकारी योजनाओं की बंदरबाट अवैध संपत्ति अर्जित करने में लग जाते हैं। जिससे मतदाताओं में नाराजगी होना लाजमी है।

ऐसे हम बात करें तो धमतरी जिला के कुरूद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कांग्रेस का मुख्य मुकाबला है और जनता किस करवट पर किस उम्मीदवार को भाप कर वोट देगी यह वक्त ही बताएगा कुरूद विधानसभा की जनताओ नेक इरादे, जानताओ के दिल से सच्चे हितैषी बनने वाले को अपना अपना बहुमूल्य वोट देने

# स्वीप बाइक रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान का दिया सन्देश

**गरियाबंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। नगर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, कॉलेज के विद्यार्थियों एवं अधिकारी - कर्मचारियों सहित आमजनों ने भाग लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। बाइक रैली में गरियाबंद जिले के मतदाताओं द्वारा अपने-अपने मोटर सायकल में जागरूकता संदेश लेकर बाइक में बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स लगाकर शहर के देवभोग रोड स्थित पुलिस



लाईन से शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय तक बाइक रैली निकाला गया। रैली में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने भी शामिल होकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। बाइक रैली में शामिल युवाओं द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज पहुंचकर मतदान का संकल्प लिया गया। रैली में शामिल सभी लोगों ने स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# भटगांव में बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**भटगावं/बलौदाबाजार,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को श्री प्रेम भुवन प्रताप सिंह शा. उ. मा.विद्यालय भटगांव के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली पूरे भटगांव नगर में निकाली गई। जिसका मुख्य उद्देश्य सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला में सत प्रतिशत मतदान हो साथ ही साथ देश में लोकतंत्र की भावना मजबूत हो इसका भी लक्ष्य रखा गया था। इसी कड़ी में स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम भी रखी गई थी।



रैली में मुख्य रूप से सेजेस भटगांव के प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज, प्रथम पाली के प्रभारी कु. चिन्मयी तृप्ति मिश्रा, कु.कौशल्या पटेल, मयंक मोहन, एस के पटेल, अवधेश सोनवानी, अजय नारंग, रचना तंबोली, हंसा पटेल, निशा राठौर, सेवंती पटनायक, ज्योति नारंग, जयसवाल, सोनू कोशले, मयंक मोहन, करियारी, श्याम लाल जयसवाल, सैलेंड्री जयसवाल ,ललिता जयसवाल, लक्ष्मी कांत बारेठ, प्रगति पटेल, पृथु तिवारी, लक्ष्मी टेथवार, प्यारेलाल सुमन, अजय दिनकर एवं पत्रकार गणों का भी प्रमुख सहयोग प्राप्त रहा। साथ ही साथ नगर वासियों में चुनाव के प्रति उत्साह देखने को मिली।

# खाद्य दुकानों की हुई जांच

**खाद्य पदार्थों में सफाई व्यवस्था, गुणवत्ता और अमानक खाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने के दिये निर्देश**

**धमतरी,** 10 नवम्बर (देशबन्धु)। दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अक्षय कुमार सोनी, फनेश्वर पिथौरा एवं गिरजा शंकर वर्मा नमूना सहायक द्वारा जिले के कुरूद, मगरलोड एवं नगरी विकासखण्ड के संचालित खाद्य दुकानों/प्रतिष्ठानों रमन स्वीट्स धमतरी, जतिन ट्रेडिंग धमतरी, प्रथम फुड्स शांति कॉलोनी धमतरी, गौरी शंकर ट्रेडिंग कंपनी धमतरी, महा नागणेशी बिकानेर स्वीट्स एण्ड बेकरी कुरूद, राज मिष्ठान भण्डार कुरूद, कृष्णा स्वीट्स कुरूद नमन बेकरी एण्ड किराना स्टोर्स मगरलोड, राठी किराना



स्टोर्स बस स्टैण्ड मेघा, निषाद किराना मेघा, महेन्द्र किराना स्टोर्स बोड़रा (मगरलोड) का निरीक्षण कर जांच हेतु बेसन लड्डू, कुंदा, मीठा मावा, नमकीन सेव, आटा, शक्कर, घी, धनिया पावडर, सोया बड़ी का नमूना संग्रहण कर परीक्षण/जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया।

महेन्द्र किराना स्टोर्स बोड़ा का आटा मिथ्या छाप पाया गया व बिना वैध खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार करते पाये गये। इस दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किये जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग, मिठाईयों एवं नमकीन बनाने में प्रयोग करने, किसी भी निर्मित मिठाईयों या खाद्य पदार्थों में अमानक खाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर ऐसे खाद्य पदार्थों, जिसमें निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि अंकित नहीं हो विक्रय नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया है। ग्राहकों को साफ-सफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच परखकर, खाद्य पदार्थों का अवसान तिथी, खाद्य लायसेंस / पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों का क्रय करने हेतु अपील किया गया।

# होम वोटिंग सुविधा से बुजुर्गों एवं दिव्यांगों ने किया मतदान

**महासमुंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के होम वोटिंग की नई सुविधा मिलने पर महासमुंद जिले के 80 वर्ष से अधिक के आयु के बुजुर्गों तथा चलने.फिरने में असमर्थ दिव्यांगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी का सपना साकार किया है। इस नई व्यवस्था के तहत जिले के 350 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गयी थी। शुक्रवार की सुबह 08 बजे से रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतदान दलों को रवाना किया गया। सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार ने नयापारा स्थित 85 वर्षीय शहजादी बेगम के घर जाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने होम वोटिंग की सुविधा का निरीक्षण किया। वहीं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने भी स्थानीय वार्ड नम्बर 20 महासमुंद में जाकर 80 वर्षीय वरिष्ठजन भवन लाल जैन से मिलकर होम वोटिंग का जायजा लिया। होम वोटिंग के दौरान सरायपाली विकासखंड अंतर्गत श्रीमती लक्ष्मी पटेल 81 वर्ष, जागसाय पटेल 82 वर्ष, श्रीमती कौशिल्या देवी अग्रवाल 90 वर्ष, तथा बसना विकासखंड अंतर्गत श्रीमती सुंदर मोती निषाद 90 वर्ष, डॉण् सुरीत कश्यप 86 वर्ष, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत भातकुंदा की श्रीमती सुनाई पटेल 85 वर्ष, झिलमिला की श्रीमती मालती बाई 81 वर्ष, महासमुंद निवासी कुंज लाल साहू एवं मेमरा की दिव्यांग सीता बाई निषाद 35 वर्ष जैसे अनेक वरिष्ठजनों और दिव्यांगों ने उत्साहित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान नहीं की जाती तो इस समय उनके लिए अपने शारीरिक अस्वस्थता के चलते मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान करना बिलकुल भी असंभव था। सभी ने उनके जैसे अनेक बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को उनके घरों पर ही मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के इस होम वोटिंग की नई व्यवस्था की प्रशंसा की। सरायपाली की 90 वर्षीय श्रीमती कौशिल्या देवी अग्रवाल ने होम वोटिंग कर उत्साहित होकर कहा कि उनके वृद्धावस्था एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण उनके लिए मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करना बिल्कुल भी संभव नहीं था।



लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण आज उसे अपने घर में ही मतदान करने का अवसर मिला है। अपने मताधिकार का प्रयोग करने से अब मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाने की कमी नहीं खलेगी। भारत निर्वाचन आयोग की इस नई व्यवस्था की बसना की 90 वर्षीय श्रीमती सुंदरमोती निषाद ने सराहना करते हुए कहा कि आज उसे अपने घर में ही मताधिकार का सुविधा मिलना उनके लिए किसी सपने का साकार होने जैसा है। उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि अपने इस उम्र के इस प ?ाव एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण इस बार उसे मतदान करने का सौभाग्य भी प्राप्त होगा। लेकिन आज भारत निर्वाचन आयोग के इस व्यवस्था के कारण उसे आज अपने घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम मेमरा की 35 वर्षीय दिव्यांग सीता बाई निषाद ने भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग की सुविधा की प्रशंसा करते हुए बताया कि दिव्यांग होने के कारण अपने शारीरिक परेशानियों के चलते मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग नही कर पाते थे। इसके लिए उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग को विनम्र आभार व्यक्त किया। उनके अलावा अन्य मतदाताओं ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण उनके जैसे अनेक दिव्यांगों के अलावा चलने.फिरने में असमर्थ बुजुर्गों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। वास्तव में यह व्यवस्था देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में और मतदान प्रतिशत ब ?ाने में कारगर साबित होगा। होम वोटिंग हेतु विधानसभा क्षेत्र महासमुंद.42 के लिए 04 रूट, खल्लारी.41 के लिए 12 रूट, बसना.40 के लिए 13 रूट व सरायपाली.39 के लिए 12 रूट निर्धारित किए गए है। छूटे हुए मतदाता 11 नवम्बर को सुबह 8 बजे शाम 5 बजे तक होम वोटिंग कर सकते हैं।

## मतदान के दिन कारखानों में अवकाश दिए जाने संबंधी आदेश जारी

**महासमुंद,** 10 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान के दिन कारखानों में अवकाश दिये जाने संबंधी आदेश श्रम विभाग से जारी किया गया है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि कारखाना अधिनियम तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के अन्तर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापनाओं में कार्यरत् उन श्रमिक, कर्मचारियों के लिए विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की नियत तिथि द्वितीय चरण शुक्रवार 17 नवम्बर को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में अवकाश घोषित किया गया है। मतदान दिवस में ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिये मतदान समाप्ति के पूर्व 02.02 घंटे का अवकाश घोषित किये जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अन्तर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी.बारी से मतदान करने की सुविधा प्रदान किया जाना है। उपरोक्त मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिक अथवा कर्मचारी चाहे वे दैनिक वेतन भोगी, आकस्मिक श्रमिक हो उनको प्रदान किया जाएगा।